www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक -356 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मुश्किल हालातों से गुजर रहा देश : महबूबा 02
■ दवाओं की खरीद के लिए तय बजट की आधी...
■ ईडी ने केजरीवाल के फोन को अनलॉक करने के... 03
■ पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों में डर...
■ बाइडेन ने नॉर्थ डकोटा डेमोक्रेटिक प्राइमरी में हासिल... 07
यह विचारधारा की लड़ाई है, दो परिवार के बीच नहीं 10

## दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष ने दिखाई एकजुटता



# यह देश व संविधान बचाने का चुनाव : राहुल

## 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैच फिक्सिंग करके जीतना चाह रहे मोदी

■ इकरार खान

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' आयोजित हुई। लोकसभा चुनाव से पहले आयोजित हुई इस विशाल महारैली में उमड़ी लाखों की भीड़ के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन से जुड़ी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। महारैली में उमड़ी भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। रामलीला मैदान लोगों से खचाखच भरा हुआ था और लोगों का जोश सातवें आसमान पर था। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन की ओर से पांच सूत्रीय मांगें भी देश के सामने रखीं। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव देश, संविधान व जनता के हक बचाने का चुनाव है। अपने जोरदार संबोधन में राहुल गांधी ने भी मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। लेकिन बिना ईवीएम, बिना मैच फिक्सिंग के भाजपा 180 सीटें भी पार नहीं कर सकती है। मोदी चाहते हैं कि विपक्ष चुनाव न लड़ पाए। कांग्रेस पार्टी के सभी बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। नेताओं को धमकाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। पैसे देकर सरकारें गिराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव आयोग में अपने लोग बैठाए हैं। न्यायपालिका पर दबाव डाला जा रहा है। ये सब इसलिए कि मैच फिक्स हो, संविधान रद्द किया जाए और नरेंद्र मोदी सत्ता में रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के चंद उद्योगपतियों के साथ मिलकर मैच फिक्सिंग करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते, वे तानाशाही की विचारधारा के हैं। प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ चंद अमीरों का विकास चाहते हैं। आज लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। देश की जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर नेताओं और राजनीतिक दलों को डराया जा रहा है। भाजपा ने नेताओं को डरा-धमकाकर, खरीदकर सरकार बनाई।

### प्रियंका ने रखी पांच सूत्रीय मांग

- भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।
- विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई द्वारा की जाने वाली बलपूर्वक कार्रवाई को रोकना चाहिए।
- हेमंत सोरेन एवं अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जाए।
- विपक्ष के राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए।
- इलेक्टोरल बॉन्ड की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक एसआईटी गठित हो।

### गठबंधन के सभी बड़े नेता रहे मौजूद

इंडिया गठबंधन की इस रैली में सोनिया गांधी, शरद पवार, मुख्यमंत्री भगवंत मान, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव, सीताराम येचुरी, फारूक अब्दुल्ला, डी राजा, दीपांकर भट्टाचार्य, महबूबा मुफ्ती, डेरेक ओ ब्रायन, कल्पना सोरेन, तिरुचि शिवा, सुनीता केजरीवाल, देवराजा, थिरु थोल, खुर्रम अनीस उमर समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

**भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। लेकिन बिना ईवीएम, बिना मैच फिक्सिंग के भाजपा 180 सीटें भी पार नहीं कर सकती है : राहुल गांधी, कांग्रेस**

**इंडिया गठबंधन के नेता देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**विपक्ष के नेताओं को जेलों में डाला जाना प्रजातंत्र पर हमला है। हम लोगों को लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी: शरद पवार, एनसीपी**

**संविधान को बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है। इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा है जिसके खिलाफ सभी को मतदान करना है : फारुक अब्दुल्ला, नेशनल कांफ्रेंस**

**मोदी सरकार गरीबों को अनदेखा कर रही है और कुछ लोगों को लाभ पहुंच रही है। देश को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी है: उद्धव ठाकरे, शिवसेना(यूबीटी)**

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का मिला नया नोटिस

**दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था**

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस को आयकर विभाग ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की मांग की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है। 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि ढ्ढञ्ज विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है। कांग्रेस को 2 दिन पहले यानी 29 मार्च को ही शुक्रवार को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने कहा गया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नेता विवेक तन्खा ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा- पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ रुपए के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद। लेकिन ये याद रखें, भारतीय मतदाताओं ने कभी भी निरंकुश आचरण का समर्थन नहीं किया है।



रमजान मुबारक
1 अप्रैल-21
खत्म सहरी : 4.51
रोजा इफतार : 6.42

# लालकृष्ण आडवाणी 'भारत रत्न' से सम्मानित

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घर जाकर दिया सम्मान ■ प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति धनकड़ रहे मौजूद

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव व चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन



और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए सम्मान उनके बेटे पीवी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया। चौधरी चरण सिंह के लिए उनके पोते और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान स्वीकार किया। वहीं, स्वामीनाथन की ओर से उनकी बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर की ओर से उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह पुरस्कार लिया।

#### पाकिस्तान के कराची में हुआ था जन्म

आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे।

## मेरठ में विपक्ष पर मोदी ने साधा निशाना

# भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई मोदी की गारंटी

**मेरठ,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि देश कांग्रेस और उसके साथियों के रवैए की कीमत आजतक चुका रहा है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वो सम्मान नहीं दिया, जिसके वो वास्तव में हकदार थे। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मेरठ में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई शुरू हुई है। हमने सुनिश्चित किया है कि गरीब का पैसा बीच में कोई और न हड़प पाए। हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए हैं। पहले ऐसी सरकार थी, जिसका जन्म नहीं हुआ, ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे, ऐसे 10 करोड़ नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा



**भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा, जरूर होगा**

करके हमने देशवासियों के 2.75 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं।

#### भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से कुछ लोग बौखलाए

उन्होंने कहा, मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं। इससे कुछ लोग बौखलाए हुए हैं, वो अपना आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है।

■ चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह को किया संबोधित

जब मोदी पूरी ताकत से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने मिलकर इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक से जमानत नहीं मिल रही है। कई भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, आपने टीवी पर देखा होगा, कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा... मेरी गारंटी है, इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है, उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गए थे, उन्हें वापस लौटा दिया।

## सार संक्षेप

### भाजपा ने भीलवाड़ा से दामोदर अग्रवाल को बनाया प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान की भीलवाड़ा लोकसभा सीट से दामोदर अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी की रविवार को यहां जारी नौवीं सूची में केवल एक ही नाम घोषित किया गया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने भीलवाड़ा से श्री अग्रवाल को उम्मीदवार बनाने की स्वीकृति दी है।

### मणिपुर के पूर्व मंत्री हेमचंद्र सिंह ने कांग्रेस छोड़ी



**इम्फाल।** चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस को झटका देते हुए मणिपुर के पूर्व मंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इरेंगबाम हेमचंद्र सिंह ने छोड़ दी। सिंगजामेई से पांच बार विधायक रहे 59 वर्षीय हेमचंद्र सिंह ने राज्य कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सिंह को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा कि वह पार्टी में विश्वास की पूर्णतया कमी के बारे में बताना चाहते हैं।

### भारत, अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं की द्विपक्षीय 'मानवीय सहायता एवं आपदा राहत' (एचएडीआर) उभयचर अभ्यास 'टाइगर ट्रायंफ 2024' अमेरिका के समरसेट में संपन्न हुआ।

## मौसम में दिख रहा अजब बदलाव

# मैदान में तेजी से बढ़ा पारा, पहाड़ पर बर्फबारी



**हिमाचल प्रदेश में में बर्फबारी से 168 सड़कें बंद**

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। देश भर में इन दिनों मौसम में अजब बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है, तो वही दिल्ली समेत उत्तर भारत में उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। वहीं पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में बारिश हो रही है।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में आंधी-तूफान का अलर्ट भी जारी किया गया है।

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में दो-तीन दिनों से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार को बारिश के बाद कल दिल्ली में तापमान जरूर कम हुआ, लेकिन उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। आज भी दिल्ली में न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिल्ली के आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले और जनजातीय इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई, जबकि निचले और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में रुक-रुक कर ओलावृष्टि और बारिश हुई। भारी बर्फबारी के बाद मनाली के पास रोहतांग में अटल सुरंग में यातायात रोक दिया गया है। राज्य में तीन नैशनल हाइवे समेत कुल 168 सड़कें शुक्रवार रात यातायात के लिए बंद रहीं।

# 'आकाश मिसाइल प्रणाली' का सफल परीक्षण

■ सतह से हवा में मार करने में सक्षम
■ डीआरडीओ ने किया है इसका निर्माण



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार को 31 मार्च को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है।

आत्मनिर्भर भारत पहल को बढावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन(डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया था। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल डीआरडीओ द्वारा निर्मित एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित किया गया था, जिसमें नाग, अग्नि और त्रिशूल मिसाइल और पृथ्वी बैलिस्टिक मिसाइल का विकास भी शामिल था।

# किसान की बेटी मैट्रिक परीक्षा के टॉपरों में

■ बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट किया जारी

**पटना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया। बोर्ड ने इस बार 51 टॉपरों की सूची जारी की है। इसमें गोपालगंज के एक किसान की बेटी फातिमा नेसार भी शामिल है। उसने कुल 482 अंक लाकर पूरे प्रदेश में सातवां रैंक हासिल किया है। थावे प्रखंड के मीरअलीपुर गांव निवासी नेसार अहमद की बेटी फातिमा डीएवी हाईस्कूल की छात्रा है। वह शुरू से ही पढ़ाई में अच्छी थी। मां आमना खातून ने बताया कि उनकी पांच बेटियां हैं। मंझली बेटी फातिमा की प्रतिभा को देखते हुए स्कूल के शिक्षकों ने पहले ही अच्छे अंक से बोर्ड परीक्षा पास होने की बात कही थी। रविवार को जब बिहार बोर्ड ने रिजल्ट जारी किया तो फातिमा और उसके परिवार के सदस्य रिजल्ट देखकर खुशी से झूम उठे।

**चुनाव** *आयोग ने चुनाव प्रचार को लेकर चेताया*

# चुनाव आयोग ने नकदी रखने की सीमा तय की

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद देशभर में चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। सभी दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने वाले स्टार प्रचारकों की भी सूची जारी की है। इस बीच चुनाव आयोग ने भी ये तय कर दिया है कि स्टार प्रचारकों के पास 1 लाख से अधिक कैश नहीं होना चाहिए।

भाजपा के स्टार प्रचारक हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा, उसी तरह टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव जैसे अलग-अलग पार्टियों इन के स्टार प्रचारकों का चुनावी अभियान शुरू हो चुका है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने तय किया है कि कोई भी स्टार प्रचारक अपने जेब में एक लाख रुपए तक रख




सकता है। चुनाव आयोग के मुताबिक, किसी भी पार्टी का प्रत्याशी अपनी जेब में 50 हजार और उसका प्रचार करने आए स्टार प्रचारक एक लाख से ज्यादा की रकम अपने जेब में नहीं रख सकता. ।अगर निर्धारित रकम से ज्यादा रकम की बरामदगी होती है तो रकम तो जब्त कर ही लिया जाएगा। साथ में उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग ने इसके साथ यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रत्याशी अपने रोजाना के खर्चे के लिए एक अलग से रजिस्टर रखेंगे और उसका पूरा ब्यौरा हर रोज चुनाव आयोग को भेजेंगे। इस रजिस्टर में प्रत्याशी कब कहां और कितनी रैली किए और उसमें कितना खर्च हुआ, इसका पूरा हिसाब तो रखेंगे साथ ही उसकी पूरी वीडियो रिकार्डिंग भी कराएंगे. रोजाना फूल माला, खानपान, ढोल, डांस पार्टी, वाहन आदि का रेट भी चुनाव आयोग द्वारा तय दरों के हिसाब से ही देना होगा।

■ स्टार प्रचारकों की जेब में एक लाख से अधिक राशि न हो
■ प्रत्याशी अपने के खर्चे के लिए एक अलग से रजिस्टर रखेंगे

# देश

**उवाच** "आम चुनावों की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर एक मौजूदा विपक्षी मुख्यमंत्री को एक लचीली केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया जाना लोकतंत्र पर एक धब्बा है। गिरफ्तारी स्पष्ट रूप से चुनाव से जुड़ी हुई है।

–उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 21.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 27.0 |

# मुश्किल हालातों से गुजर रहा देश : महबूबा

- केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में विपक्षी नेताओं ने रामलीला मैदान में किया शक्ति प्रदर्शन
- विपक्ष के इंडिया गठबंधन की रैली में भाजपा सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को रामलीला मैदान में विपक्ष के इंडिया गठबंधन की रैली में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। महबूबा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार की आलोचना की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि देश मुश्किल हालातों से गुजर रहा है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को बिना किसी जांच के जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने इसे कलयुग का अमृत काल करार दिया।

महबूबा ने कहा कि मैं उमर खालिद, सिद्दीकी कप्पन या मोहम्मद जुबैर के बारे में बात नहीं कर रही हूं। मैं जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों के बारे में बात कर रही हूं। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात नहीं है। अनुच्छेद 370 के हटाने पर मुझे, फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, तीनों पूर्व मुख्यमंत्री को नजरबंद कर दिया गया। जो कानून का उल्लंघन करता है वह देशद्रोही होता है। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में विपक्षी नेताओं ने रविवार को राजधानी के रामलीला मैदान में शक्ति प्रदर्शन किया। मुफ्ती ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों में कट्टरता पैदा की है और उनके हाथ में लाठियां थमा दी है। नेशनल कांफ्रेंस के फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि संविधान को बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है। इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा है जिसके खिलाफ सभी को मतदान करना है। उन्होंने इस हुकूमत को हराने के लिए मतदान करने के लिए लोगों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने मजबूती के साथ इंडिया समूह के साथ हैं।



जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को बिना किसी जांच के जेल में डाला जा रहा है यह कलयुग का अमृत काल : महबूबा मुफ्ती

**देश को बर्बाद करने वाली ताकतों को हराना है : सीताराम येचुरी**

सीपीआई–एम महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि आजादी की पुकार अब गूंज रही है। हमारे संविधान और गणतंत्र की रक्षा करना हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक है। हम यह आजादी हासिल करेंगे। येचुरी ने कहा कि भारत की राजनीति में एक नई उर्जा यहां दिखाई दे रहा है जो तानाशाही को हराएगा। देश को बर्बाद करने वाली ताकतों को हराना है। अगर हमें गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी से मुक्ति पाना है तो मोदी सरकार को हराना होगा। इंडिया समूह को जिताना है और सांप्रदायिक ताकतों को हराना है। डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के संघर्ष में उनकी पार्टी साथ है। तृणमूल कांग्रेस की नेता सागारिका घोष ने कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह से इंडिया समूह के साथ है। यह लड़ाई सिर्फ दिल्ली की नहीं बल्क पूरे देश की लड़ाई है। तानाशाही के खिलाफ लड़ाई है। मोदी की झूठे गारंटी के खिलाफ लड़ाई है। एक नेता केंद्रित राजनीति देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। मोदी सरकार राज्यों की खासियत को स्वीकार नहीं करती है। उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आमदनी सिर्फ 10 फीसदी लोगों के हाथ में है। पचास फीसदी लोगों के पास सिर्फ तीन फीसदी आमदनी है। यह है भयंकर असमानता। तानाशाही के खिलाफ लोकशाही का चुनाव है।

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन न झुका है न झुकेगा। हेमंत सोरेन को जिस नाम पर गिरफ्तार किया गया है उसमें उनका नाम नहीं है। भाजपा जैसी तानाशाही सरकार किसी भी हाल में पनपने नहीं देंगे। हम लोग घबराने वाले नहीं है।

## ईडी, सीबीआई से डराकर भाजपा ने सबसे ज्यादा चंदा वसूला : अखिलेश

इंडिया गठबंधन की 'महारैली' को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ईडी, सीबीआई से डराकर सबसे ज्यादा चंदा वसूलने का काम अगर किसी ने किया है तो वो भाजपा ने किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये ऐलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। आज हम दिल्ली आए हैं। सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं। दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा–हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं। ये लोग (भाजपा) जो 400 पार का नारा दे रहे हैं, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है। मैं तो उस उत्तर प्रदेश से आता हूं जहां के लोगों ने भाजपा को मौका दिया और उनका स्वागत किया लेकिन याद रहे कि उत्तर प्रदेश के लोग जो स्वागत करते हैं वो धूम–धाम से विदाई भी करते हैं। आपने चुने हुए लोगों और मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया। जिस लोकतंत्र के लिए दुनिया में भारत का सम्मान होता था, आज उसी भारत की दुनिया में किसी ने सबसे ज्यादा थूं–थूं करवाई है तो वो भाजपा के लोगों ने करवाई है। इनके 10 साल का कार्यकाल आप देखोगे तो ये ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी है। ये 400 पार नहीं 400 हारने जा रहे हैं।



# भाजपा ने देवाशीष धर को बीरभूम लोकसभा सीट से बनाया उम्मीदवार

**कोलकाता,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी देवाशीष धर को पश्चिम बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। धर 2008 बैक के आईपीएस अधिकारी थे और उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान पूर्वोत्तर में उग्रवादी संगठनों में खौफ कायम कर रखा था। इस दौरान, उन्होंने कई भूमिगत उग्रवादी सरगनाओं को गिरफ्तार किया था। भाजपा ने राज्य के आदिवासी बहुल जिले जंगलमहल के सरकारी अस्पताल के पूर्व चिकित्सक डॉ. प्रणत टुडू को झारग्राम से चुनाव मैदान में उतारा है। टुडू ने भी हाल ही में झारग्राम मेडिकल अस्पताल में सरकारी नौकरी छोड़ दी है और निजी तौर पर प्रैक्टिस कर रहे हैं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान कूच बिहार जिले के पुलिस अधीक्षक रहे धर एक आधिकारिक बयान देने के बाद सुर्खियों में आए थे। उन्होंने बयान में कहा था कि आक्रोशित भीड़ द्वारा सीतलकुची में एक मतदान केंद्र में तोड़फोड़ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पर हमला किए जाने के बाद जवानों को गोलियां चलानी पड़ी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। धर ने कहा कि वह बड़ी संख्या में लोगों की सेवा करने के लिए पार्टी में शामिल हुए हैं। जहां धार को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की तीन बार की सांसद शताब्दी रॉय के खिलाफ खड़ा किया गया है, वहीं टुडू को संथाली लेखक एवं पद्म श्री पुरस्कार विजेता कालीपद सोरेन के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से अब तक 40 पर उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने दो सीटों डायमंड हार्बर और आसनसोल के लिए अब तक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है।



- देवाशीष धर का तृणमूल कांग्रेस शताब्दी रॉय से है मुकाबला

## ओडिशा में शेष तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा के शेष तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने कटक लोकसभा सीट के लिए भर्तुहरि महताब के नाम की घोषणा की, जाजपुर संसदीय क्षेत्र से रबींद्र कुमार बेहरा और कंधमाल लोकसभा सीट से सुकांत कुमार पाणिग्रही को उम्मीदवार बनाया। इसके साथ ही भाजपा ने ओडिशा की सभी 21 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल ने 15 लोकसभा सीटों के लिए नामों की घोषणा कर दी है।

## सार संक्षेप

### भाकपा ने चार उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की

**रांची।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने झारखंड के चार लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पलामू (अजस), अभय भुइंया, लोहरदगा (अजजा सु) से महेंद्र उरांव, चतरा से अर्जुन कुमार और दुमका (अजजा सु) से राजेश कुमार किस्कू को अपना उम्मीदवार बनाया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में यहां पहली सूची को पार्टी के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार, सुजीत घोष जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने जारी किया है।

### मध्य प्रदेश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कवायद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान जारी है। इसी क्रम में राजधानी में मतदाताओं में जागरुकता के लिए वाहन रैली निकाली गई। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने रविवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सात मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान में सभी नागरिकों से बढ़-चढ़कर मतदान की अपील की।

### युवा नेता अशोक गोदारा ने थामा भाजपा का दामन

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है और रविवार को युवा नेता अशोक गोदारा ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय राहटकर ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर गोदारा को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने के उद्देश्य से भाजपा संगठन ने युवाओं को विशेष रूप से संगठन में जोड़ा है तथा उपयुक्त नेतृत्व दिया है। प्रदेश सह-प्रभारी ने कहा कि युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है।

### जूनागढ़ में भाजपा को मिला नया पार्टी कार्यालय

**अहमदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के गुजरात प्रमुख सी.आर.पाटिल ने रविवार को राज्य के जूनागढ़ में पार्टी के श्री गिरनार कमलम नामक नए स्थानीय कार्यालय का उद्घाटन किया और एक बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में सफलता के लिए बूथ नेताओं का योगदान अपरिहार्य है और पार्टी उनके अथक प्रयासों के कारण चुनाव जीत रही है।

## बीआरएस विधायक कादियाम पुत्री काव्या संग कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद,** 31 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक एवं पूर्व मंत्री कादियाम श्रीहरि ने अपनी बेटी कादियाम काव्या के साथ कांग्रेस में शामिल होकर बीआरएस पार्टी को एक बड़ा झटका दिया। काव्या ने हाल ही में बीआरएस के लोकसभा उम्मीदवार के रूप में नाम वापस ले लिया था। पिता–पुत्री जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर रविवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए, जहां अंगवस्त्र भेंट कर उनका पार्टी में स्वागत किया गया। श्रीहरि ने अपनी बेटी के उस पार्टी से चुनाव लड़ने के प्रति अपनी अनिच्छा व्यक्त की, जिसे हारी हुई मान लिया गया है और जिसके कारण उन्होंने पार्टी बदलने का निर्णय लिया। स्टेशन घनपुर निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं के साथ शनिवार को हुई एक बैठक में उनके कांग्रेस में शामिल होने के फैसले को भारी समर्थन मिला, जिसमें अटकलें लगाई गईं कि सुश्री काव्या वारंगल से चुनाव लड़ सकती हैं। इससे संभावित रूप से सरकार के भीतर श्रीहरि की स्थिति अनुकूल हो सकती है।



- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने किया पार्टी में स्वागत

# कांग्रेस का एक वोट, एक नोट अभियान शुरू

- भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने दुकान मालिकों से मांगा चंदा
- दुकानदारों ने दस रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक दिया चंदा

**भोपाल,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इनकम टैक्स ने कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर कांग्रेस को करोड़ो रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है। इसके विरोध में रविवार को कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन कर जनता से चंदा मांगने का अभियान शुरू किया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेसियों के साथ रोशनपुरा चौराहे पहुंचे और लोगों से एक वोट, एक नोट देने की अपील की। उनके साथ भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने भी दुकान मालिकों से चंदा मांगा। कांग्रेस को दुकानदारों ने 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक चंदा दिया। इस अवसर पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते बीच चुनाव में सीज करने और इंडिया गठबंधन के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक वोट, एक नोट का अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश में चलेगा। देश में तानाशाही सरकार चल रही है।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इनसे डरने वाली नहीं है। हम मौजूदा सरकार की ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स को आगे कर निर्दोष लोगों को डराने की नीति को जनता के बीच लेकर जाएंगे। पटवारी ने कहा कि भाजपा को जनता सबक सीखाएगी। बता दें कांग्रेस चुनाव में अपने अभियान में कांग्रेस के खाते फ्रीज होने और इनकम टैक्स विभाग की तरफ से भेजे गए 1823 करोड़ रुपए के नोटिस को जनता के बीच लेकर जाएगी और मुद्दा बनाएगी। भोपाल संसदीय सीट भाजपा का गढ़ है। इस सीट पर विधानसभा की आठ सीटें आती है, जिनमें से 6 भाजपा और दो कांग्रेस के पास है। भोपाल संसदीय सीट पर 1989 से लगातार भाजपा चुनाव जीतते आ रही है। इस बार भाजपा ने सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काट कर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव है।




देश में तानाशाही सरकार चल रही है कांग्रेस इनसे डरने वाली नहीं है : जीतू पटवारी

## मतपत्र से मतदान की तैयारी में जुटे दिग्विजय सिंह

लोकसभा चुनाव शुरू होते ही ईवीएम का मुद्दा फिर उठने लगा है। मध्य प्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर जोर देने में लगे हुए हैं। रविवार को आगर मालवा के कचनारिया गांव में एक नुक्कड़ सभा के दौरान उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि मतदान मतपत्र के माध्यम से हो इसके लिए वो वो 400 लोगों को नामांकन दाखिल कराने में लगे हुए हैं। इस दौरान भीड़ बैलेट पेपर का शोर होता देख उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव हो तो इसका एक ही रास्ता है। अगर 400 उम्मीदवार नामांकन फॉर्म भरते हैं तो बैलेट पेपर से चुनाव संभव हो पाएगा। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को जमानत राशि जमा करनी होगी 25,000 रुपए, जबकि आरक्षित श्रेणियों के लोगों को 12,500 रुपये जमा करने होंगे। इस तरह राजगढ़ में मतपत्र के माध्यम से चुनाव होंगे।



# अरुणाचल प्रदेश की 50 विधानसभा सीटों के लिए 133 उम्मीदवार चुनावी मैदान में




**ईटानगर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने और 41 उम्मीदवारों के अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद राज्य की शेष 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल मिलाकर 133 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। चुनाव अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख थी। जांच के बाद 174 उम्मीदवारों के कागजात सही पाए गए थे लेकिन नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तक राज्य भर में 41 उम्मीदवार 60 सदस्यीय विधानसभा की दौड़ से हट गए। विधानसभा की 50 अलग–अलग सीटों के लिए चुनाव लड़ने वाले 133 उम्मीदवारों में से 50 भाजपा से, 19 कांग्रेस से और 14 राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) से हैं।

- 14 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी ठोकी ताल

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के 20, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) के 11, अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी (एडीपी) के चार और लोक जन शक्ति पार्टी (पासवान) का एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा, 14 निर्दलीय उम्मीदवार भी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव के नतीजे लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से दो दिन पहले दो जून को घोषित किए जाएंगे।

### 19 अप्रैल को होगा मतदान

अरुणाचल प्रदेश में 11वीं विधानसभा के 60 में से 50 सदस्यों और 18वीं लोकसभा के लिए दो सदस्यों को चुनने के वास्ते 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होने जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र के लिए आठ और अरुणाचल पूर्व संसदीय क्षेत्र के लिए छह उम्मीदवार शामिल हैं।

## गुरुग्राम की 31 बहुमंजिली सोसाइटियों में 52 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे

**गुरुग्राम,** 31 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने रविवार को कहा कि हरियाणा में मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, इसी कड़ी में पहली बार गुरुग्राम के ग्लोबल सिटी में 31 मंजिली सोसाइटी में 52 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। अग्रवाल ने चुनाव व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि गुरुग्राम की ग्लोबल सिटी जैसे समाजों में एक आम धारणा है कि बहुमंजिली इमारतों में रहने वाले संपन्न लोग मतदान में कम रुचि लेते हैं। इसलिए पहली बार सोसाइटी के भीतर मतदान केंद्र स्थापित करने के लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के साथ चर्चा की गई है, ताकि निवासी आसानी से मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 22 सोसाइटियों में अधिकतम 35 चुनाव बूथ स्थापित किए गए हैं, जबकि गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र की 8 सोसायटियों में 16 बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा सोहना विधानसभा क्षेत्र की एक सोसाइटी में एक बूथ लगाया गया है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 1950 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और मतदान से संबंधित आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी भी विभाग को दी जा सकती है।

## जम्मू सीट से जुगल किशोर समेत दो प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**जम्मू,** 31 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष भाजपा प्रत्याशी जुगल किशोर सहित दो ने जम्मू संसदीय सीट से नामांकन भरा। इसमें एक नामांकन निर्दलीय उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह का है। इससे पहले जगदीश राज और चरणजीत चरगोत्रा नामांकन भर चुके हैं, जिससे इस सीट पर अब तक चार उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से रमण भल्ला दो अप्रैल को नामांकन भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी जुगल किशोर ने नामांकन से पहले रोड शो में शक्ति प्रदर्शन किया। इंदिरा चौक जम्मू से जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय तक रैली की शक्ल में पार्टी समर्थक पहुंचे। इसमें महिला समर्थकों ने पार्टी के चिह्न के रूप में साड़ियां पहन रखी थीं। जुगल किशोर का कई जगहों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। नामांकन के बाद शहीदी चौक स्थित कांग्रेस मुख्यालय के साथ जुगल ने रैली की। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र रैना और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी ने दावा किया कि देशभर में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। डेलीवेजरों को स्थायी करने के सवाल पर जुगल किशोर ने वादा किया कि मांगों पर गंभीरता से काम किया जाएगा। जम्मू कश्मीर विकसित केंद्र शासित प्रदेश बन रहा है।



- जनसभा से किया शक्ति प्रदर्शन

**राजनीति** | *बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ी*

# प्रथम चरण की दो सीट के विजेता चुनावी संग्राम से बाहर

**पटना, 31 मार्च (देशबन्धु)। बिहार में प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में चार सीटों में से दो सीट गया (सु) और नवादा के विजेता इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं। बिहार में प्रथम चरण में चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.), के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इनमें दो सीट गया (सु) और नवादा सीट से विजयी।**

राजनेता इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रत्याशी विजय कुमार मांझी ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के उम्मीदवार महागठबंधन के प्रत्याशी जीतनराम मांझी को पराजित किया था। वर्ष 2024 के चुनाव में मांझी महागठंबधन छोड़कर राजग में शामिल हो गए हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री मांझी की पार्टी (हम) को दे दी गई है। इस तरह से वर्ष 2019 में जदयू के टिकट पर विजयी विजय कुमार मांझी इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं। गया (सु) सीट पर (इंडी गठबंधन) में शामिल राजद प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत का मुकाबला हम प्रमुख और इमामगंज के विधायक जीतनराम मांझी से है। गया (सु) इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा। नवादा सीट से चंदन सिंह ने वर्ष 2019 के चुनाव में राजग के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर जीत हासिल की थी।



- गया सीट पर जीतनराम मांझी व कुमार सर्वजीत के बीच होगा मुकाबला

नवादा सीट से चंदन सिंह ने राजद प्रत्याशी और पूर्व बाहुबली विधायक राजवल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी को पराजित किया था। लोजपा में टूट के बाद चंदन सिंह अपने बड़े भाई सूरजभान सिंह के साथ पशुपति कुमार पारस के खेमे में शामिल हो गये थे। कुछ दिन पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस ने सीट बंटवारे को लेकर राजग का दामन छोड़ दिया था। इस बार के चुनाव में चंदन सिंह चुनावी रेस से बाहर हो गये हैं। राजग में सीटों में तालमेल के तहत लोजपा के कोटे से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिस्से में आई नवादा सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.ठाकुर के पुत्र और राज्यसभा सासंद विवेक ठाकुर उम्मीदवार हैं। विवेक ठाकुर पहली बार लोकसभा के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, महागठबंधन में शमिल राजद ने श्रवण कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है।

श्रवण कुशवाहा पूर्व में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र और साथ ही स्थानीय निकाय क्षेत्र से विधान परिषद का भी चुनाव लड़ चुके हैं। श्रवण कुशवाहा भी लोकसभा चुनाव में पहली बार अपनी किस्मत आजमाएंगे।

उल्टा पुल्टा

एक लड़का एक लड़की के पीछे कई दिनों से हाथ धोकर पीछे पड़ा था...
एक दिन लड़की ने उस लड़के को अपना मुंह धोकर दिखा दिया।
फिर क्या, उसके बाद से लड़के ने उसका पीछा करना ही छोड़ दिया।

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से लिखा पत्र कहा,

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सब मिलकर एक नया भारत बनाएंगे

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से एक पत्र के माध्यम से उन्होंने अपनी बात रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की रैली में रखी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पत्र को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंच से पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सब मिलकर एक नया भारत बनाएंगे। उन्होंने देश के सामने छह गारंटी रखी जिसमें मुफ्त सभी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा दिल्लीवालों के अधिकार बेहद कम है। दिल्ली की चुनी हुई सरकार पंगु है। हमें मिलकर एक नया भारत बनाना होगा, जो 140 करोड़ लोगों के सपनों का भारत होगा। यदि इंडिया गठबंधन को मौका मिलेगा तो सब मिलकर एक ऐसे महान राष्ट्र का निर्माण करेंगे। यह सभी छह गारंटी हम पांच साल में पूरी करेंगे। इसका पैसा कहां से आएगा, इसकी पूरी प्लानिंग कर ली हैं।



### केजरीवाल की छह गारंटी

- पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। नहीं होगा कोई पावर कट
- पूरे देश में गरीबों की बिजली फ्री करेंगे
- हर गांव-हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। सभी को एक समान शिक्षा मिलेगी
- हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे, हर जिले में मल्टी स्पेशियलिटी सरकारी अस्पताल बनाएंगे। मिलेगी मुफ्त सुविधा
- किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक एमएसपी निर्धारित करके देंगे पूरा दाम
- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे।

### अरविंद केजरीवाल नहीं देंगे इस्तीफा : सुनीता

सुनीता केजरीवाल ने दिल्लीवालों से कहा कि आपके केजरीवाल शेर हैं। वो देश के करोड़ों लोगों के दिल में बसते हैं। ये लोग ज्यादा दिन तक उनको जेल में नहीं रख पाएंगे। अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर भाजपा ने अच्छा नहीं किया। लोगों का कहना है कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि लोगों का प्यार देखकर कई बार मुझे लगता है कि आजादी की लड़ाई में केजरीवाल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जो देश के लिए लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। भगवान ने इस जन्म में भी केजरीवाल को शायद भारत मां के लिए संघर्ष करने को भेजा है।

### चाइनीज माल जैसी मोदी की गारंटी : तेजस्वी यादव



नई दिल्ली। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मोदी की गारंटी चाइनीज माल वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने इंडिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ महारैली में 1990 के दशक की फिल्म साजन चले ससुराल के गाने तुम तो धोखेबाज हो का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे। हम जहां जा रहे हैं, जनता का साथ मिल रहा है। हम लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश को बांटा जा रहा है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है।

### एक व्यक्ति व एक पार्टी की सरकार देश के लिए खतरनाक : ठाकरे



**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने यहां रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ महारैली में लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और अबकी बार, भाजपा तड़ीपार का नारा दें। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले आशंका जताई जा रही थी कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। अब यह सच्चाई बन गई है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार देश के लिए खतरनाक है। ठाकरे ने लोगों का आह्वान किया, अब हमें मिलीजुली सरकार लानी होगी। उनका कहना था, सभी प्रांतों का सम्मान करने वाली सरकार बनाने से ही देश बच सकता है। ठाकरे ने कहा कि हम चुनाव के लिए एकत्र नहीं है, हम लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख ने कहा, जो सरकार किसानों को आतंकवादी मानती है उसे सत्ता में आने से रोकना होगा।

**सार संक्षेप**

### आईजीएल गैस पाइपलाइन में आग लगने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की गैस पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान आग लगने से एक मजदूर की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात पुलिस नियंत्रण कक्ष में इब्राहिम पुर स्थित प्रदीप विहार में आईजीएल गैस पाइपलाइन में आग लगने और इस घटना में दो लोगों के झुलसने की सूचना मिली थी। बुराड़ी थाने की एक पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि आईजीएल गैस पाइपलाइन में आग लगी हुई है। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भी पहुंचीं और आग पर काबू पाया। बुराड़ी थाने के कर्मचारियों ने आसपास के आईजीएल मजदूरों की तलाश की, जिन्होंने रिसाव को रोकने में अग्निशमन दल की सहायता की। पुलिस उपायुक्त, उत्तर, एम.के. मीना ने बताया कि परवीन नाम के व्यक्ति ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, राज कुमार को पहले बुराड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बाद में उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। आईपीसी की धारा 285 (आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण), 337 (किसी भी व्यक्ति को इतनी जल्दबाजी या लापरवाही से चोट पहुंचाना जिससे मानव जीवन खतरे में पड़ जाए) और 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कपड़ा दुकान के सेल्समैन की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी के शास्त्री पार्क इलाके में झगड़े के बाद एक कपड़ा दुकान के सेल्समैन की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान इलाके के निवासी मुस्तकीम के रूप में हुई, जो चांदनी चौक में एक कपड़ा दुकान में काम करता था। आरोपी की पहचान चौहान बांगर निवासी यासीन (24) के रूप में हुई। पुलिस को मंगलवार को बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क के पास गोलियां चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय टिर्की ने कहा कि मुस्तकीम को सीने में गोली मारी गई। उसे तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि न्यू सीलमपुर निवासी सोहेल खान (22) और मुस्तकीम दोनों दोस्तों ने इशरत से मिलने का फैसला किया था। डीसीपी ने कहा कि सोहेल ने चार साल पहले यूपी के गाजियाबाद के कौशांबी में द बैंग बैंग बार में बार गर्ल के रूप में कार्यरत इशरत से शादी की थी और उनकी एक बेटी है। लेकिन, नवंबर, 2023 में उनका तलाक हो गया। सोहेल से तलाक के बाद इशरत का इरादा यासीन से शादी करने का थाा। डीसीपी ने कहा, यासीन को सोहेल और मुस्तकीम का इशरत से मिलना नापसंद था। यासीन ने मुस्तकीम पर तीन राउंड गोलियां चलाईं। गोलियां मुस्तकीम को सीने में लगीं।

### अहिंसा रन 2.0 में हज़ारों लोगों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को अहिंसा दौड़ का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध अभिनेता मिलिंद सोमन और अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने दौड़ लगाई। इस दौरान मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने लोगों को फिट रहने का संदेश देते हुए मोदी सरकार के फिट इंडिया मुहिम की तारीफ की। मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी ने झंडी दिखाकर अहिंसा दौड़ को रवाना किया। खुद मिलिंद सोमन ने दौड़ में हिस्सा लिया। अहिंसा रन दौड़ में चार श्रेणी है -5 किलोमीटर, 3 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों के लिए एक विशेष दौड़ श्रेणी है। इस मौके पर मिलिंद सोमन ने कहा कि कुछ समय खुद के लिए निकलना बहुत जरूरी है। आप योग कर सकते हैं, कुछ भी कर सकते हैं, लोग करते नहीं हैं। ज़िन्दगी का मजा लेने के लिए फिट होना जरूरी है।

### ईडी ने केजरीवाल के फोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल को लिखा खत




**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी की रिमांड में हैं। अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ जारी है। इस सबके बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरविंद केजरीवाल के यहां से जब्त किए गए उनके फोन और डिजिटल डिवाइसेज का एक्सेस ईडी हासिल नहीं कर पाई है। सूत्रों की मानें तो ईडी केजरीवाल से बार-बार इन डिवाइसेज का पासवर्ड बताने को कह रही है।

लेकिन, अरविंद केजरीवाल पासवर्ड बताने से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि ईडी ने केजरीवाल के आवास से बरामद 4 आईफोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल से खत के जरिए संपर्क किया है। वहीं, एप्पल की तरफ से ईडी को जवाब दिया गया है कि वह इन फोन का पासवर्ड का पता लगे बिना नहीं खोल सकते हैं और ऐसे में इन फोन का डाटा मिलना बेहद मुश्किल होगा। ईडी ने जब केजरीवाल को 21 मार्च की रात उनके आवास से गिरफ्तार किया था तो उनके आवास से 4 फोन भी बरामद किए थे। इसके साथ ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का फोन भी ईडी ने जब्त किया था। ऐसे में कोर्ट में ईडी ने बताया था कि केजरीवाल की पत्नी के फोन का एक्सेस मिल गया है और उसका डाटा निकाल लिया गया है। लेकिन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं बता रहे हैं। वहीं, अरविंद केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि ईडी उनके फोन का एक्सेस लेकर उनकी चुनावी रणनीति और गठबंधन से संबंधित डाटा हासिल करना चाहती है।

### ऑनलाइन ऑर्डर किया गया केक खाने से लड़की की मौत

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने रविवार को कहा कि उसने पटियाला के उस रेस्तरां को अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया है जिससे ऑनलाइन ऑर्डर किया गया जन्मदिन का केक खाने के बाद 10 साल की एक लड़की की मौत हो गई थी। साथ ही उसके मालिक को भी प्रतिबंधित कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया पर भारी आलोचना का सामना करने के बाद कहा कि वह पटियाला में हुई हालिया घटना से दु:खी है और पूरी तरह हिल गई है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया कि जैसे ही हमें घटना के बारे में पता चला, जिसकी अब पुलिस जांच जारी है, हमने तुरंत रेस्तरां को ज़ोमैटो प्लेटफ़ॉर्म से हटा दिया। हमने रेस्तरां मालिक को ज़ोमैटो पर किसी भी इकाई का संचालन करने से भी रोक दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अपना पूरा समर्थन दे रही है। लड़की के परिवार के सदस्यों द्वारा दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 273 और 304-ए के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि जन्मदिन का केक खाने के बाद लड़की की मौत हो गई। केक खाने के बाद परिवार के अन्य सदस्य भी बीमार पड़ गए थे। मृतका की मां काजल ने केक ऑर्डर किया था।

**ज़ोमैटो ने रेस्तरां को हटाया, मालिक पर लगाया प्रतिबंध**

### दवाओं की खरीद के लिए तय बजट की आधी राशि भी खर्च नहीं कर पाया आयुष विभाग

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार का राजधानी में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य का ढांचा उपलब्ध कराने का दवा उस समय पूरी तरह से विफल नजर आया जब सरकार के जरिए मंजूर किए गए बजट की धनराशि अधिकारी खर्च कर पाने में पूरी तरह से असमर्थ रहे। एक आरटीआई के हवाले से पता चला है कि दिल्ली सरकार के आयुष विभाग में दवाइयों की खरीदारी के लिए 7 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था। लेकिन अधिकारियों के लापरवाही और असंवेदनशीलता के कारण यह बजट खर्च नहीं हो पाया है।

सरकार ने आयुष विभाग को दवाइयों की खरीदारी के लिए 7 करोड़ रुपए का बजट रखा था परंतु विभाग 2 करोड़ 47 लाख रुपया ही एक महज खर्च हो पाया है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बती कांग्रेस ने पूरे मामले पर खेद जताते हुए कहा है कि जनहित के लिए दिल्ली सरकार ने जो राशि दवाओं की खरीद के लिए तय की थी उसका उपयोग न होना चिंता का विषय है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बती कांग्रेस दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष डॉ शकील अहमद ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की है कि इस संवेदनशील मुद्दे को तत्काल सुलझाने का कष्ट करें, क्योंकि सरकार जनता के हित में जो कदम उठाती है अगर उस पर अमल नहीं किया जाता है तो एक तरफ जहां जनता का नुकसान होता है वहीं सरकार की की छवि भी धूमिल होती है। उन्होंने पैसा खर्च नहीं होने के मामले की उपराज्यपाल से जांच कराए जाने की भी मांग की है क्योंकि दवा जैसी बुनियादी जरूर का तय बजट से कम खर्च होना चिंता का विषय है। इसलिए इस मुद्दे को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।

**जनहित के लिए दिल्ली सरकार ने जो राशि दवाओं की खरीद के लिए तय की थी उसका उपयोग न होना चिंता का विषय है : डॉ अहमद**

### भाजपा ने इंडिया गठबंधन की रैली को फ्लॉप शो करार दिया

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आईएनडीआई गठबंधन दिल्ली में अपने पहले शो में छाप छोड़ने में विफल रहा क्योंकि दिल्लीवासियों ने दो मुख्य साझेदारों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के रैली आह्वान को खारिज कर दिया। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि यह एकजुटता विहिन बिखरी हुई रैली थी जिसमें लगभग कुछ हजार की भीड़ की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश पंजाब एवं हरियाणा से लाए गए। दिल्ली कांग्रेस और आप दोनों के नेता, जो पिछले एक हफ्ते से मीडिया ब्रीफिंग में रैली को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, दिल्ली की जनता को तो छोड़िए, अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी जोश नहीं भर सके। आप और कांग्रेस के बीच मतभेद स्पष्ट था क्योंकि मीडिया वीडियो में दिखाया गया कि कांग्रेस ने आप नेताओं द्वारा मंच के माइक के पास लगाई गई अरविंद केजरीवाल की तस्वीर को हटवा दिया। सचदेवा ने कहा कि रैली से पहले यह सर्वविदित था कि कांग्रेस का दिल्ली में कोई जमीनी आधार नहीं है, लेकिन रैली से पता चला है कि 'आप' नेतृत्व का भी दिल्लीवासियों से जुड़ाव खत्म हो गया है।



**गठबंधन की रैली दिल्ली की जनता को तो छोड़िए, अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी जोश नहीं भर सके : सचदेवा**

### अदालत ने की पीएफआई अध्यक्ष की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), दिल्ली के अध्यक्ष परवेज अहमद की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिन्हें नकद दान के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग में संदिग्ध संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत मांगी गई जानकारियां नहीं दे पाने का हवाला देते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके अलावा, अदालत ने इसी मामले में मोहम्मद इलियास (महासचिव, पीएफआई-दिल्ली) और अब्दुल मुकीत (कार्यालय सचिव, पीसीआई-दिल्ली) द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### रोहिणी में 108 कुंड श्री श्याम महायज्ञ का आयोजन

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में रविवार को 108 कुंड श्री श्याम महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें एक ही दिन में सवा करोड़ आहुतियां एक ही दिवस में डाली गई और साथ ही महामण्डलेश्वर स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती को ज्योतिष पीठ और द्वारका शारदा पीठ शंकराचार्य पद के लिए भव्य पट्टा अभिषेक किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म के कई जाने माने साधू संतों सहित उत्तर पश्चिम लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदौलिया, भाजपा विधायक विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, जय किशन गुप्ता और अनिल गुप्ता, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, रविन्द्र गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता, कपिल देव गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए। इस मौके पर स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म और साधू समाज का जिस तरह से विखंडन किया गया और जिस प्रकार से समाज में एक विकृत विचारधारा से ग्रसित लोगों द्वारा गलत संदेश फैलाया जा रहा है हम उसका कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म वालों को जो राम राज चाहिए था वह राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से आरंभ हुआ है इसलिए हम सब का दायित्व बनता है कि अब अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जाए। स्वामी प्रज्ञानंद ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस प्रकार देश में राम राज की स्थापना की है अब उसे आगे बढ़ाना हम सभी सनातनियों का कर्तव्य है।



**तैयारी** इंडिया गठबंधन की रैली के लिए तैनात रहा भारी पुलिस बल

### शर्तों के साथ दी गई थी रैली करने की अनुमति

**नई दिल्ली, 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को हुई इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक रैली के मद्देनजर दिल्ली पुलिस और अर्द्धसैन्य बलों के कर्मियों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया था। उधर, दिल्ली पुलिस ने भी कोई मार्च न निकालने, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली न लाने और कोई हथियार न लाने समेत कुछ शर्तों के साथ रैली करने की अनुमति दी गई थी। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े, शरद पवार, फारुख अब्दुल्ला, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं के इस रैली में शामिल हुए है।**

यह रैली ऐसे वक्त में आयोजित की गई जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है और विपक्ष ने भाजपा शासित केंद्र सरकार के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रैली को अनुमति दी गई है लेकिन डीडीयू मार्ग पर निषेधाज्ञा आदेश लागू रहेगा जहां राजनीतिक दलों के कार्यालय स्थित हैं। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान से कोई मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और अगर कोई उल्लंघन होता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए हैं ताकि आम जनता को रैली के कारण कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान के समीप यातायात और पार्किंग की व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है। अधिकारी ने बताया कि रामलीला मैदान तथा दीनदयाल उपाध्याय मार्ग समेत मध्य दिल्ली के अन्य हिस्सों के आसपास अर्द्धसैनिक बलों की करीब 12 टुकड़ी तैनात की गई थीं। प्रशासन ने रैली के लिए 20,000 लोगों को आने की अनुमति दी थी लेकिन पुलिस को यह संख्या 30,000 के पार जाने का अनुमान था। आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया कि एक लाख के आस-पास लोग जुटे जो रामलीला मैदान में लोगों के एकत्रित होने की पूर्ण क्षमता है। एक अधिकारी ने बताया कि रामलीला मैदान में प्रवेश और निकासी के लिए सात द्वार बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि इन सात द्वार में से एक वीआईपी और एक मीडियाकर्मियों के लिए था। उन्होंने बताया कि मैदान में आने वाले हर व्यक्ति की प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर तथा अन्य उपकरणों से जांच की गई।




■ **रामलीला मैदान से कोई मार्च निकालने की नहीं दी गई थी इजाजत**

**हमने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए हैं ताकि आम जनता को रैली के कारण कोई असुविधा न हो : पुलिस**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 84/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 29.08.2023 मृतक स्व0 रामवती पत्नी स्व0 श्री बहाल सिंह नि0 ग्राम कनारसी परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 15.06.2017 व स्व0 बहाल सिंह पुत्र छुट्टन की मृत्यु हुये लगभग 25 वर्ष हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके स्थान पर उनके वारिसानो के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध वर्षों में | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 338 | 324, 738 290मि, 315मि, 325मि, 290मि, 813मि, | स्व0 रामवती पत्नी स्व0 श्री बहाल सिंह नि0 ग्राम कनारसी परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री महेन्द्र सिंह | 72 | पुत्र |
| | | | | श्रीमती महेन्द्री देवी | 74 | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती किन्ती देवी | 62 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "मैराथन अहिंसा रन 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दौड़ कराई गई। 10 किलोमीटर दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार दिए गये और अन्य दौड़ के लिए पुरस्कार लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से दिए गए। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया। दिनेश जैन, जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन अध्यक्ष

## वित्तीय वर्ष 23-24 में निगम ने की 295 करोड़ की हाउस टैक्स वसूली

**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन, 4 करोड़ 47 लाख की हाउस टैक्स वसूली की। करदाताओं की लगातार भीड़ जोनल कार्यालय पर लगी रही। अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए करदाताओं ने 31 मार्च 2024 वित्तीय वर्ष की अंतिम दिन अधिक से अधिक हाउस टैक्स जमा किया। वसुंधरा जोन अंतर्गत 2 करोड़ 10 लाख की वसूली हुई, विजयनगर अंतर्गत 13 लाख की वसूली हुई, मोहन नगर अंतर्गत 52 लाख की वसूली हुई, सिटी जोन अंतर्गत एक करोड़ 40 लाख की वसूली हुई, कवि नगर अंतर्गत 32 लाख की वसूली हुई इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम कोश में लगभग 4 करोड़ 47 लाख की वसूली हुई। नगर आयुक्त गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि पिछले वर्ष के सापेक्ष 89 करोड़ अधिक वसूली की है। मार्च माह में इस



- नगर आयुक्त ने टीम का किया उत्साहवर्धन
- पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 89 करोड़ की अधिक वसूली
- मार्च माह के अंतिम दिन 4 करोड़ 47 लाख की हुई हाउस टैक्स वसूली

वर्ष पिछले वर्ष के सापेक्ष 34 करोड़ की अधिक वृद्धि हुई है। लगभग 85 करोड़ 73 लाख की वसूली की गई। पिछले वर्ष 51 करोड़ 67 लाख की वसूली मार्च माह के अंतर्गत की गई थी। बताया कि लगातार अवकाश दिवसों में भी कड़ी मेहनत करते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाया गया है जोनल प्रभारी तथा अन्य टीम द्वारा भी बेहतर कार्य किया गया है नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार लगातार कार्रवाई को जारी रखा जाएगा तथा जिनके बकाया हाउस टैक्स है उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पति ने पत्नी को फावड़े से काटा

**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। लोनी कोतवाली क्षेत्र की पूर्वी मुस्तफाबाद कॉलोनी में घरेलू विवाद व किसी अन्य पुरुष से सम्बंध के शक में एक युवक ने अपनी पत्नी की फावड़े से हमला कर नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। इस दौरान मां के बचाव में आई बेटी को भी पिता ने घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मूलरूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला अयूब पत्नी फरजाना और पांच बच्चों के साथ लोनी के पूर्वी मुस्तफाबाद कॉलोनी में रहता है। वह मजदूरी करता है। पति-पत्नी में पिछले एक सप्ताह से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार रात को अयूब शराब पीकर घर आया। जिसका दोनों में फिर से विवाद हुआ। घर में दंपती और पांच बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान अयूब ने अपनी पत्नी पर फावड़े से वार कर दिया। अयूब ने सिर से लेकर पेट तक एक के बाद एक कई वार करता चला गया। मां को बचाने आए बच्चों को भी आरोपी ने धक्का देकर गिरा दिया।



इस दौरान बच्ची भी घायल हो गई। फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया है।

उन्होंने बताया कि सिलाई का काम करके खरीदा था। घर अयूब काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता था। परिवार की पूरी जिम्मेदारी फरजाना पर थी। वह घर में सिलाई का काम करती थी। उनकी तीन बेटी और दो बेटे काम में हाथ बंटाते थे। कुछ समय पहले ही फरजाना ने किस्तों पर मकान लिया था। इस मकान की किस्त फरजाना और उनके बच्चे भर रहे थे। धीरे-धीरे मकान में जरूरत का सभी सामान भी एकत्रित कर रहे थे। इसके साथ बेटी की शादी के लिए भी फरजाना तैयारी कर रही थी।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर, दो घायल

- युवती व चालक भी घायल
- तहरीर पर सेक्टर-63 पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- एक अन्य सड़क हादसे में भी दर्ज हुई एफआईआर

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-63 स्थित कंपनी से ड्यूटी कर घर लौट रहे भाई-बहन की कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से बहन और कार चालक घायल हो गए।

बहन की आंख में चोट लग गई। घटना में ट्रक चालक की लापरवाही बताकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। एक अन्य मामले में भी कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें एक बच्चा घायल हो गया।

गौर सिटी बिसरख निवासी हर्ष कुमार ने पुलिस से शिकायत की। बताया कि 27 मार्च को वह अपनी बहन करिश्मा के साथ स्विफ्ट कार से घर लौट रहे थे।

कार को रिश्तेदार सुमित कुमार निवासी हापुड़ चला रहे थे। शाम 4:30 बजे के लगभग जैसे ही कार ए बी सी डी चौराहा पर पहुंची तभी दूसरी तरफ से आए ट्रक नंबर एन एल 01, एए 5070 तेजी से आया और चालक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार चालक सुमित को गंभीर चोटें आयीं। बहन की दायीं आंख घायल हो गई। पुलिस ने ट्रक नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक अन्य मामले में छलेरा सेक्टर-44 निवासी हरिनाथ ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि 16 फरवरी को वह अपने पुत्र जितेंद्र कुमार को दवा दिलवाने बाइक से निठारी हॉस्पिटल जा रहे थे। तभी साई मंदिर गेट नंबर 5 के सामने सेंट्रों कार संख्या यू पी 16 ए एन 8831 ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक भाग गया। उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया और एस आर एस हॉस्पिटल में भर्ती है।

**सार संक्षेप**

### नई सीरीज के नंबरों के लिए आज से कराएं नामांकन

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में निजी वाहनों के पंजीयन के लिए सीरीज यूपी16ईई पूरी हो चुकी है। रविवार से यूपी16ईएफ शुरू की गई है। फैंसी नंबर और वीआईपी नंबरों के लिए सोमवार से www.fancv.parivahan.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। तीन दिन तक रजिस्ट्रेशन होगा। नंबरों का अलॉटमेंट नीलामी के जरिए किया जाएगा। वहीं नॉन फैंसी नंबर के लिए वाहन स्वामी www.parivahan.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। दो पहिया वाहनों के लिए 1000 रुपए और अन्य वाहनों के लिए 5000 रुपए शुल्क जमा कर नंबर बुक करवा सकते है।

### टक्कर के बाद कार सवारों ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** बलजीतनगर दिल्ली निवासी राधा तिवारी ने फेज-1 पुलिस से शिकायत की। शिकायत में बताया कि बीते 27 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे वह और उनके भाई आकाश तिवारी बाइक से सेक्टर-16 ऑफिस जा रहे थे। तभी डी एन डी फ्लाईओवर के पास एक सफेद रंग की ओला कार संख्या एच आर 55 के 7710 ने अचानक लापरवाही से चलाते हुए ब्रेक मार दी। जिससे उनकी बाइक टकराकर गिर गई। जब उन्होंने कार चालक से इसका विरोध किया तो चालक व कार में पीछे बैठे व्यक्ति ने उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इस मारपीट में उनका सामान भी गिर गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेक्टर-12 के एक्स ब्लाक की दुकानों में लगी आग



**नोएडा।** सेक्टर-12 के सामने एक्स ब्लॉक की दो दुकानों में आग लग गई। गैस रिसाव से आग तेजी से फैली। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर तीन दमकल की गाड़ियां पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि एक्स ब्लाक में दुकान नंबर-16,17 में जाएका किंग रेस्टोरेंट एवं कड़क सिंह ढाबा है। गैस रिसाव के कारण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग ले लाखों का सामान जलकर राख हो गया। यहीं नहीं इस शॉप से कई और शॉप जुड़ी थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## लावारिस हालत में मिली बिहार की महिला व बेटे को परिवार से मिलाया

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। तीन वर्षीय बेटे के साथ करीब 40 दिन लापता हुई महिला को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने रविवार को परिवार से मिला दिया। पत्नी और बेटे को जिंदा देख पति की आंखों से आंसू आ गए। महिला के पति और भाई ने कमिश्नरेट पुलिस की प्रशंसा की। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने पुलिस की मानवीय पहल हो सराहा है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इकोटेक थर्ड पुलिस को बीते 22 फरवरी को एक 28 वर्षीय महिला तीन वर्षीय बेटे के साथ लावारिस अवस्था में घूमते हुए मिली। महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। ऐसे में महिला और उसके बेटे को पुलिस ने सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में दाखिल करा दिया। यहां मां और बेटे के रहने की पूरी व्यवस्था की गई। महिला की पुलिस बीते पांच सप्ताह से काउंसलिंग कर रही थी। रविवार को काउंसलिंग के दौरान महिला को अपने भाई का मोबाइल नंबर याद आ गया। एएचटीयू की टीम ने जब महिला के भाई के नंबर पर कॉल की तो उसने बताया कि उसकी बहन अपने बेटे के साथ 40 दिन पहले लापता हो गई। महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली है और वर्तमान में अपने बेटे और पति के साथ गाजियाबाद के खोड़ा में रहती थी। 22 फरवरी को वह खोड़ा स्थित किराये के कमरे से कुछ सामान लेने के लिए बेटे के साथ निकली और रास्ता भटककर इकोटेक थर्ड थानाक्षेत्र में पहुंच गई। इधर महिला का पति और भाई उसे बिहार समेत अन्य जगहों पर तलाश रहा था। बेटे और पत्नी के वापस मिलने पर पति के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। महिला के परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया। एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा की मौजूदगी में महिला और उसके बेटे को भाई और पति के सुपुर्द किया गया।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर 15.17 लाख हड़पे

- पीड़ित ने चार आरोपियों के खिलाफ फेज दो थाने में दर्ज कराया मामला
- रुपए मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को दी जान से मारने की धमकी

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्लॉट दिलाने के नाम पर दिल्ली निवासी व्यक्ति के साथ 15.17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में फेज दो थाने में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। आरोपियों ने पैसा वापस मांगने पर पीड़ित से मारपीट करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली निवासी डा. संतोष कुमार झा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब साढ़े तीन साल पहले उनकी योगेश शर्मा, चेतन शर्मा, मालती शर्मा और भगवती प्रसाद शर्मा से सेक्टर-6 स्थित बाइनरी इंफ्रा के कार्यालय पर मुलाकात हुई। चारों ने खुद को बाइनरी इंफ्रा कंपनी का कर्मचारी बताया और विभिन्न प्रकार का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने एक वेभ होम्स, नालेज पार्क-दो ग्रेटर नोएडा में 13 हजार रुपए प्रति स्क्वायर यार्ड की दर से 2077 स्क्वायर यार्ड का यूनिट आवंटन पत्र दिया। कोरोला स्टेट प्राइवेट लिमिटेड इस जमीन की एवज में पांच लाख रुपए डाउन पेमेंट रिफंडेबल लिया। जिसका भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया गया। पीड़ित उस जमीन पर गया तो पता चला कि वह जमीन कंपनी को नहीं मिल रही है। इस पर योगेश शर्मा ने शिकायतकर्ता को एक अन्य प्लाट लेने के लिए कहा और आठ लाख रुपए और मांगे। जिसे शिकायतकर्ता ने दे दिए, लेकिन इस बार भी प्लाट नहीं मिला। यही नहीं इसके बाद आरोपियों ने ऑफिस बंद कर दी। इस बात पर भी संशय बना हुआ है कि आरोपी संबंधित कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत भी हैं या नहीं। शिकायतकर्ता ने कॉल कर जब योगेश शर्मा पर प्लॉट देने का दबाव बनाया तो उसके पिता ने भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि वह प्लॉट दिलवा देगा पर उसके लिए रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी समेत अन्य का दो लाख 17 हजार रुपए का अतिरिक्त खर्चा देना होगा। शिकायतकर्ता ने यह रकम भी ट्रांसफर कर दी पर प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं हुई। पीड़ित ने जब आरोपियों से अपने 15 लाख 17 हजार रुपए वापस मांगे तो उसके साथ मारपीट कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने पीड़ित और उसके परिवार के अन्य सदस्यों का अपहरण करने की भी बात कही। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। जल्द ही इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

## बीआईटी छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पहचान स्ट्रीट स्कूल का दौरा किया

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बीआईटी नोएडा परिसर में एनएसएस क्लब ने डॉ. चारु वाही के मार्गदर्शन में समाज पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की पहल की और एक गैर सरकारी संगठन 'पहचान द स्ट्रीट स्कूल' के साथ सहयोग किया। इसके तहत एनएसएस समूह के 4 सदस्यों राधिका गुप्ता, साक्षी सिंह, आयुषी मिश्रा और श्रेया सिन्हा ने दो दिन तक चले इस सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम में नोएडा सेक्टर-34 में 'पहचान द स्ट्रीट स्कूल' का दौरा किया। उन्होंने उन छात्रों को पढ़ाने की पहल की जो वंचित हैं। जिनके पास शिक्षा के कम संसाधन और अवसर हैं। बीआईटी के छात्रों ने उनके साथ बातचीत करके उन्हें सहज महसूस कराया। उन्हें नई चीजें सीखने में मदद की और बच्चों को भविष्य में अपने सपनों को पूरा करने और अपने माता-पिता को गौरवान्वित महसूस कराने के लिए पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरे दिन हर्षित रावत और सार्थक इन लड़कियों से जुड़े। इन सभी ने नृत्य, संगीत, खेल, उनकी रुचियों, शिल्प और उनकी पसंद के माध्यम से वंचित बच्चों के साथ काफी अच्छी बातचीत की। सभी स्वयंसेवकों ने बच्चों की मदद करने और उन्हें शिक्षा, व्यवहार और अच्छी आदतों से संबंधित विभिन्न चीजें सिखाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का प्रयास किया। छात्र सीखने के साथ-साथ मनोरंजन करने के लिए जिज्ञासु और बहुत उत्साहित थे।



## बाइक चोरी कर भाग रहे चोर ने दो भाइयों को किया लहूलुहान

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छिजारसी कॉलोनी से बाइक चोरी कर ले जा रहे एक चोर को दो भाइयों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरोपी ने वाहन चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण से वार कर दोनों भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान मोहल्ले के अन्य लोग भी पहुंच गए और चोर को पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। सेक्टर-63 पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बुलंदशहर के खुर्जा देहात का 50 वर्षीय अजय कुमार रविवार सुबह साढ़े पांच बजे के करीब मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए छिजारसी कॉलोनी आया था। वह कॉलोनी के सुशील की बाइक चोरी कर ले जा रहा था तभी पीड़ित ने देख लिया। सुशील और उसके भाई सोनू ने पीछा कर अजय कुमार को चोरी की बाइक समेत दबोच लिया। दबोचे जाने पर आरोपी ने पेंट की जेब में रखे पेचकस नुमा उपकरण से दोनों भाइयों के शरीर पर वार कर घायल कर दिया। दोनों भाइयों के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और चोर अजय को फिर से दबोच लिया। मोहल्ले के लोगों पर जब आरोपी ने हमला करने का प्रयास किया लोगों ने भी उसे पीटा और रस्सी से बांधने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ बुलंदशहर के एक थाने में धारा 307 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। अन्य जगहों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। वारदात का दो मिनट 20 सेकेंड का वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है, जिसमें लोगों ने चोर को रस्सी से बांध रखा है। मौके पर भीड़ जमा है।

वीडियो में दिख रहा है कि दोनों भाइयों के शरीर से खून बह रहा है। जिस उपकरण से चोर ने भाइयों पर वार किया है वह भी वीडियो में दिख रहा है। घटनास्थल पर सौ के करीब लोग जमा है। लोग आसपास के घरों से झांकते हुए भी वीडियो में दिख रहे हैं।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर पति के खिलाफ मामला दर्ज

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ फेज दो थाने में मृतका के भाई ने केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। शिकायत में बदायूं के कुंवर गांव निवासी सतेंद्र ने बताया कि उसकी बहन अर्चना की शादी हिंदू रीति रिवाज से बदायूं के ही बबलू से हुई थी। शादी के बाद बबलू और उसकी मां अक्सर बहू को कम दहेज लाने का ताना मारते हुए मारपीट करने लगीं। बहू पर मायके से कार लाने का दबाव बनाया जाने लगा। उलाहना और दहेज उत्पीड़न से तंग आकर अर्चना शादी के कुछ समय पहले इलाहाबास गांव आ गई और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करने लगी। इसके बाद उसका पति बबूल भी यहां आ गया और घर वापस चलने का दबाव बनाते हुए महिला के साथ मारपीट करने लगा। वह अर्चना को आत्महत्या करने के लिए उकसाता था। इसी से तंग आकर बीते दिनों अर्चना ने आत्महत्या कर ली। आरोपी पति की तलाश में पुलिस की एक टीम लगी हुई है।

## रिजल्ट लेने गया छात्र लापता

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छिजारसी स्थित स्कूल से रिजल्ट लेने गया 13 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोर नहीं मिला तो परिजनों ने सेक्टर-63 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। छात्र की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई है। शिकायत में सेक्टर-63 के ई-ब्लॉक निवासी शत्रुधन मंडल ने बताया कि उनका बेटा बीते दिनों छिजारसी स्थित एसएसमएस मेमोरियल स्कूल से अपना सातवीं का रिजल्ट लेने के लिए निकला था पर अभी तक वापस नहीं आया है। परिजनों ने बेटे को करीबियों और रिश्तेदारों के यहां भी तलाशा पर कोई सुराग नहीं मिला।

## आरएसएस हरनंदी के वृहद सामूहिक गान प्रतियोगिता में देशभक्ति के गीत

**गाजियाबाद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरनन्दी महानगर के तत्वावधान में रविवार को इन्दिरापुरम स्थित ग्रैंड पियाजा में एक वृहद समूहगान प्रतियोगिता 'स्वरांजलि' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 15 नगरों के टीम के 300 गीत साधक स्वयंसेवक इस प्रतियोगिता में सहभागी हुए। संघ की शाखाओं में नित्य प्रति गाये जाने वाले देशभक्ति के गीतों पर आधारित इस कार्यक्रम में लगभग 1500 श्रोता मौजूद थे। जिसमें स्वयंसेवकों के साथ-साथ समाज के बन्धु और मातृ शक्ति भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ उत्तर प्रदेश पश्चिम क्षेत्र कार्यवाह प्रमोद जी एवं गाजियाबाद विभाग संघचालक कैलाश जी एवं महानगर संघचालक प्रदीप जी ने भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्ज्वलन करके किया। महानगर कार्यवाह आशीष ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की एवं महानगर सह कार्यवाह शिवकुमार ने मंच परिचय कराया।

प्रतियोगिता का आरम्भ नगर की प्रस्तुति पूर्ण विजय संकल्प हमारा के साथ प्रतियोगिता आरंभ हुई। इन्दिरापुरम के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत गीत 'हम विजय की ओर बढ़ते जा रहे' ने स्वरांजलि कार्यक्रम के मुख भाव 'विजय' का प्रगटीकरण किया, वहीं 'देश जागे देश जागे मंत्र सब गुंजा रहे हैं' गीत को श्रोताओं ने खूब सराहा, वही इसके बाद शिव नगर के नन्हे स्वयंसेवकों द्वारा 'ये शहीदों की जय हिंद बोली' गीत प्रस्तुत किया गया। महाराणा प्रताप नगर द्वारा प्रस्तुत गीत 'रक्त शिराओं में राणा का' ने वातावरण हर्षित कर दिया। वहीं धर्मराज नगर के स्वयंसेवकों ने समरसता से परिपूर्ण गीत 'एकता स्वतंत्रता समानता रहे' प्रस्तुत करके श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के मध्य में महानगर के घोष दल द्वारा 'ज्योस्तुते' रचना बजाकर वातावरण आनन्दमय कर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र कार्यवाह प्रमोद जी ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है ऐसे निर्मित व्यक्ति, समाज का निर्माण करते हैं और समाज के निर्माण से परिवर्तन सम्भव होता है। संघ प्रमुख रूप से पांच विषयों पर काम कर रहा है। परिवार व्यवस्था, सामाजिक समरसता, स्वदेशी उत्थान, पर्यावरण संरक्षण एवं सामान्य नागरिक बोध।

संघ की दैनिक शाखाओं में गाए जाने वाले गीत, भाव जागरण का कार्य करते हैं। भाव जागरण से परिवर्तन संभव होता है। स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों ने समाज में जो भाव जागरण किया उससे ही उत्साहित होकर अनेकों अनेक लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपने जीवन की आहुति दी। निर्णायक मंडल में विभाग कार्यवाह देवेंद्र, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख चन्द्रभानु, अचिरतोष एवं मक्खन लाल रहें। संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि' के उपरान्त विजयी नगरों को वैजयंती प्रदान की गई। अधिकारी परिचय महानगर बौद्धिक प्रमुख उमाशंकर ने दिया एवं मंच संचालन महानगर सह बौद्धिक प्रमुख अभिषेक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सुशील, प्रांत संपर्क प्रमुख विजय, विभाग प्रचारक रोहित, प्रचार प्रमुख अखिलेश, कार्यकारिणी सदस्य यतेन्द्र, महानगर सह संघचालक जितेंद, प्रचारक ललित शंकर, सह कार्यवाह अमरदीप, पंकज, निशांत, राजकुमार, अविनाश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दौड़े 3000 लोग

- महात्मा गांधी मिशन इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया आयोजन

**ग्रेटर नोएडा/नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन संगठन के द्वारा रविवार को महात्मा गांधी मिशन इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर 62 में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 3000 लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजित मैराथन दौड़ का जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, सीनियर कमांडेंट सीआईएसफ हरिओम गांधी व एडीजी सीआरपीएफ दीपक कुमार व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा 10 किलोमीटर की दौड़ का




हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया।

जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि मैराथन अहिंसा रन 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग दौड़ कराई गई। 10 किलोमीटर दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार दिए गये और अन्य दौड़ के लिए पुरस्कार लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से दिए गए। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने दौड़ में प्रतिभाग करने वाले सभी व्यक्तियों को आगामी 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि हमारे संगठन के तीन प्रमुख उद्देश्य ज्ञान, आर्थिक सशक्तिकरण और बड़े पैमाने पर समाज की सेवा करना है। महावीर जयंती के उपलक्ष में यह संगठन प्रत्येक वर्ष जाति और धर्म के भेदभाव के बिना सांप्रदायिक समाज को एकजुट करने के लिए जीतो रन का आयोजन करता है।

उवाच

गुरुकुल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षाएं आयोजित की जाती है, बच्चों को वैदिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है।

रविकांत दीक्षित, गुरुकुल आचार्य



# एक माह में 1366 घर खरीदारों को मिला मालिकाना हक

- अमिताभ कांत की सिफारिशों को लागू करने से 94 प्रोजेक्टों के 15000 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ
- 4500 फ्लैटों की रजिस्ट्री जल्द शुरू करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने बिल्डरों को जारी किए पत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। फ्लैट खरीदारों को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। खरीदारों को फ्लैटों पर कब्जा मिल सके, उनके नाम शीघ्र रजिस्ट्री हो सके, इसके लिए सरकार सभी आवश्यक फैसले ले रही है, जिसके चलते लिगेसी स्टॉल्ड प्रोजेक्ट के फ्लैटों की रजिस्ट्री भी तेजी से हो रही है। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू करने से 94 परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। अब तक 16 प्रोजेक्टों में लगभग 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है। शेष 78 बिल्डर परियोजनाओं में भी रजिस्ट्री प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री लंबे समय से अटकी हुई थी। इनके खरीदार बहुत परेशान थे। प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा के 94 बिल्डर परियोजनाओं के हजारों फ्लैट खरीदारों के लिए राहत का पिटारा खोला। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने से 94 प्रोजेक्टों के फ्लैट की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। प्रदेश सरकार ने फ्लैट खरीदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए बिल्डरों को कोविड-19 की अवधि (01.04.2020 से 31.03.2022) का जीरो पीरियड का लाभ दिया गया।

को-डेवलपर की पॉलिसी को अप्रूव्ड करते हुए अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने का अवसर प्रदान किया गया। ओखला बर्ड सेंचुरी के 10 किलोमीटर के दायरे में एनजीटी के आदेशों के क्रम में 14 अगस्त 2013 से 19 अगस्त 2015 तक जीरो पीरियड का लाभ दिए जाने पर विचार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बकाया धनराशि का 25 फीसदी जमा करते ही प्लान अप्रूवल, बंधक अनुमति एवं रजिस्ट्री की अनुमति तत्काल दिए जाने के निर्देश दिए गए। बिल्डर परियोजनाओं को अधिकतम तीन वर्ष में पूरा कराने के लिए निःशुल्क समयावधि प्रदान करने और जिन परियोजनाओं में फ्लैट खरीदारों के हित जुड़े हैं, उनकी लीज डीड अगले तीन वर्ष तक निरस्त न करने समेत कई अहम फैसले लिए गए। इन फैसलों की वजह से ही फ्लैटों की रजिस्ट्री अब शुरू हो गई है। वर्तमान में 16 परियोजनाओं के कुल ड्यूज का 25 प्रतिशत धनराशि प्राधिकरण के खाते में बिल्डरों ने जमा करा दी है, जिससे लगभग 73 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि प्राप्त हो गई है।

इन परियोजनाओं के फ्लैटों की रजिस्ट्री भी शुरू हो गई है। अब तक लगभग 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री संपन्न भी हो चुकी है। शेष 78 परियोजनाओं में से 71 के लिए बिल्डरों ने आगामी अप्रैल माह तक 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने का आश्वासन दिया है, जिससे लगभग 715 करोड़ रुपए धनराशि प्राप्त हो जाएगी। इन सभी 94 परियोजनाओं में कुल 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री होने की उम्मीद है। इसके अलावा अतिरिक्त मुआवजे के खिलाफ कोर्ट में जाने वाले प्रोजेक्टों के विवाद को जल्द सुलझाने के लिए भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है, ताकि फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री जल्द हो सके।

### इन प्रोजेक्ट के 1366 फ्लैटों की हुई रजिस्ट्री

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बिल्डर विभाग ने बीते एक माह में जिन 39 विभिन्न बिल्डर परियोजनाओं के 1366 फ्लैटों की रजिस्ट्री की है उनमें पूर्वांचल प्रोजेक्ट, सीरजा रियल एस्टेट सॉल्यूशंस, रतन बिल्डटेक, कैपिटल एथेना, निराला इंफ्राटेक, एसजेपी होटल एंड रिसॉर्ट, स्टारसिटी रियल एस्टेट, पंचशील बिल्डटेक, प्रॉस्पर बिल्डटेक, श्रीधारा इंफ्राटेक, गुलशन होम्स, एनटाइचमेंट, पंचशील हाईनिस, हैबीटेक, अल्पाइन इंफ्राटेक, आईआईटीएल निंबस, गौरसन्स हाईटेक, पिजन, ऐस प्लेटटिनम, कामरूप इंफ्राबिल्ड, महालक्ष्मी, जिंदल, डोम्स, न्यूवे होम, ऐस सिटी, एपीवी रियलिटी, ऐम्स गोल्फटाउन, गौड़ संस प्रमोटर्स, नंदी इंफ्राटेक, बलगार्विया, आर्जा, वेलेंसिया होम्स, अरिहंत आर्डन, टाउन पार्क, आस्था ग्रीन, सोलरिस, ओंमकार नेस्ट शामिल हैं।

### 4500 और फ्लैटों की रजिस्ट्री जल्द

ग्रेटर नोएडा स्थित 28 प्रोजेक्ट्स में 4500 और फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी है, जिसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बिल्डरों को तय धनराशि जमा करने के लिए पत्र जारी किया गया है। इनमें स्टार सिटी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, जेएसएस बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड , एसएजी रियल टेक प्राइवेट लिमिटेड, निराला वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड , ट्राइडेंट इंफ्रा होमलैंड प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम प्राइवेट लिमिटेड, अरिहंत इंफ्रा रिएल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, एसजेपी इनफ्रॉकाम प्राइवेट, अजय इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, ईको ग्रीन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, महालक्ष्मी बिल्ड टेक लिमिटेड, अरहम इस्कॉन प्राइवेट लिमिटेड, टाउन पार्क बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, एआईजी इंफ्राटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, देविका गोल्ड होम प्राइवेट लिमिटेड, निराला डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, जतस्या प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, राधे कृष्णा टेक्नो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, निराला हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, हेब इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, ओंमकार नेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, निवास प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, हिमालय रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, बीएस बिल्डटेक, जेएम हाउसिंग लिमिटेड, रुद्रा बिल्डवेल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और ऐम्स गोल्फटाउन डेवलपर्स शामिल हैं। कुछ अन्य प्रोजेक्ट भी हैं जिनके प्लेटो की रजिस्ट्री शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। इस तरह आने वाले दिनों में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कुल 94 प्रोजेक्टों में लगभग 15000 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो सकेगी।

## ग्रेनो वेस्ट में अपने बीच के जन प्रतिनिधि चुनने की उठने लगी है मांग




- घर खरीदार लम्बे समय से विभिन्न समस्याओं को लेकर उठाते रहे हैं मांग
- जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते लोगों में है भारी नाराजगी
- खराब परिवहन व्यवस्था व स्कूलों की लूट से आम जनता है परेशान

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के निवासी लम्बे समय से विभिन्न समस्याओं को उठाते रहे हैं, फिर भी जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है। ग्रेनो वेस्ट में बड़ी-बड़ी इमारतें तो खड़ी हो गई, लेकिन प्राधिकरण मूलभूत सुविधाएं देने में विफल रही है। ग्रेनो वेस्ट में लगातार आबादी बढ़ रही है, यहां से दिनचर्या के लिए निकलने वालों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। समस्याओं का निदान नहीं होने से लोगों में अपने बीच का जनप्रतिनिधि चुनने की आवाज उठने लगी है। पिछले लोकसभा चुनाव में नेफोमा से एक प्रतनिधि ने चुनाव लड़ा था, अव लोकसभा चुनाव में लोग अपने जनप्रतिनिधि को मैदान में उतारने की बात कर रहे हैं। रविवार को ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदारों की अहम बैठक बुलाई गई, जिसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सोसायटियों से घर खरीदार और अन्य लोग जुटे।

सभी ने एक सुर में नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार से चुनाव लड़ने की अपील की। वहां मौजूद सभी लोगों का कहना है कि वो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं और अगर अभिषेक जीतते हैं तो वो भी को बिना शर्त समर्थन देंगे। सभी लोगों का कहना है कि उनके मुद्दे को उठाने में सासंद नाकाम रहे हैं, इसलिए अपने बीच से किसी को चुनाव लड़ना चाहिए। उनका कहना है कि न तो रजिस्ट्री शुरु हुई है, न ही मेट्रो का अता-पता है, न सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन है। हर रोज लंबा जाम लगता है, स्कूलों में लूटा जा रहा है। कोई सरकारी अस्पताल नहीं है, एक अंडरपास नहीं बना। पार्कों का बुरा हाल है, हरियाली न के बराबर है। न रामलीला मैदान बना, न अंतिम निवास आज तक बन पाया। घर खरीदारों का कहना है कि हर चुनाव में आखिर कब तक इसी तरह ठगे जाएंगे। हालांकि अभिषेक कुमार ने सभी लोगों का उनके साथ के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोगों का प्यार और साथ ही मेरी ताकत है। उन्होंने नो रजिस्ट्री, नो वोट का बैनर हटाने की बात पर नाराजगी जताई और कहा कि लोकतंत्र में सबको विरोध का अधिकार है। उस अधिकार को नहीं छीनना चाहिए। अभिषेक कुमार ने कहा कि वह सोमवार शाम तक तमाम लोगों के प्रस्ताव पर आखिरी फैसला लेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोगों के लगातार फोन आ रहे हैं और शहर-गांव सभी जगह से लोग मिलने आ रहे हैं, उनके प्यार का कर्ज शायद ही कभी चुका पाऊंगा।

## महिर्षि पाणिनि गुरुकुल के बटुकों को दी गई संगीत की बारीकियां



**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शहर के सेक्टर ईटा- एक स्थित महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग-विद्यापीठ गुरुकुल में संगीत कार्यशाला का आयोजन गुरुकुल द म्युजिकोलॉजी फाउंडेशन के सदस्य संगीत आनंद मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें वेद-वेदांग की शिक्षा ग्रहण कर रहे बटुकों को संगीत की बारीकियों से रूबरू कराया गया। म्यूजिक गुरु आनंद मिश्रा ने बताया सामवेद में संगीत का विस्तृत वर्णन किया गया है। उसी में स्वर और उनके स्थान विस्तार से बताए गए हैं। उन्होंने बताया कि गायन, वादन और नृत्य का समावेश ही संगीत है। बटुकों को सुर और ताल की जानकारी के साथ-साथ वाद्य यंत्र, नृत्य और गायन कितने प्रकार के होते हैं इस बारे में बताया। म्यूजिक गुरु उपेंद्र ने बटुकों को अलंकार, अनमोल भट्ट ने तबला और प्रांजल ने गायन का प्रैक्टिकल अभ्यास कराया। बटुकों ने भी कार्यशाला में बढ़-चढ़ कर उत्साह के साथ भाग लिया। गुरुकुल के आचार्य रविकांत दीक्षित ने कहा कि गुरुकुल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षाएं आयोजित की जाती है, बच्चों को वैदिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है। इस मौके पर गुरुकुल के आचार्य प्रेमकांत दीक्षित, आचार्य सच्चिदानन्द तिवारी, रोहित प्रियदर्शन, उपेंद्र कुमार, अनमोल भट्ट, प्रांजल आदि मौजूद रहे।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बच्चों को स्वर्ण पदक देकर किया गया सम्मानित



- कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों ने भी लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल नॉलेजपार्क-3 ग्रेटर नोएडा में विद्यालय में दाखिला लेने वाले सभी नए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए रविवार को उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों व विद्यार्थियों को विद्यालय के सभी अध्यापकों व विद्यालय की शैक्षिक व परीक्षा नीतियों से अवगत कराना रहा। सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों व आमंत्रित मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर सभी आमंत्रित मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में ज्ञानेश्वरी ग्रुप द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय अध्यक्षा कंचन कुमारी ने कहा कि बचपन से ही हर बच्चे के जीवन में नई उमंगे वह नई ऊंचाइयां आकार लेने लगती हैं। बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में विद्यालय का प्रमुख योगदान होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या हीमा शर्मा ने शिक्षण विधि व विद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में ओलंपियाड में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तीनों प्राइमरी, जूनियर व सीनियर विंग के कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बाल राष्ट्र चेतना जागृत के लिए दो दिवसीय बाल शिविर आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बाल राष्ट्र चेतना को जागृत करने को लेकर दो दिवसीय बाल शिविर आमका रोड सेंटहुड पब्लिक स्कूल में आयोजित किया। बाल शिविर में कक्षा 5 से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थी सामान्य वेश में उपस्थित रहै। बाल शिविर का उद्घाटन प्रथम सत्र राजकुमार आर्य सह जिला कार्यवाह द्वारा ओजस्वी भाषण द्वारा सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन शिविर समापन द्वितीय सत्र बृज मोहन प्रचारक जिला गौतमबुद्ध नगर के ओजस्वी विचारों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर के अध्यक्ष घनश्याम दादरी नगर संघ चालक, शिविर सर्वव्यवस्था प्रमुख ओमवीर सिंह और मुख्य शिक्षक-अमित, शिक्षक-मनोज, देवेश, अंकित, शिवम् और भोजन व्यवस्था सुभाष, शिविर स्थल पर व्यवस्था जय शिव की रही। शिविर समापन सत्र में प्रमोद जिला मार्ग प्रमुख, संसार, अज्जी भाटी एवं अन्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक गण उपस्थित रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## आयुर्वेद, यूनानी, निजी चिकित्सक, पंचकर्मा सेंटर का पंजीकरण जरूरी

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पंचकर्मा केन्द्र, आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा संचालन करने वालों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है, पंजीकरण नहीं कराने वालों पर कार्यवाई की जाएगी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतमबुद्ध नगर डा. धर्मेन्द्र कुमार केम ने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के समस्त निजी चिकित्सक (आयुर्वेद एवं यूनानी), पंचकर्मा सेन्टर, आयुर्वेद चिकित्सालय संचालक चिकित्सीय कार्य करने के लिए अपना पंजीकरण कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ब्लॉक-6, सेक्टर 39, महिला थाना कैंपस, नोएडा में कराये तथा जिन्होंने अपना पंजीकरण पूर्व में कराया हुआ है वह अपने पंजीकरण का नवीनीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया 1 अप्रैल से प्रारम्भ हो जाएगी, जो भी चिकित्सक (आयुर्वेद एवं यूनानी) बिना पंजीकरण के चिकित्सीय कार्य करते हुए पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री योगी आज प्रबुद्ध वर्ग को करेंगे सम्बोधित



**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौतम बुद्ध नगर जिले में 1 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध वर्ग को सम्बोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 अप्रैल को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में समाज के हर वर्ग, शिक्षक, वकील, डाक्टर, इंजीनियर तथा पत्रकार शामिल होंगे लेंगे। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले दो कार्यकाल से सांसद रहे हैं। तीसरी बार भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को मैदान में उतारा है।

## क्विज प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

### आईईसी कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए संस्थान के संस्थापक स्व: आर.एल गुप्ता की स्मृति में प्रतिभा प्रोत्साहन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध नगर तथा एनसीआर क्षेत्र के 867 छात्रों ने भाग लिया। क्वीज के दौरान छात्रों से गणित, विज्ञान रसायन विज्ञान के प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम संयोजक गुंजन भाटी ने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भारत देवास सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा की छात्रा रीना झा को प्रथम पुरस्कार में लैपटाप, केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर, ककोड़ की छात्रा रिया गुप्ता द्वितीय पुरस्कार में टैबलेट, भारत देवास सरस्वती विद्या मंदिर, नोएडा की नंदिनी चौधरी को तीसरे पुरस्कार में स्मार्टफोन दिया गया। दस प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में ब्लूटूथ इयरफोन दिया गया। संस्थान के सीएफओ अभिजीत कुमार, एक्सीक्यूटिव निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार, निदेशक प्रोफेसर विनय गुप्ता, फार्मेसी निदेशक प्रोफेसर भानु प्रताप सिंह सागर, डीन एकेडमिक्स डा. बी शरण, डा. शक्ति प्रकाश, प्रो. शरद माहेश्वरी, तुषार गुप्ता, दिनेश मडवाल, प्रभात कुमार ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं देकर पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनको छात्रों तथा अभिभावकों ने सराहा।

## शराब की दुकान के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बिसरख थाना क्षेत्र के न्यू हैबतपुर स्थित शराब की दुकान पर सेल्समैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। जबरदस्ती शराब दिए जाने को लेकर तीन लड़कों का विवाद हुआ। जिसमें मारपीट के बाद लड़कों ने सेल्समैन को गोली मार दी।

पुलिस ने बताया कि रात करीब 1.40 बजे थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत स्थित शराब की दुकान पर तीन लड़कों के द्वारा जबरदस्ती शराब दिए जाने को लेकर सेल्समैन से झगड़ा हो गया। सेल्समैन द्वारा शराब दिए जाने से मना करने पर लड़कों ने उनके साथ मारपीट करते हुए फायरिंग की, जिसमें सेल्समैन हरिओम निवासी ग्राम बहरामपुर, जनपद अमरोहा घायल हो गए। घायल को चिकित्सा हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 1 अप्रैल 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जुड़ने-जीतने को कटिबद्ध 'इंडिया' की सफल रैली

28 दलों के संयुक्त विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' ने रविवार को नयी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विशाल शक्ति प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार को साफ संकेत दे दिया कि 18वीं लोकसभा का चुनाव सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिये वैसा आसान नहीं होने जा रहा है जैसा कि वह और उसके राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन यानी एनडीए के घटक दल मानकर चल रहे हैं। कहने को तो यह मेगा रैली इंडिया के एक सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित की गई थी, पर उसके अब कहीं अधिक व्यापक सन्दर्भ, परिप्रेक्ष्य तथा उद्देश्य बन गये हैं। इसके अनुरूप उसका प्रतिफल लोकसभा चुनाव के नतीजों में भी नज़र आये तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। इस रैली से अगर भाजपा, विशेषकर तीसरे कार्यकाल की उम्मीद लगाये बैठे नरेन्द्र मोदी चिंतित होते हैं तो वह स्वाभाविक ही है।

उल्लेखनीय है कि ठीक दो माह पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी (21 मार्च) से सम्पूर्ण विपक्ष उद्वेलित हो उठा है। सोरेन ने जहां गिरफ्तार होने के पहले इस्तीफा दे दिया था, तो वहीं केजरीवाल पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सीएम रहते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने पद छोड़ने से इंकार कर दिया है और वे इस जिम्मेदारी को अब भी सम्भाले हुए हैं। विपक्षी नेताओं को बुरी तरह से कुचला जा रहा है- इस भावना को व्यक्त करने के लिये गठबन्धन ने यह रैली आयोजित की थी जिसमें सभी दलों ने शिरकत कर यह साबित किया कि गठबन्धन न केवल एकजुट है बल्कि इतना मजबूत हो चुका है कि इस चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर देगा। यह भावना और संकल्प विभिन्न नेताओं के भाषणों में बार-बार तथा कई-कई स्वरूपों में व्यक्त हुआ। इस रैली ने भाजपा, उसके साथी दल तथा उसके द्वारा पोषित मीडिया द्वारा निर्मित इस मिथक को खंडित कर दिया कि यह गठबन्धन सत्ता पाने के लिये बना है। उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम के सभी राज्यों व क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे विभिन्न दलों के तमाम वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे सभी देश में लोकतंत्र को बचाने के उद्देश्य से एकत्र हुए हैं। कई नेताओं, यहां तक कि खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया कि गठबन्धन में शामिल कई दलों से उनकी सीटों के बंटवारे को लेकर परस्पर सहमति नहीं है और वे मिलकर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, परन्तु वे सभी लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने की लड़ाई इकट्ठे लड़ रहे हैं और इस मंच पर उपस्थित हैं। पंजाब में आप व कांग्रेस अलग-अलग लड़ रही हैं तो वहीं पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर सहमति न बन सकने के बावजूद टीएमसी गठबन्धन का हिस्सा है और उसके प्रतिनिधियों ने रैली में भागीदारी की। वर्तमान लड़ाई की तुलना उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन से की जिसमें सभी लोग आपसी मतभेद भूलकर शामिल थे।

मोदी व भाजपा के तानाशाहीपूर्ण ढंग से शासन चलाने के तरीके तथा विपक्षी दलों को कुचलने की कोशिशों को सभी नेताओं ने जनता के समक्ष रखते हुए देश में लोकतंत्र की बहाली तथा संविधान की रक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया। 18 मार्च को मुम्बई के शिवाजी पार्क में आयोजित हुई कामयाब सभा के बाद इंडिया के जो हौसले बढ़े थे, वे इस रैली में नई बुलंदियों का स्पर्श करते दिखे। अपने दस वर्षीय कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी ने जिस निरंकुश तरीके से शासन चलाया, उसकी कटु व बेखौफ आलोचना सभी दलों ने की। इनमें से ज्यादातर वे दल हैं जिनके नेताओं को केन्द्रीय जांच एजेंसियों-ईडी, आयकर, सीबीआई आदि द्वारा परेशान किया जा रहा है। कई दलों के नेता सलाखों के पीछे हैं या फिर उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। इसके अलावा इस चुनाव में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को किस प्रकार से आयकर की नोटिसों से परेशान किया जा रहा है, यह मसला उठाकर रैली ने मोदी सरकार, जांच एजेंसियों तथा केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की जमकर बखिया उधेड़ी जो भाजपा की इस मनमानी की ओर से आंखें मूंदकर बैठा हुआ है। सभी को समान परिस्थितियां मुहैया कराने का दावा करने वाले चुनाव आयोग को विशेष रूप से निशाने पर लिया गया जो अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। लोकतंत्र पर छाये संकट को उजागर करने में रैली बड़े पैमाने पर सफल रही जिसे लेकर कहा जा सकता है कि इसका संदेश दूर तलक जायेगा।

रैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता तथा हेमंत सोरेन की पत्नी कविता की उपस्थिति ने भी बड़ा असर डाला। सुनीता केजरीवाल ने जेल से उनके पति द्वारा भेजे संदेश को पढ़कर सभी पर भावनात्मक असर डाला। केजरीवाल व हेमंत को जेल में डालकर मोदी सरकार ने जो भूल की है उसका आभास रैली की विशालता तथा उसके असर को देखकर हो सकता है। राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता व बिहार के पूर्व सीएम तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव जैसे युवा नेताओं ने फिर से एहसास कराया कि लोकतंत्र को बचाने वाली नयी पीढ़ी तैयार हो चुकी है। प्रियंका गांधी ने जिस प्रकार से मोदी को लक्षित कर रामायण की कथा का सार बतलाया, कि 'सत्ता सदैव नहीं रहती और अहंकार चूर-चूर हो जाता है', वही इस रैली का मूल संदेश है।

# पहली बार मोदी को हार का डर दिख रहा है!

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन में कई चुनाव लड़े और जीते। मगर यह पहला चुनाव ऐसा है जब वे संशय में पड़े हुए हैं। इसके बहुत से कारण हैं जिन्हें हम नीचे बताएंगे। मगर पहले यह कि मोदी का डर दिख कहां रहा है?

यह दिख रहा है विपक्ष को खासतौर पर सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस को चुनाव लड़ने से ही रोकने की कोशिशों से। चुनाव में हार का डर है तो तरीका यह निकाला कि मुख्य विपक्षी दल चुनाव में ही न हो और अगर हो तो विरथ! उसके पास पैसा न हो कोई साधन न हो। ताकि वह बेशुमार पैसा खर्च करने वाले सत्ता पक्ष के सामने खड़ा ही न हो पाए।

कांग्रेस के बैंक खाते सीज हैं। और लेटेस्ट उसको 3567 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस दिया गया है। याद रहे चुनाव की घोषणा के बाद। बीच चुनाव में। पहले फेज के नामांकन हो जाने के बाद। मतलब बीच खेल में नियम बदले जा रहे हैं। बीच खेल में नियम कब बदले जाते हैं जब हार का खतरा होता है। याद है जब बचपन में आप जीतने वाले होते थे तो कहा जाता था नहीं अब लेफ्टी बनकर बेटिंग करो या बालिंग आपकी होती थी तो कहा जाता था कि उल्टे हाथ से बॉल करो! इसी को कहते हैं बीच खेल में नियम बदलना। लेकिन होता क्या था कि आप उसके बावजूद जीत जाते थे। तो जब जीत आने वाली होती है तो नियम बदलने से कुछ नहीं होता।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जो बाकी सभी विभागों ईडी, सीबीआई या बाकी सभी संस्थाओं ब्यूरोक्रेसी, न्यायपालिका, मीडिया की तरह सरकार के कहने से काम कर रहे हैं ने केवल कांग्रेस को ही हजारों करोड़ का नोटिस नहीं दिया है बल्कि सीपीआई को भी दिया है। इनकम टैक्स से राजनीतिक दल मुक्त होते हैं क्योंकि उनकी इनकम नहीं होती है जो पैसा आता है वह चंदे से आता है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स से छूट होती है। मगर ऐसे समय में यह कार्रवाई हो रही है कि कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दलों के पास इन पर रोक लगवाने का समय ही नहीं है। अदालतें जिस तरह काम करती हैं उस हिसाब से तो चुनाव के नतीजे भी आ जाएंगे और केस पर दो सुनवाई भी पूरी नहीं होंगी। साथ ही चुनाव के समय अपनी ताकत चुनाव में लगाने के बदले पार्टी कोर्ट कचहरी में उलझी रहेगी।

तो लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं देना डर की साफ निशानी है। इसलिए जैसा हमने कहा कि पहली बार मोदी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नहीं दिख रहे हैं। गुजरात में 2002 में उनके नेतृत्व में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा गया था। उसके बाद में 2014 और 2019 लोकसभा का। हर बार उन्हें जीत का विश्वास था और वह जीते भी।

मगर कहते है कि हर चीज का एक अंत होता है और जब वह आता है तो व्यक्ति का अपने ऊपर से विश्वास कम होने लगता है। और वह ऐसे ही मालूम पड़ता है जब वह तैराकी की काम्पिटिशन में प्रतिद्वंदी के हाथ बांधकर उसे पानी में फैंकना है। लेकिन अगर आप खुद बिल्कुल ही नहीं तैर पा रहे हों तो हाथ बंधा हुआ व्यक्ति भी केवल पांव के सहारे आगे निकल सकता है।

मोदी जी की हालत वही हो रही है। उनको अपने किसी दांव पर अब भरोसा नहीं हो रहा है। हिन्दू-मुसलमान चल नहीं रहा है। राम मंदिर का इशु क्लिक किया नहीं। 2029 में यह होगा और 2034 में यह और हजार साल बाद ऐसा, यह जनता को अपने साथ किया जा रहा मजाक लग रहा है।

उसकी हालत आज खराब है। अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन और इंस्टिट्यूट आफ ह्यूमन डेवलपमेंट ने यह आंकड़ा सामने लाकर युवाओं को हिला कर रख दिया कि देश में जितने युवा हैं उनमें 65 प्रतिशत बेरोजगार हैं। और जितना देश में बेरोजगार है। हर उम्र का उसमें 83 प्रतिशत केवल जवान लोग हैं। विस्फोटक रिपोर्ट है। इसमें बताया है कि बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गई है।

अब सोचिए कि जो पांच साल बाद, दस साल बाद इतने साल बाद उतने साल बाद की बात कर रहे हैं तो उस समय बेरोजगारी कहां जाएगी? अभी दस साल में तीन गुना बढ़ी है फिर कितने गुना बढ़ जाएगी? और बिना रोजगार के आदमी का क्या होगा? सब पांच किलो मुफ्त अनाज की लाइन में लग जाएंगे।

और एक बात बता दें आपको गरीब विरोधी अर्थशास्त्री कहते हैं कि पांच किलो मुफ्त अनाज देना कोई समस्या नहीं है। इसे अनन्त काल दिया जा सकता है। अमीरों की अमीरी बढ़ती रहे तो सरकार के लिए यह स्कीम कोई घाटे का सौदा नहीं है। और अमीरी का आंकड़ा तो यह है कि देश की 40 प्रतिशत संपत्ति अब केवल एक प्रतिशत अमीरों के पास पहुंच गई है। वर्ल्ड इनइक्क्वलटी लैब के अनुसार जितनी असमानता अंग्रेजों के राज में नहीं थी उससे कई गुना ज्यादा 2014 से लेकर 2023 तक बढ़ गई है। और अमीर और अमीर, गरीब और गरीब की यह स्थिति दुनिया में भारत को बहुत नीचे की श्रेणी में ले आई है। भारत से खराब स्थित केवल यमन पेरू जैसे कुछ ही देशों की है।



शकील अख्तर

> कांग्रेस के बैंक खाते सीज हैं। और लेटेस्ट उसको 3567 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस दिया गया है। याद रहे चुनाव की घोषणा के बाद। बीच चुनाव में। पहले फेज के नामांकन हो जाने के बाद। मतलब बीच खेल में नियम बदले जा रहे हैं। बीच खेल में नियम कब बदले जाते हैं जब हार का खतरा होता है। याद है जब बचपन में आप जीतने वाले होते थे तो कहा जाता था नहीं अब लेफ्टी बनकर बेटिंग करो ।

तो जो हमने ऊपर कहा था कि संशय के कारण बताएंगे। तो ये हैं संशय के कारण। बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी चिकित्सा व्यवस्था का खत्म होना, सरकारी शिक्षा का बंद होना, भयानक भ्रष्टाचार और उसमें भी जो मेरे पास आ जाए वह पवित्र और जो विपक्ष में हो उस पर कार्रवाई। एक मुख्यमंत्री जेल में हैं केजरीवाल। दूसरे मुख्यमंत्री झारखंड के हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी से ठीक पहले इस्तीफा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोचा था दोनों डर जाएंगे। मगर दोनों ने जैसी हिम्मत दिखाई उससे मोदी सकते में आ गए। और सबसे बड़ी बात दोनों की पत्नियों ने जिस हिम्मत से बाहर आकर अपनी बात कही। मुकाबला किया उसने तो देश में एक नई हिम्मत पैदा कर दी। सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन के गले मिलते फोटो को मीडिया को दिखाना पड़ा। इस एक फोटो ने हजारों शब्दों की कहानी कह दी।

मैसेज चला गया कि कोई नहीं डरने वाला। अब डर का समय बीत गया। रामलीला मैदान की महारैली ने माहौल पलट दिया। विपक्ष का इतना नेता एक साथ खड़ा हुआ कि मोदी का डर अब और सही लगने लगा। इससे पहले जो हमने बताया कि मोदी लगातार जीतते रहे तो उनके खिलाफ विपक्ष इससे पहले कभी इस तरह इकट्ठा नहीं हुआ था। आज उनके साथ कौन है। उड़ीसा में समझौता करते-करते बीजू जनता दल अचानक छिटक गया। पंजाब में भाजपा के सबसे पुराने सहयोगी अकाली दल ने मना कर दिया।

यही वह कारण हैं जो मोदी को संशय में डाल रहे हैं। इसलिए वे विपक्ष पर छापे, कार्रवाई, जेल, इनकम टैक्स को नोटिस सब हथियार उपयोग करके उसे चुनाव लड़ने से भी महरूम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे जितने पैसे से चुनाव लड़ते हैं तो सोच रहे हैं कि बिना पैसे कोई कैसे चुनाव लड़ लेगा?

मगर वे फिर भूल जाते हैं कि जैसे युद्ध में साधन ही सब कुछ नहीं होते साहस सत्य और उद्देश्य प्रमुख होते हैं। इसिलिए विरथ रघुवीरा विजयी होते हैं। और रथी नहीं! क्यों? इसका जवाब विभीषण को राम खुद ही देते हैं-

सुनहु सखा कह कृपानिधाना।
जेहिं जय होई सो स्यंदन आना।।

मतलब जिससे जय होती है वह रथ दूसरा ही है।
सौरज धीरज तेहि रथ चाका।
सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका।।

बल बिबेक दम परहित घोरे।
छमा कृपा समता रजु जोरे।।

अब इसका अर्थ बताने की जरूरत नहीं है। सब जानते हैं। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य शील उसकी मजबूत ध्वजा पताका। बल विवेक दम परोपकार ये चार उसके घोड़े हैं। जो क्षमा, दया, समता की डोर से रथ से जुड़े हुए हैं।


तो अब यह सब किसके साथ हैं। जो विरथ दिख रहा है उसी के। तो लगता है एक बार वह समय फिर आ गया!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# बहुसंख्यकवादी नैरेटिव को टेका लगाती फिल्में : स्वातंर्त्य वीर सावरकर

फिल्म जनसंचार का एक शक्तिशाली माध्यम है जो सामाजिक समझ को कई तरह से प्रभावित करता है। कई दशकों पहले भारत में ऐसी फिल्में बनीं जो सामाजिक यथार्थ को प्रतिबिंबित करती थीं और प्रगतिशील मूल्यों को बढ़ावा देती थीं- 'मदर इंडिया', 'दो बीघा ज़मीन' और 'नया दौर' ऐसी ही कुछ फिल्में थीं। कुछ बायोपिक फिल्मों ने भी यथार्थपरक आम समझ को विस्तार और समावेशी मूल्यों को प्रोत्साहन दिया. रिचर्ड एटनबरो की 'गांधी' और भगत सिंह के जीवन पर बनी कुछ फिल्में अत्यंत प्रेरणास्पद थीं। ये बायोपिक मेहनत और सावधानी से किए गए शोध पर आधारित थीं और अपने-अपने नायकों के वास्तविक चरित्र को परदे पर उकेरती थीं।

बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फ़िल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नज़रिए पर आधारित हैं। ऐसी सभी फिल्मों में सच को तोड़ा-मरोड़ा जाता है और ज्यादातर मामलों में हिन्दू राष्ट्रवादी नायकों का महिमामंडन किया जाता है। इनमें से अधिकांश फिल्मों में सच के साथ समझौता किया जाता है और झूठ को सच के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी ही एक फिल्म 'द कश्मीर फाईल्स' का प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जमकर प्रचार किया था। भाजपा के कई नेताओं ने थोक में इस फिल्म के टिकट खरीदकर अपने इलाके के लोगों को बांटे थे ताकि वे फिल्म देख सकें। इस फिल्म का प्रचार करने वालों का दावा था कि यह फिल्म कश्मीर का असली सच लोगों के सामने लाई है।



राम पुनियानी

> बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फ़िल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नज़रिए पर आधारित हैं।

इसी तरह की एक दूसरी फिल्म 'द केरेला स्टोरी' में इस्लाम में धर्म परिवर्तन करने वालों और इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल होने वालों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। इस तरह की कई फिल्में बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट गईं। इनमें शामिल थीं '72 हूरें' जिसमें आतंकवाद को राजनीति की बजाय धर्म से जोड़ा गया था। इस फिल्म में इस तथ्य को भी दबाया गया था कि हिन्दू धर्म में भी स्वर्ग में अप्सराओं के साथ आनंद करने की बातें कही गईं हैं। इसी तरह अन्य धर्मों में भी स्वर्ग में परियों की चर्चा है।

'द केरेला स्टोरी', 'द कश्मीर फाईल्स', '72 हूरें' इत्यादि का उद्देश्य है इस्लामोफोबिया फैलाना। दूसरी ओर गोडसे पर 2022 में बनी फिल्म में महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमागान किया गया था। इसमें संघ परिवार का वह पुराना झूठ फिर एक बार दुहराया गया था कि गांधीजी ने भगत सिंह को फांसी से नहीं बचाया और उनकी शहादत पर शोक व्यक्त करने वाले कांग्रेस के एक प्रस्ताव का विरोध किया। और अब आई है रणदीप हुड्डा की 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर'। यह झूठ का प्रचार करने में नई ऊंचाईयां अर्जित करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि भगत सिंह सावरकर से जा कर मिले और यह इच्छा व्यक्त की कि वे सावरकर की पुस्तक 'फर्स्ट वॉर ऑफ़ इंडीपेंडेंस' का मराठी से अंग्रेजी में अनुवाद करना चाहते हैं!

सच क्या है? कई क्रांतिकारियों ने इस पुस्तक को पढ़ा है और उसे सराहा भी है। मगर समस्या यह है कि यह पुस्तक मराठी में 1908 के आसपास प्रकाशित हुई थी और इसके एक साल बाद उसका अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित हो गया था। भगत सिंह का जन्म 1907 में हुआ था और वे अपने जीवन में कभी सावरकर से नहीं मिले।

फिल्म में सावरकर को यह कहते हुए दिखाया गया है कि भारत 1912 तक स्वाधीनता हासिल कर लेगा - अर्थात जब हमें स्वतंत्रता मिली उस से करीब 35 साल पहले। सच यह है कि 1910 से ही सावरकर अंडमान के सेल्ल्युलर जेल में थे और वहां से अंग्रेज सरकार से माफी मांगते हुए याचिकाएं लिख रहे थे. सन् 1912 तक वे ऐसी तीन याचिकाएं लिख चुके थे। इन सभी याचिकाओं में सरकार से उसका विरोध करने के लिए क्षमायाचना की गई थी और यह भी कहा गया था कि अगर उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाए तो वे निष्ठापूर्वक ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार रहेंगे। और जेल से रिहा होने के बाद सावरकर ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार बने रहे। हमारे स्वाधीनता संग्राम ने 1920 में जोर पकड़ा जब कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए असहयोग आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

फिल्म यह प्रश्न भी उठाती है कि किसी कांग्रेस के नेता को अंडमान जेल क्यों नहीं भेजा गया और क्यों उन्हें भारत के जेलों में रखा गया। पहली बात तो यह है कि इस तथ्य की सत्यता की पुष्टि की जानी होगी। दूसरी बात यह कि सन् 1920 के बाद से कांग्रेस और गांधीजी ने अहिंसा की राह अपना ली थी और इस कारण उनके अनुयायियों को अंडमान या फांसी की सजा नहीं दी गई और उन्हें भारतीय जेलों में ही रखा गया। भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को हिंसा में शामिल होने के कारण फांसी की सजा दी गई थी। चूंकि गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने अहिंसा के सिद्धांत का पालन किया इसलिए उसके सदस्यों को फांसी या अंडमान की सजा नहीं हुई।

यह फिल्म हमें बताती है कि भारत को अहिंसा के रास्ते नहीं वरन हिंसा के रास्ते स्वतंत्रता मिली। भारत में जो क्रांतिकारी सक्रिय थे उनमें से अधिकांश हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से थे। भगत सिंह और उनके साथियों की मृत्यु के बाद भारत में कोई बड़ा क्रांतिकारी आंदोलन नहीं हुआ। सावरकर के अभिनव भारत ने सावरकर द्वारा सरकार से क्षमायाचना करने के बाद ब्रिटिश सरकार का विरोध करना बंद कर दिया। सुभाषचन्द्र बोस, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था, 1945 में मारे गए और आजाद हिंद फौज के अफसरों और सिपाहियों को लालकिले में बंदी बनाकर रखा गया। अदालतों में इन युद्धबंदियों का बचाव करने के लिए जवाहर लाल नेहरू की पहल पर कांग्रेस ने एक समिति का गठन किया था।

फिल्म यह भी बताती है कि आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों से लड़ने की सलाह सावरकर ने ही बोस को दी थी! यह तथ्यों के एकदम विपरीत है। कांग्रेस छोड़ने के बाद ही बोस ने यह तय कर लिया था कि वे जर्मनी और जापान की मदद से ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध जंग छेड़ेंगे। जिस समय बोस ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध युद्धरत थे उस समय सावरकर हिंदू महासभा से यह अनुरोध कर रहे थे कि वह अधिक से अधिक संख्या में हिंदुओं को ब्रिटिश सेना में भर्ती करवाए ताकि द्वितीय विश्वयुद्ध में ब्रिटेन की शक्ति बढ़े।

हिन्दू महासभा के कलकत्ता अधिवेशन को संबोधित करते हुए सावरकर ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों से यह अपील की थी कि वे किसी भी तरह और हर तरह से यह प्रयास करें कि भारतीय युवा ब्रिटिश सेना में भर्ती हों। इसके अगले साल 1940 में गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया। उसी साल दिसंबर में हिंदू महासभा के सत्र को संबोधित करते हुए सावरकर ने हिंदू युवकों का आह्वान किया कि वे बड़े पैमाने पर ब्रिटिश सेना की विभिन्न शाखाओं में भर्ती हों।

सावरकर के बारे में लिखते हुए सुभाषचन्द्र बोस ने कहा था, 'ऐसा प्रतीत होता है कि सावरकर अंतरराष्ट्रीय स्थिति से नावाकिफ हैं और केवल यह सोच रहे हैं कि ब्रिटिश सेना में भर्ती होने से हिंदुओं को सैन्य प्रशिक्षण हासिल हो सकेगा।' बोस का निष्कर्ष था कि 'मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा से कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती।'

आजाद हिंद रेडियो के जरिए भारतीयों को संबोधित करते हुए सुभाषचन्द्र बोस ने कहा था, 'मैं मिस्टर जिन्ना, मिस्टर सावरकर और अन्य ऐसे सभी लोगों, जो अब भी ब्रिटिश सरकार के साथ समझौते की बात कर रहे हैं, से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि वे यह समझ लें कि आने वाली दुनिया में ब्रिटिश साम्राज्य नहीं होगा'।

जहां तक फिल्म में सावरकर और सुभाषचंद्र बोस को सहयोगियों की तरह प्रस्तुत करने का प्रश्न है, नेताजी के प्रपौत्र चन्द्रकुमार बोस ने फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद हुड्डा से कहा था, 'कृपया नेताजी को सावरकर से मत जोड़िए. नेताजी एक समावेशी और धर्मनिरपेक्ष नेता थे। वे देशभक्तों के देशभक्त थे'।

यह फिल्म आने वाले चुनावों के मद्देनजर हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति को मजबूती देने के लिए सच को तोड़ने-मरोड़ने का एक और प्रयास है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# गुरवाणी विचार

## बिलावल महला 5

नव मंदिर तनवेश कलंदर-छठ ही तीरथ

एक शब्द मेरे प्राण बसत है- बाहुड़ जनम न आंवां।

पांचवें नानक गुरु नानक अर्जुनदेव हमें समझा रहे हैं कि इस मन को प्रभु सिमरन भजन बंदगी पूजा अर्चना कर इतना पवित्र बना लेना चाहिए कि उसमें प्रभु परमात्मा स्वयं आ बिराजे और वह मंदिर स्वरूप हो जावे तथा तन को एक रमता जोगी की तरह मस्त बना लेना चाहिए। जिस पर हमारा मन हर वक्त प्रभु परमात्मा के ध्यान में ही रमा रहे। इस पर सांसारिक किसी भी बुराई का कोई भी असर दिखाई न दे। हमारे मन में प्रभु का एक एक शब्द भी बस गया तो फिर समझो हमारा कल्याण होना निश्चित है-

एक शब्द हरि मन बसे नानक होत निहाल। तथा

किनका एक जिस जीय बसावे ताकि महिमा गणी न आवे।

हम चाहे सारी उमर तीर्थों में स्नान करते रहें अगर हमारे मन की कड़ुवाहट उस तुम्बी की तरह रही जो अड़सठ तीर्थ के जल से स्नान करने पर भी कड़वी रह जाती है- लौकी अड़सठ तीरथ नावै कौड़ापन तो न जावै। हमें तो हमारे मन में ही आ जाये और हम उसमें डुबकी लगाते रहें। प्रभु नाम का संकीर्तन करते रहें। मन चंगा तो कठौती में गंगा। अतएव हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से इस बात की विनती करते रहना चाहिए कि वह हमारे हृदय में बैठ कर हर वक्त उससे अपना नाम जपाता रहे परन्तु हम तो जब भी मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे या चर्च जाते हैं हमारी लालसा हमारी अरदास केवल सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति में ही रहती है अर्थात हम प्रभु से मांगते रहते हैं कि हमें सुंदर मकान मिल जाए, धन दौलत मिल जाए इत्यादि इत्याति। जबकि हमें अच्छी तरह मालूम है कि यह सब चीजें मिथ्या हैं। इनमें से कोई भी वस्तु हमारे साथ नहीं जाने वाली है इसलिए तो प्रभु परमात्मा से यह अरदास करते रहना चाहिए हे प्रभु हमें चाहे वह छोटी सी कुटिया ही दे परन्तु हमारे हृदय में वह खुद निवास करें तथा हर वक्त हमारे से अपना नाम जपाता रहे। हमारा ध्यान हर वक्त अपने चरणों की तरफ रखे तथा हर वक्त विनती करते रहें कि -

जो सुख देहि तां तुझे आराधी। दुख भी तुझे धिआई।।

प्रभु दुख देकर हमारी परीक्षा लेता रहता है अपनी कसौटी में हमें कसता रहता है क्योंकि दुख सुख उसी की आज्ञा से हमें मिलता है। अगर हमें सुख ही सुख मिलता रहे तो फिर हमें प्रभु परमात्मा का ध्यान ही नहीं रहेगा इसलिए तो कहा गया है-दुख दारा सुख रोग भया। कोई मजदूर अगर मजदूरी करता है तो काम खतम हो जाने पर भी मजदूरी मांगता है परन्तु हम इतने नाशुकरे हैं कि प्रभु चिंतन करने से पहले ही हर वक्त अरदास करते रहते हैं प्रभु से मांगते रहते हैं हमें चाहिए तो यह कि हम अरदास करते रहें कि वह हमारे पर ऐसी कृपा करें जिस तरह कांटों में लग कर भी फूल मुस्कुराता रहता है ऐसे ही हम विपरीत परिस्थितियां आने पर भी मुस्कराते रहें ऐसी हिम्मत से उनका मुकाबला करते रहें।

हमारे पास परमात्मा को देने के लिए है ही क्या। क्योंकि हमारा प्रत्येक अंग उस प्रभु का दिया हुआ है तथा वह परमात्मा चींटी के चलते गूंगे के बोलने तक की आवाज हर वक्त सुनते रहता है तब हमारे हृदय की किसी भी बात से कैसे अनभिज्ञ रह सकता है-

घट घट के अंतर की जानत भले बुरे की पीर पछानता।

चीटीं ते कुंचर असथूला सब पर कृपा दृष्टि कर फूला।।

इसीलिए हमारे ईश नमन करते रहने से ही वह हमारे मन की भावना समझ सकता है।

बिन बोलेया सब किद जानदां तिस आगै करी अरदास।

अतएव हमें चाहिए कि हम तक धरती पर रहें सब प्राणियों से प्यार करते रहें किसी प्राणी का दिल न दुखावें और प्रभु चरणों में भक्त कबीर दास सरीखे चित को लगाए रखें। तनना बुनना त्याग के प्रीत चरण कबीरा। हमारे जीवन का एक एक श्वांस कीमती है और सिर्फ एक श्वांस के सिमरन से भी प्रभु परमात्मा को पाया जा सकता है। हमें जीवन के श्वांसों की कीमत मालूम पड़ेगी और हमने इन श्वांसों को यों ही गंवा दिया है ऐसा जब हमें अहसास होगा तब हमारे गम की कोई सीमा नहीं रहेगी क्योंकि हमने बहुत बड़ा धोखा खा लिया होगा क्योंकि जब बुढ़ापा आ जाएगा तो इंद्रियां शिथिल हो जाएगी। चलने-फिरने की शक्ति सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाएगी तब फिर हम क्या खाक सिमरन बंदगी कर सकेंगे? अतः हमें कभी सांसारिक धन संपत्ति, ऐश्वर्य तथा पद, अधिकार से ही कभी अपने ाप को सुखी महसूस नहीं समझना चाहिए। ऐसा जो मानते हैं वे महान अज्ञानी हैं।

**इंदर सिंह आहूजा**

# आपके पत्र

## कंपनियों के कब्जे में पीने का पानी

वैश्विक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) ऑक्सफैम (ऑक्सफोर्ड कमेटी फॉर फेमिन रिलीफ) द्वारा 21 मार्च 2024 को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे प्रभावशाली खाद्य और कृषि कंपनियों में से केवल एक चौथाई ने ही अपने पानी के उपयोग को कम करने और जल प्रदूषण को कम करने का वादा किया है।

ऑक्सफैम का विश्लेषण 22 मार्च को 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के 'विश्व जल दिवस' से एक दिन पहले आया है। यह बताता है कि 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के आंकड़ों के मुताबिक दो अरब लोग अभी भी विश्वसनीय रूप से सुरक्षित पेयजल तक नहीं पहुंच सकते हैं, जबकि ताजे पानी की निकासी का लगभग 70 फीसदी कृषि क्षेत्र में जाता है।

ऑक्सफैम ने पाया कि इनमें से केवल 28 फीसदी कंपनियों के पास पानी के उपयोग को कम करने की योजना है और केवल 23फीसदी के पास जल-प्रदूषण को रोकने की योजना है। साथ ही, आधे से भी कम कंपनियों - 350 में से 108 - ने यह भी बताया कि उन्होंने पानी की कमी वाले स्थानों से कितना पानी लिया है।

पानी की कमी वैश्विक कल्याण के लिए एक बड़ी बाधा है, जलवायु संकट पहले से ही समस्या को बढ़ा रहा है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के 'जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल' (आईपीसीसी) के अनुसार, वर्तमान में पृथ्वी पर लगभग आधे लोग हर साल कम-से-कम एक महीने के लिए पानी की गंभीर कमी का अनुभव करते हैं। उत्तरी केन्या, दक्षिणी इथियोपिया और सोमालिया के कुछ हिस्सों में ऑक्सफैम ने पाया कि 2023 में 90फीसदी पानी के बोरहोल सूख गए थे।

इसके अलावा, क्षेत्र में 5 में से 1 व्यक्ति के पास पर्याप्त सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं थी। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' ने निष्कर्ष निकाला कि जलवायु संकट के कारण हॉर्न-ऑफ-अफ्रीका में सूखा अधिक गंभीर हो गया था और वैश्विक हाई टेम्परेचर के कारण इसी तरह के सूखे की संभावना 100 गुना अधिक हो गयी थी। ऑक्सफैम-फ्रांस के कार्यकारी निदेशक सेसिल डुफ्लोट ने एक बयान में कहा कि 'जब बड़े निगम पानी को प्रदूषित करते हैं या भारी मात्रा में पानी का उपभोग करते हैं, तो लोगों को इसकी कीमत खाली कुंओं, अधिक महंगे पानी के बिलों और दूषित व 'पीने योग्य नहीं' वाले जलस्रोतों के रूप में चुकानी पडती है।'' कम पानी का मतलब है, अधिक भूख, अधिक बीमारी और अधिक लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना।'

जलवायु-प्रेरित चरम मौसम की घटनाओं के बावजूद, जिसने जल-संसाधनों पर दबाव बढ़ा दिया है, प्रमुख कंपनियों ने अपने व्यवसाय मॉडल में बदलाव नहीं किया है। उदाहरण के लिए, पानी को बोतलबंद करना और पुनः बेचना एक सामान्य कॉर्पोरेट प्रथा है, जो 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के अनुसार, सभी के लिए सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के 'सतत विकास लक्ष्य' (एसडीजी) में बाधा डालती है।

ऑक्सफैम ने बताया कि मई 2023 में फ्रांस के पुय-डी-डोम विभाग में सूखे के कारण अधिकारियों को दो महीने के लिए अपने हजारों निवासियों के पानी के उपयोग को प्रतिबंधित करना पड़ा। हालांकि, डैनोन की सहायक कंपनी 'सोसाइटी डेस ईओक्स डी वोल्विक' को अभी भी अपने बॉटलिंग प्लांट के लिए, सूखे के दौरान, अप्रतिबंधित मात्रा में भूजल निकालने की अनुमति थी। उस वर्ष, डैनोन ने 956 मिलियन डालर का मुनाफा कमाया और शेयरधारकों को 1,344 मिलियन डालर का पुरस्कार दिया।

जल-न्याय सुनिश्चित करने के लिए, ऑक्सफैम के मुताबिक, सरकारों को पानी को एक मानव अधिकार के रूप में मानना चाहिए; जब कंपनियां पर्यावरण या मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन करती हैं तो उनके लिए नियम लागू करना और जल, स्वच्छता और स्वच्छता सेवाओं में निवेश करना चाहिए। ऑक्सफैम के डुफ्लोट ने कहा, 'स्पष्ट रूप से हम निगमों की सद्भावना पर भरोसा नहीं कर सकते- सरकारों को उन्हें अपने कार्य को साफ करने और लाभ की प्यास से साझा सार्वजनिक वस्तुओं की रक्षा करने के लिए मजबूर करना चाहिए।'

**-उपेन्द्र शंकर**
**सामाजिक कार्यकर्ता व पानी पर कार्य करते हैं।**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## कैलिफोर्निया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस**, 31 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हवाई अड्डे के पास छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, एकल इंजन वाला टीबीएम विमान एन960एलपी उत्तरी कैलिफ़ोर्निया के छोटे से पहाड़ी शहर ट्रकी में स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 6:38 बजे ट्रकी ताहो हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय ग्लेनशायर डीआर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों में डर का माहौल : रिपोर्ट

**कराची,** 31 मार्च (एजेसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले ने देश में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को हिला कर रख दिया है।

पाकिस्तान के एक सुरक्षा विश्लेषक का कहना है कि रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोग सुरक्षा चिंताओं के कारण देश छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

■ कुछ लोग सुरक्षा चिंताओं को लेकर देश छोड़ने पर कर रहे विचार

हालांकि, पाकिस्तान की सरकार ने अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का बार-बार वादा किया है, लेकिन विश्लेषक ने कहा कि हालिया घटना ने विश्वास को जड़ से हिला दिया है।डॉन में पाकिस्तानी सुरक्षा विश्लेषक मुहम्मद अमीर राणा लिखते हैं कि चीनी सोशल मीडिया में इस पर काफी चर्चा हो रही है। लोग पाकिस्तान में रह रहे चीन के नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए सख्त सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं।

खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी घटना के बाद



चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर काम बंद कर दिया है- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला 5वां एक्सटेंशन बांध।

पाकिस्तान सुरक्षा विश्लेषक ने कहा कि क्षेत्र के कुछ निवासी शिनजियांग में उइघुर समुदाय के प्रति सहानुभूति रखते हैं, और कुछ लोग अपने देश में विदेशियों की मौजूदगी को नापसंद करते हैं। इलाके में चीनी नागरिकों के बारे में बहुत अच्छी धारणा नहीं है। इसका एक उदाहरण पिछले साल दासू बांध स्थल पर एक चीनी अधिकारी के खिलाफ ईशनिंदा के आरोप में देखा गया। उन्होंने कहा कि इस घटना ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तनाव कभी भी भड़क सकता है।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में दो सैनिकों की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में रविवार को एक आतंकवादी हमले में कम से कम दो सैनिक मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सैन्य सूत्र ने 'शिन्हुआ' को बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने ग्वादर शहर से लगभग 25 किमी उत्तर पश्चिम में अकरा कौर बांध क्षेत्र में सैजी पर्वत पर पाकिस्तानी सेना की बम निरोधक टीम पर घात लगाकर हमला किया। सूत्र के मुताबिक बम निरोधक दस्ता सुरक्षा बलों द्वारा काम में लिए जाने वाले मार्ग पर सफाई अभियान चला रहा था। इसी दौरान आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। सूत्र ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी के दौरान दो सैनिकों की जान चली गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। आतंकवादियों में से किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## बाइडेन ने नॉर्थ डकोटा डेमोक्रेटिक प्राइमरी में हासिल की जीत

**वाशिंगटन,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नॉर्थ डकोटा के डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी में जीत हासिल की है। स्टेट पार्टी ने शनिवार को यह घोषणा की। नॉर्थ डकोटा के प्राथमिक चुनाव में, 13 प्रतिज्ञा किए गए प्रतिनिधि उपलब्ध हैं, और मतदान प्रक्रिया मुख्य रूप से मेल-इन मतपत्रों के उपयोग के माध्यम से आयोजित की गई थी। संभावित रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गत चार मार्च को आयोजित नॉर्थ डकोटा रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति कॉकस में सभी 29 प्रतिनिधियों को सुरक्षित करते हुए विजयी हुए।

बाइडेन और ट्रंप दोनों ने मार्च की शुरुआत में अपनी-अपनी पार्टी का



■ मतदान प्रक्रिया मेल-इन मतपत्रों के उपयोग के माध्यम से की गई थी

नामांकन प्राप्त किया था और नवीनतम जीत ने केवल उनके प्रतिनिधियों की संख्या में इजाफा किया है जिसका अर्थ है कि परिणाम काफी हद तक प्रतीकात्मक हैं। वर्ष 2020 की नामांकन प्रक्रिया के दौरान, बाइडेन को नॉर्थ डकोटा में वर्मोंट के सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने हराया था।

## अमेरिकी दूरसंचार ऑपरेटर का डेटा लीक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी दूरसंचार ऑपरेटर एटी एंड टी के 7.3 करोड़ ग्राहकों का निजी डेटा लगभग दो सप्ताह पहले डार्क वेब पर लीक हो गया था।

कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एटी एंड टी ने निर्धारित किया है कि एटी एंड टी डेटा-विशिष्ट फ़ील्ड लगभग दो सप्ताह पहले डार्क वेब पर जारी किए गए डेटा सेट में शामिल थे। बयान में कहा गया है कि डार्कनेट पर पाया गया डेटाबेस 2019 का है, जो लगभग 76 लाख वर्तमान एटीएंडटी खाताधारकों और लगभग 6.54 करोड़ पूर्व खाताधारकों को प्रभावित कर रहा है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 1 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। किसी तीर्थ यात्रा पर जाने की संभावना है।

वृषभ - आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

मिथुन - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आप मित्रों और मेहमानों के साथ भोजन या पिकनिक का आनंद उठाएंगे। आप नए परिधान, आभूषण और वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं।

कर्क - आज आपकी चिंताएं दूर होगी। आप खुशी अनुभव कर सकेंगे। परिजनों के साथ समय व्यतीत करके आनंद प्राप्त कर सकेंगे। आपको काम में सफलता और कीर्ति मिलेगी। नौकरी में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज आप स्वयं को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकेंगे। आपकी सृजनशीलता में अधिक निखार आएगा। लेखन और साहित्य में कुछ नई रचना कर सकेंगे। प्रियजन के साथ की मुलाकात आनंददायक रहेगी।

कन्या - आपको थोड़ी कठिन परिस्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपका स्वास्थ्य थोड़ा खराब होगा और किसी बात का डर मन में लगा रहेगा। मां के साथ मतभेद हो सकता है। सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

तुला - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है। किसी सामाजिक समारोह में उपस्थित रहने के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक - आज आपके कुटुंब में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सम्बंधियों और मित्रों से मिलेंगे, स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के पीछे खर्च हो सकता है। आप आभूषण और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी कर सकेंगे।

धनु - आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आपका दिन धार्मिक कामों में व्यस्त होगा। किसी धार्मिक काम में आपके पैसे खर्च होंगे। परिजनों और सम्बंधियों के साथ बातचीत में ध्यान रखना पड़ेगा, अन्यथा आपकी वाणी से उनका मन दुखी हो सकता है।

कुंभ - आज आप नए काम हाथ में लेंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा। नौकरी- धंधे में आय के नए स्रोत खड़े होंगे। आपको अपने मित्रों से लाभ हो सकेगा। समाज में आप मान- सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आज का दिन आपके लिए अच्छा फलदायक रहेगा। आप कामकाज में सफलता प्राप्त करेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से मिलनेवाला प्रोत्साहन आपके उत्साह में वृद्धि करेगा। व्यापार और आय में वृद्धि होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान में बारिश से 10लोगों की मौत,12 घायल



**इस्लामाबाद,** 31 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पिछले दो दिन के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।

एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बताया कि मृतकों में आठ बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं जबकि घायलों में नौ बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

पीडीएमए ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई मूसलाधार बारिश में पूरे प्रांत में करीब 27 घर क्षतिग्रस्त हो गए। बयान में कहा गया है कि प्रभावित इलाकों में बचाव दल को भेजा गया है और मृतकों के शवों तथा घायलों को अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पीडीएमए ने बताया कि बारिश में जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें आश्रय और आवश्यक सहायता प्रदान की गई है।

## तंजानिया में भारी बारिश से 1,600 से अधिक लोग बेघर


**दार एस सलाम।** तंजानिया के दक्षिणी लिंडी क्षेत्र के नाचिंगवेआ जिले में भारी बारिश के कारण 699 घर नष्ट होने से कम से कम 1,660 लोग बेघर हो गए हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नचिंगवीया जिला आयुक्त मोहम्मद मोयो ने शनिवार को कहा कि कुछ प्रभावित लोगों की सार्वजनिक स्कूलों में अस्थाई रूप से रहने का इंतजाम कर दिया गया है जबकि मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने नाचिंगवे जिले में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि अधिकांश घर अपूरणीय रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और जिला अधिकारी बारिश के कारण हुई तबाही की पूरी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। मोयो ने कहा कि भारी बारिश ने फसलों को नष्ट कर दिया है। सबसे अधिक प्रभावित नैपंगा वार्ड का नागागा गांव है।

## इंडोनेशियाई सैन्य परिसर में विस्फोट,130 परिवारों को निकाला

**जकार्ता,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पास एक सैन्य गोला-बारूद गोदाम में शनिवार शाम हुए विस्फोट के बाद 130 से अधिक परिवारों को निकाला गया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट जकार्ता की पूर्वी सीमा से लगभग सात किमी दूर पश्चिम जावा प्रांत के बोगोर रीजेंसी के सिआंगसाना गांव में जयकार्ता क्षेत्रीय सैन्य कमान के स्वामित्व वाले गोदाम में हुआ। रिपोर्टों से पता चलता है कि विस्फोट की आवाज सात किमी के दायरे में सुना गया था। पश्चिम जावा के कार्यवाहक गवर्नर बे माचमुदीन ने शनिवार को स्थानीय मीडिया को बताया कि निकाले गए लोगों को वर्तमान में दो अलग-अलग अस्थायी आश्रयों में रखा जा रहा है। क्षेत्रीय सैन्य कमान के प्रमुख मोहम्मद हसन के अनुसार रविवार तड़के करीब 3:45 बजे फायर ब्रिगेड ने विस्फोटों को बुझाने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हसन ने बताया कि आग सैन्य परिसर के भीतर एक गोदाम में लगी थी, जिसका इस्तेमाल समाप्त हो चुके गोला-बारूद के भंडारण के लिए किया जाता था।



## म्यांमार में विस्फोट से दो बच्चों समेत तीन की मौत

**यांगून,** 31 मार्च (एजेंसियां)। म्यांमार के यांगून क्षेत्र के हमावबी टाउनशिप में शनिवार को हुए विस्फोट में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमावबी टाउनशिप प्रशासन कार्यालय के एक अधिकारी ने आज बताया कि स्थानीय समयानुसार शनिवार को शाम चार बजे यांगून क्षेत्र के हमावबी टाउनशिप में यांगून-पाय रोड पर एक बस स्टॉप के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि बस स्टॉप के पास कूड़े के ढेर में विस्फोट के कारण कूड़ा बीनने वाली एक महिला और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।



स्थानीय पुलिस के अनुसार बुधवार से शनिवार तक यांगून क्षेत्र में कुल नौ विस्फोट हुए, जिनमें चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।

## आईडीएफ ने हमास के चार वरिष्ठ नेताओं को उतारा मौत के घाट

**तेल अवीव**, 31 मार्च (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने गाजा सिटी के अल-शिफा अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान हमास के चार वरिष्ठ नेताओं को मार डाला। वे वहां छिपे हुए थे। आईडीएफ के अनुसार मृतकों में से एक राड थाबेट, हमास की भर्ती टीम का प्रमुख था और एक अन्य महमूद खलील ज़कज़ुक गाजा शहर में हमास की रॉकेट यूनिट का डिप्टी कमांडर था। अन्य दो मृतकों की पहचान हमास के वरिष्ठ कार्यकर्ता फादी ड्विक और जकारिया नजीब के रूप में की गई है।

आईडीएफ ने कहा कि ड्विक हमास का वरिष्ठ खुफिया अधिकारी था और 2002 में वेस्ट बैंक में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। इसमें चार इजराइली नागरिकों की मौत हो गई थी। आईडीएफ ने कहा कि ज़कारिया नजीब हमास के वेस्ट बैंक मुख्यालय में एक वरिष्ठ कार्यकर्ता था और वेस्ट बैंक में इज़राइल पर हमलों को अंजाम देने और



■ अल-शिफा व अल-नासिर अस्पतालों में चल रहा है तलाशी अभियान

साजिश रचने में शामिल था।

आईडीएफ ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर में गोलीबारी जारी है और उसके सैनिकों ने अस्पताल के अंदर लगभग 200 हमास कार्यकर्ताओं को मार डाला है। बयान में यह भी कहा गया कि आईडीएफ ने शनिवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके में हमास के कई बंदूकधारियों को मार डाला।

सेना ने कहा कि इज़राइली वायु सेना ने भी अल-अमल और अल-कुरारा क्षेत्र में हवाई हमले किए।

## आज का इतिहास

1778- न्यू ऑरलियन्स के व्यापारी ओलिवर पोलक ने 'डॉलर' का प्रतीक बनाया।

1789- फ्रेडरिक मुहलेनबर्ग संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के सख्त आदेश के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन गए, जो अमेरिकी सरकार के उद्देश्यों के लिए घर के एक प्रमुख को परिभाषित करता है।

1826- शमूएल मोरी एक आंतरिक दहन इंजन का पेटेंट किया।

1829- विसेंट ग्युरेरो मेक्सिको के राष्ट्रपति बने।

1833- 18 मैक्सिकन राज्यों के 16 विधायिकाओं ने जनरल एंटोनियो लोपेज़ डी सांता अन्ना को मैक्सिको के राष्ट्रपति चुना।

1833- मैक्सिकन टेक्सास ने सैन फेलिप डी ऑस्टिन से बुराई का मुकाबला करने के लिए मुलाकात की।

1850- एस एफ काउंटी सरकार की स्थापना की गयी।

1852- दूसरा एंग्लो-बर्मा युद्ध आरम्भ हुआ।

1854- हार्ड टाइम्स ने चार्ल्स डिकेंस पत्रिका घरेलू शब्दों में क्रमिकरण शुरू किया।

1863- अमेरिका में पहली बार युद्धकाल का भर्ती कानून प्रभाव में चलाया गया।

1867- अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी पेरिस में खोली गयी।

1868- हैम्पटन सामान्य और कृषि संस्थान हैम्प्टन के वर्जीनिया में स्थापित किया गया।

1886- अमेरिका में कामगारों के लिये समय निर्धारित करने के लिए हड़ताल की गई, जिसके उपरांत एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया।

1893- अमेरिका में नौसेना चीफ पैटी ऑफिसर के पद पर स्थापित किया गया।

अपील

## गुटेरेस ने की लेबनान में संरा पर्यवेक्षकों पर हमले की निंदा, बोले
# शांति सैनिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए

**मॉस्को, 31 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इजरायल की सीमा से सटे लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के तीन पर्यवेक्षकों पर हमले की निंदा की है और सभी पक्षों के बीच संकट के राजनयिक समाधान का आह्वान किया है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजार्रिक ने यह जानकारी दी। लेबनानी मीडिया ने शनिवार को बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने सीमावर्ती शहर रमीश के पास वाडी कटमौन के दक्षिणी गांव में यूएनआईएफआईएल के एक वाहन को निशाना बनाया।**

यूएनआईएफआईएल के एक प्रवक्ता ने बाद में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि इजरायल के साथ सीमा पर पैदल गश्त के दौरान तीन सैन्य पर्यवेक्षक और उनके लेबनानी दुभाषिया घायल हो गए थे। इजरायली रक्षा बलों ने लेबनान में यूएनआईएफआईएल के वाहन पर हमला करने से इनकार किया है। दुजार्रिक की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि महासचिव ने आज ऑब्जर्वर ग्रुप लेबनान (ओजीएल) के गश्ती दल पर हमले की निंदा की, जिसमें संयुक्त राष्ट्र युद्ध विराम पर्यवेक्षण संगठन के तीन ओजीएल सैन्य पर्यवेक्षक और एक भाषा सहायक घायल हो गए। यूएनआईएफआईएल मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि शांति सैनिकों की सुरक्षा और संरक्षा हर समय सुनिश्चित की



जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस ने सभी पक्षों से संकल्प 1701 के अनुसार शत्रुता समाप्ति के और उल्लंघनों से बचने तथा संकट का राजनयिक समाधान खोजने का भी आह्वान किया। लेबनानी शिया संगठन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अक्टूबर 2023 से नियमित रूप से हवाई हमले जारी हैं। फिलिस्तीनी आंदोलन की ओर से अचानक हमला शुरू करने और सैकड़ों लोगों का अपहरण करने के बाद इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ सैन्य अभियान की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद क्षेत्र में स्थिति नाटकीय रूप से बिगड़ गई थी।

## अपशिष्ट संकट को लेकर संयुक्त राष्ट्र का आह्वान

**बीजिंग।** 'अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस' के अवसर पर 30 मार्च को एंटोनियो गुटेरेस ने एक वीडियो संदेश देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपशिष्ट संकट को संयुक्त रूप से संबोधित करने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा ग्रह कचरे से भरता जा रहा है। हर साल 2 अरब टन से अधिक नगरपालिका ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जिसके पृथ्वी की जलवायु, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य के लिए विनाशकारी परिणाम होते हैं। कचरे के अपघटन से न केवल वातावरण में ग्रह को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं, बल्कि पानी और मिट्टी भी प्रदूषित होती है, जिससे बीमारी और मृत्यु भी होती है।

## सुडोकू 6511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 6 | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | 1 | | 7 | 9 | | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| | | 7 | | 8 | 3 | | 2 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 7 | 8 | | | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6511

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. पैसा जमा करना
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है।
११. पेट, उदर
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय, भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-6510

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | धु | २ सू | द | ३ न | ■ | ४ अ | नि | ५ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ६ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ७ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ द |
| द | ■ | न | ■ | १० तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | ११ नि | या | १२ म | क | ■ | ■ | १३ हा | शि | या |
| ■ | ष्फ | ■ | नो | ■ | १४ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | णा | ■ | १७ त | १८ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १९ क | ल | २० प | ■ | क्त | ■ |
| २१ दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २२ द | ल | प | २३ ति |
| व | ■ | २४ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### स्पेसएक्स ने 23 और स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह अंतरिक्ष में किया प्रक्षेपित

**लॉस एंजिलिस,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी 'स्पेसएक्स' ने शनिवार को 23 और स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। उपग्रहों को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 0130 बजे अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया।



कंपनी ने बाद में 23 उपग्रहों के कक्षा में स्थापित किए जाने की पुष्टि की। स्पेसएक्स के अनुसार स्टारलिंक उन स्थानों पर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट पहुंचाएगा जहां पहुंच अविश्वसनीय, महंगी या पूरी तरह से अनुपलब्ध है।

# प्रादेशिकी

## पंजाब में चार हथियार तस्कर गिरफ्तार, नौ पिस्तौल बरामद

**चण्डीगढ़।** पंजाब पुलिस की आंतरिक सुरक्षा शाखा ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ अवैध पिस्तौलों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार तस्कर आपराधिक गिरोहों को हथियार आपूर्ति करने में शामिल थे। उन्होने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और तस्करो के संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। श्री यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध और अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

# चकराता में मुख्यमंत्री धामी ने किया चुनावी जनसभा को सम्बोधित

■ अमरनाथ तिवारी

**विकासनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चकराता विधानसभा के सहिया मंडी मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में वोट की अपील की। उन्होंने मंच से उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट से भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत का दावा किया। इससे पूर्व उन्होंने वीर नंतराम नेगी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

■ भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगा जीत का आशीर्वाद

■ जनसभा में मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धियां



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चकराता विधानसभा के सहिया मंडी परिसर में माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पांचों सीटों समेत पूरे देश में भाजपा प्रचंड मतों से जीतेगी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता आतुर है। प्रधानमंत्री ने आमजन मानस के लिए कई योजनाएं बनाई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस को भ्रष्टाचार और परिवारवाद वाली पार्टी करार दिया है।

इस दौरान धामी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा तीन तलाक से लेकर धारा 370 यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों को गिनाते हुए जनता से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि चकराता विधानसभा क्षेत्र में चकराता टाउनशिप के लिए धन स्वीकृत हो चुका है। जमुना तीर्थ के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकार ने देश का सबसे मजबूत नकल विरोधी कानून बनाया। समान नागरिक संहिता के साथ दंगा विरोधी कानून भी बनाया। लैंड जिहाद पर भी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दावा किया कि प्रदेश में 500 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। देश में 400 पार का लक्ष्य पूरा कर फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है।

इसके बाद सीएम धामी ने टिहरी के लंबगांव इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा की। साथ ही टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील की। इस दौरान सीएम धामी ने कारगिल शहीद बिजेंद्र सिंह चौहान के घर जाकर शहीद के परिजनों से मुलाकात की।

## एजेंसियों का दुरूपयोग कर मनमानी कर रही भाजपा : मनजीत

**भिवानी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर अपनी मनमानी करने पर उतारू है,जो सरासर लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए टैक्स टेररिज्म के खिलाफ शनिवार को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने स्थानीय चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के समक्ष विरोध जताया तथा युवाओं को सरकार की टैक्स टेररिज्म के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। इस मौके पर मनजीत लांग्यान एवं छात्र नेता मोहित सरपंच ने कहा कि भाजपा सरकार सभी कानूनों एवं लोकतंत्र से ऊपर उठकर अपनी मनमानी पर उतारू है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होते हुए भाजपा द्वारा विपक्षी दलों पर ईडी व सीबीआई की छापेमारी की जा रही है, जबकि आचार संहिता लगने के बाद इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनाव हारे जाने का डर सता रहा है तथा वह इस डर व बौखलाहट में इस प्रकार की कार्रवाई कर रही है।

# ओपीएस मांगने पर भाजपा ने कर्मचारियों का उड़ाया मजाक , कहा चुनाव लड़ो : कांग्रेस



**शिमला,** 31 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल तथा डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ही कर्मचारियों की हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को हुए पूरा करते हुए 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया और इसे पुराने स्वरूप में लागू किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ऐसा करना वाले हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है। जबकि, राजस्थान में चुनाव के बाद वहां भाजपा सरकार बनते ही पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया है। दोनों ने कहा कि केवल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही सरकारी कर्मचारियों के हित सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन प्रदान करने पर केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर कई प्रकार की पांबदियां लगाईं। केंद्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता को कम किया लेकिन इसके बावजूद वर्तमान राज्य सरकार का संकल्प है कि कर्मचारियों को ओपीएस हर हाल में दी जाएगी। यही नहीं, केंद्र सरकार एनपीएस के 10 हजार करोड़ रुपए पर कुंडली मारे बैठी है।

■ केवल कांग्रेस सरकार में ही कर्मचारियों के हित सुरक्षित

बुटेल और पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब भाजपा सरकार थी, तो कर्मचारियों को ओपीएस मांगने पर लाठियां मिलीं, उन पर पानी की बौछारें छोड़ी गई और मज़ाक़ बनाते हुए कर्मचारियों को चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन के लिए लंबा संघर्ष किया और वर्तमान सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बिना किसी राजनीतिक कारण के कर्मचारियों का बुढ़ापा सुरक्षित किया, ताकि उन्हें वृद्धावस्था में किसी के आगे हाथ न फैलाने को मजबूर न होने पड़े और वह आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें। सरकारी कर्मचारियों ने जीवन भर हिमाचल प्रदेश के विकास में योगदान दिया है और उनकी कड़ी मेहनत से ही तरक्की के नए आयाम स्थापित हुए हैं। इसलिए, पुरानी पेंशन के माध्यम से उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों ने कहा कि मात्र सवा साल के कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने कर्मचारियों को पहले तीन प्रतिशत और अब चार प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी किया है। उन्होंने कहा कि बागी आज कर्मचारी विरोधी भाजपा के साथ खड़े हैं और भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ रहे हैं।

**सार संक्षेप**

## मेवात माडल स्कूलों के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मेवात माडल स्कूलों के कर्मचारियों ने रविवार को आरोप लगाया कि स्कूलों का शिक्षा विभाग में समायोजन कर्मचारियों के लिए अभिशाप बन गया है और कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़ गये हैं।मेवात माडल स्कूल्स एसोसिएशन के प्रधान विजेन्द्र सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश खटाना ने बताया कि कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और संगठन शिक्षा निदेशालय के चक्कर लगा लगा कर थक चुके हैं, लेकिन अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों पर जबरन अनुचित और अनर्गल शर्तें लगायी जा रही है। एसोसिएशन के अनुसार मेवात जिले के सभी खंडों में आठ मेवात माडल स्कूल हैं और इनमें करीब 350 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें 250 शिक्षक और करीब 100 गैर शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। हरियाणा सरकार ने 12 जनवरी,2022 को मेवात माडल स्कूलों को स्टाफ सहित शिक्षा विभाग में समायोजित करने की नोटिफिकेशन जारी की थी। दो साल बीतने के बावजूद स्कूलों में कार्यरत टी.जी.टी. अध्यापकों के नियुक्ति पत्र अभी तक जारी नहीं हुये हैं। मामला अभी भी माध्यमिक शिक्षा एवं मौलिक शिक्षा विभाग के बीच फंसा हुआ है। इस संबंध में एसोसिएशन कई बार अपना दुखड़ा अधिकारियों को सुना चुकी है , लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। नियमितीकरण के पात्र अनुबंध कर्मचारियों को नियमित भी नहीं किया जा रहा है।

## जालंधर में दो मोबाइल फोन चोर गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि शहर से अपराध को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत कमिश्नरेट पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इसी मुहिम के तहत पुलिस पार्टी इलाके में गश्त कर रही थी तो उन्हें दो चोरों के बारे में सूचना मिली। श्री शर्मा ने बताया कि इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस पार्टी ने बताये गये स्थान पर छापा मारा और दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि चोरों की पहचान दमन थापर निवासी आबादपुरा जालंधर और संदीप कुमार निवासी नजदीक राम लीला ग्राउंड लाठीमार मोहल्ला जालंधर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किये हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान आरोपी के खुलासे पर दो और मोबाइल फोन बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि दमन के खिलाफ एक प्राथमिकी लंबित है जबकि संदीप के खिलाफ पहले से ही दो मामले दर्ज हैं।

# इलेक्शन फेस करने की स्थिति में नहीं है सरकार : रणधीर शर्मा

## कांग्रेस के कुछ और भी विधायक भाजपा में आ सकते हैं



■ निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न करना असंवैधानिक और गैर कानूनी

**शिमला,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी विधायक एवम भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले एक डेढ़ महीने के घटनाक्रम से जो हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस समर्थक विधायकों की संख्या 43 से घटकर 34 पर आ गई है उससे हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नेताओं में निराशा और हताश है और मुख्यमंत्री समेत वह सभी नेता निराशा हताशा के कारण इतनी बौखलाहट में है कि वह आए दिन निम्न स्तरीय बयान बाजी कर रहे हैं। जिन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ा है उन विधायकों पर बिना प्रमाण के बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे हैं कि वह विधायक बिक गए है उन विधायकों को काले नाग की संज्ञा दि जाती है कभी उन विधायकों को भेड़ कहा जाता है और कभी उनको मेंढक की संज्ञा दी जाती है,

उहोंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं विशेष कर मुख्यमंत्री जो निराधार तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री स्तर के नेता को बिना तथ्यों के आरोप लगाना शोभा नहीं देता या तो अपने आरोपों के साथ प्रमाण दें अन्यथा इस बयान बाजी को तुरंत बंद करें। आज उनके विधायकों की संख्या 43 से घटकर 34 पर आग गई है जिन विधायकों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ा है वह खुलकर अपनी बात कर रहे हैं उन्होंने शुरू से कहा है कि वह इस सरकार की एक साल की नीतियों से परेशान और तंग मुख्यमंत्री के कार्य शैली में उन्हें इस कदर एहसास हुआ कि वह उस पार्टी को छोड़ने पर मजबूर हो गए जिसमें उन्होंने अपना पूरा जीवन व्यतीत किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में अपने चुनावी वादों को पूरा करना तो दूर अपनी गारंटीयों को पूरा करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति आज देशभर में आकर्षण और देश भर से कांग्रेस पार्टी के नेता अन्य विपक्षी दलों के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे है, क्योंकि मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान देशहित और जनहित में अनेक नीतियां बनाई और अनेक विकास के नए आयाम खड़े किए। रणधीर शर्मा ने कहा कि आज देश का हर नागरिक जानता है की अगर हर क्षेत्र में विकसित हुआ है चाहे वह इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, स्वास्थ्य संस्थान खुलने की बात हो, रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की बात हो, गरीब लोगों के हित में चलाई गई अनेक योजनाओं की बात हो, मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। पांचवी आर्थिक शक्ति खड़ा करके इस दुनिया में देश का नाम रोशन किया और जिस तरह से प्रधानमंत्री ने गंभीर समस्याओ जैसे आतंकवाद, भ्रष्टाचार पर नकेल कसी।धारा 370 समाप्त करके देश की एकता अखंडता को मजबूत किया।

## गुरुग्राम पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान 139 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अपराधों पर अंकुश लगाने और शहरभर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान आक्रमण शुरू किया। अभियान के तहत गुरुग्राम पुलिस के 852 पुलिसकर्मियों सहित 187 विशेष टीमों ने रविवार को शहर में कई स्थानों पर छापेमारी कर 6 घंटे के ऑपरेशन के दौरान 22 वांछित अपराधियों सहित 139 अपराधियों को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन के दौरान विभिन्न पुलिस स्टेशनों में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराधियों के खिलाफ कुल 85 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने गलत लेन में ड्राइविंग के लिए 964 चालान भी काटे। गिरफ्तार अपराधी अवैध शराब रखने/बेचने, जुआ एक्ट एनडीपीएस एक्ट एवं डकैती में संलिप्त थे। इस अभियान के दौरान 5,000 रुपये के इनामी वांछित अपराधी और दो लापता लड़कियों को भी बरामद किया गया। पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से 2.58 लाख रुपये, अवैध शराब, 3 देशी पिस्तौल और अन्य सामान भी बरामद किया। गुरुग्राम पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा क हरियाणा पुलिस प्रभावी पुलिसिंग के लिए समय-समय पर ऐसे अभियान चलाएगी। इस अभियान से पुलिस को अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों को पकड़ने में भी मदद मिलेगी।

## एसडीआरएफ बटालियन में दीक्षांत समारोह प्रदेश को मिले 171 पुलिस कांस्टेबल

**देहरादून,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जौलीग्रांट स्थित स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) बटालियन जौलीग्रांट ट्रेनिंग सेंटर में पहली बार सिविल पुलिस के भर्ती कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। पासिंग आउट परेड में विभिन्न जिलों से आए 171 पुलिस के जवानों ने कठोर ट्रेनिंग के बाद देश रक्षा की शपथ ली। इन जवानों को कठोर ट्रेनिंग में



आधुनिक शस्त्र और नई तकनीक के गुर सिखा गए। ट्रेनिंग के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिस के जवानों को सम्मानित भी किया गया। एसडीआरएफ बटालियन जौलीग्रांट में पुलिस के इन जवानों को 9 माह की ट्रेनिंग के दौरान साहसिक, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक, वीवीआईपी मूवमेंट की ट्रेनिंग दी गई। यह एसडीआरएफ बटालियन जौलीग्रांट में सिविल पुलिस के भर्ती कॉन्स्टेबलों का पहला दीक्षांत समारोह रहा। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 और यात्रा सीजन में इन पुलिस जवानों का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी आपदा हो या फिर वीवीआईपी मूवमेंट पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते हैं। यह नौकरी दूसरी नौकरी से अलग होती है। पुलिस का यह कार्य काफी चुनौतीपूर्ण होता है। वहीं एसडीआरएफ के सेनानायक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि 9 माह की ट्रेनिंग के बाद प्रदेश को 171 पुलिस के जवान मिले हैं। इन जवानों को 9 महीने की ट्रेनिंग के भीतर यातायात व्यवस्था, साइबर क्राइम, बम निरोधक के साथ-साथ साहसिक ट्रेनिंग भी दी गई। इन पुलिस के जवानों को जिले के विभिन्न थानों में तैनाती भी दे दी गई है। वहीं, ट्रेनिंग के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिस के जवानों को सम्मानित भी किया गया।

## गरीब परिवारों से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती सरकार : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार लाखों गरीब परिवारों से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। सरकारी स्कूलों में 8वीं तक मुफ्त शिक्षा का प्रावधान होने के बावजूद आज तक किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। शिक्षा नियम की धारा 134ए को खत्म करने वाली भाजपा सरकार अपने दावों के विपरीत आज तक चिराग योजना के तहत भी निजी स्कूलों में दाखिले नहीं करवा पाई है, जबकि शैक्षणिक सत्र 01 अप्रैल से शुरू हो रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कांग्रेस सरकार की देन है। हर घर तक, हर बच्चे तक शिक्षा की अलख पहुंचे, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने पूरे देश में इसे लागू किया। प्रदेश में शिक्षा के अधिकार व एजुकेशन रूल 134ए के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों को दाखिला देने की व्यवस्था रही। लेकिन, भाजपा सरकार ने एजुकेशन रूल 134ए को खत्म कर दिया और चिराग योजना लेकर आ गए। इस चिराग योजना के तहत भी नए शैक्षणिक सत्र के लिए कोई दाखिल अभी नहीं हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पिछले साल छात्रों को 05 महीने देरी से किताबें मिल पाई थी।

# प्रोत्साहन से हिमाचल ने कुश्ती में जीते 2 मेडल : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि उनके हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ की सफलता को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने जो खेल महाकुंभ एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम चालू किया था उसके बेहद सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं। नोएडा में आयोजित नेशनल सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों द्वारा 2 पदक जीतने पर अनुराग सिंह ठाकुर ने पूरे दल को बधाई दी व हिमाचल के कुश्ती के 16 खिलाड़ियों का दिल्ली स्थित अपने आवास पर अभिनंदन किया। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि, वीरभूमि के साथ साथ खेल भूमि भी बने इसके लिए मैं सदा प्रयासरत रहा हूं। खेल महाकुंभ इस दिशा में एक प्रयास था जिसने हिमाचल में खेलों के क्षेत्र में एक क्रांति ला दी है। खेल महाकुंभ की अपार सफलता को देखते हुए मैंने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए खेल महाकुंभ एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत बिलासपुर में कबड्डी के 14 और कुश्ती के 31 खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय ट्रेनिंग, बोर्डिंग, न्यूट्रीशियन, स्पोर्ट्स एक्युपमेंट व अन्य सभी आवश्यक सुविधाएँ निशुक्ल उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस प्रोग्राम के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

■ खेल महाकुंभ एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम को मिल रहे सुखद परिणाम



■ अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल के कुश्ती के 16 खिलाड़ियों का दिल्ली स्थित अपने आवास पर अभिनंदन किया

# दून में कूड़ा करकट को खुले में जलाने से हो रहा पर्यावरण को नुकसान



**देहरादून,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी देहरादून में कूड़ा करकट को खुले में जलाए जाने की आदत से बढ़ते वायु प्रदूषण से हो रही पर्यावरण के नुकसान को लेकर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत दून लाइब्रेरी में आयोजित संवाद में दून के जागरूक नागरिकों ने इसके लिए नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्मार्ट सिटी को जिम्मेदार ठहराते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया। वेस्ट वॉरियर्स संस्था, संयुक्त नागरिक संगठन एवं इंजीनियरिंग एक्स आदि संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस प्रयास में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राजेंद्र सिंह ,नगर निगम के विजय प्रताप सिंह, डॉक्टर बी के एस संजय, ईको ग्रुप के आशीष गर्ग, वाडिया इंस्टीट्यूट के डॉक्टर टी एन जौहर पैनलिस्ट के रूप में भागीदारी का संचालन नवीन कुमार सडाना ने किया। सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा पैनलिस्ट का निष्कर्ष था कि कूड़े करकट के समुचित निष्पादन के लिए जहां सरकारी विभागों की घोर लापरवाही जिम्मेदार है।

वहां नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी से बेरुखी इसका कारण है। जागरूक नागरिक तथा सरकारी विभाग दोनों मिलजुल कर दून से इस समस्या को पूरी तरीके से खत्म कर सकते हैं। इसके लिए सामाजिक संस्थाओं को आगे आना होगा। वक्ताओं का सुझाव था कि मानव जाति, जीव जंतु, पशु पक्षियों के लिए बढ़ता प्रदूषण खतरे की निशानी है। राजधानी के सभी वार्डों में पार्षदों तथा सोसायटी आदि द्वारा सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे आमजन को उनकी जिम्मेदारियां का एहसास भी कराया जा सकेगा।

### कार्यक्रम में उपस्थित लोग

ब्रिगेडियर के जी बहल, चौधरी ओमवीर सिंह, देवेंद्र पाल मोंटी, अवधेश शर्मा, जगमोहन मेहंदीरता, पीसी नागिया, करिश्मा गुरुंग, पीके सैनी, सुशील त्यागी, ठाकुर शेर सिंह, डीसी शर्मा, एसपी चौहान, चंदन सिंह नेगी, एल मोहन लखेरा, पंकज भार्गव, राहुल सिंह, कुलदीप ललकार, डीके शर्मा, केएस कोहली, रुचि सिंह राव, डॉ राजेंद्र सिंह, महिपालसिंह कंडारी, नवीन थापा, सुंदर सिंह बिष्ट, अनीश, इशा, डॉ. रमागोयल, प्रगति सडाना, शर्मिला कपूर, श्याम सिंह रावत, राजेंद्र सिंह, तन्मय त्यागी, प्रमोद कुमार, जीएस जस्सल,विजय पवांर, शारदुल राणा,उपेंद्र दत्त,हेमलता शर्मा, करण सिंह बिष्ट, यशवीर आर्य, श्वेता राज तलवार, मुकेश नारायण शर्मा, विशंभरनाथ बजाज, पीएस चौहान, डॉ मुकुल शर्मा, गीता,जेपी ममंगाई, नितिन शाह, महेंद्र सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह, रविंद्र थपलियाल, सुमित थपलियाल, आदि शामिल थे।

## स्पॉ सेंटर में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, तीन महिलाएं व तीन पुरुष गिरफ्तार

हल्द्वानी, 31 मार्च (एजेंसियां)। हल्द्वानी में अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार देर रात नैनीताल रोड़ पर स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल और प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक स्पॉ सेंटर में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया। यहां से तीन महिलाओं सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही मौके से आपत्तिजनक सामान भी मिला। नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे और एएचटीयू की यूनिट प्रभारी मंजू ज्याला की टीम ने शनिवार देर रात हल्द्वानी के स्पॉ सेंटरों की चेकिंग और छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम जब दुर्गा सिटी सेंटर और तिकोनिया स्थित स्पॉ सेंटरों पर पहुंची, तो खलबली मच गई।

## सुडोकू 6511 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

# प्रादेशिकी

## महात्मा रामचंद्र की समाधि के सत्संग में उमड़े अनुयायी

**फर्रुखाबाद,** 31मार्च (देशबन्धु)। सहज योग से साधना के उच्चतम बिंदु पर पहुंचने का मार्ग दिखाने वाले आध्यात्मिक आदि गुरु श्री रामचंद्र महाराज उर्फ लाला जी की समाधि नवदिया कानपुर रोड़ फतेहगढ़ में 99 वां वार्षिक भंडारे का समापन हो गया। बीते 29 से 30 मार्च तक चले दो दिवसीय भंडारे में देश व विदेश नें लाला जी के अनुयायी एकत्रित हुए और उन्होंने उनकी समाधि पर शांति साधना की। कार्यक्रम में आंतरिक अभ्यास, शांति पाठ व प्रवचन के कार्यक्रम चलते रहे। वार्षिक भंडारे में दिल्ली गांधीनगर के भाजपा के विधायक अनिल वाजेपयी ने आकर मत्था टेका। विधायक ने एक बताया कि वह 1985 से लगातार फर्रुखाबाद महात्मा रामचंद्र की समाधि पर आ रहे हैं।

# 'किसानों का ज्यादा लाभ हमारा प्रयास'

- केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मौदान पर भाजपा की चुनावी रैली आयोजित
- एनडीए के नेताओं ने विपक्ष पर बोला हमला




**किसानों से नफरत करने वाली कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को उचित सम्मान नहीं दिया : नरेन्द्र मोदी**

**मेरठ,** 31 मार्च (देशबन्धु)। 2014 के बाद 2019 और अब ये तीसरा मौका है जब 2024 में भी भाजपा ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत मेरठ से ही की। रविवार को केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मौदान पर भाजपा की चुनावी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह नाम दिया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री व सहयोगी दल के नेताओं ने शिरकत की। मंच पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधामंत्रीन नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। इस दौरान एनडीए के नेताओं ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि किसानों का लाभ ज्यादा हो, इसलिए पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों की मदद की गई है। पीएम ने कहा कि किसानों से नफरत करने वाली कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को उचित सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस और सपा को लोगों से माफी मांगनी चाहिए। यहां का एक भी नागरिक सपा और कांग्रेस को माफ नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं करप्शन पर एक्शन ले रहा हूं। उससे कुछ लोग आपा खो बैठे हैं। मैं कहता हूं कि मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ और वो कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने लोगों से कहा कि 2029 में मुझसे हिसाब भी मांग लेना। हमारी सरकार ने 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए हैं। पहले ऐसी सरकार चलती थी, जिसका जन्म नहीं हुआ फिर भी ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। गरीब को इलाज की चिंता न हो इसलिए आयुष्मान योजना बनाई। गरीब को राशन की चिंता न हो इसलिए मुफ्त राशन की योजना बनाई। जिसको किसी ने नहीं पूछा मोदी ने उसे पूछा है। आज तीन तलाक के खिलाफ न सिर्फ कानून बन सका है, बल्कि ये हजारों मुस्लिम बहनों की जिंदगी भी बचा रहा है। आरएलडी सुप्रिमो जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का सपना और विचार था कि पैसा सरकार से निकले तो वो लाभार्थी तक सीधे पहुंचे। एनडीए सरकार ने उनके सपने को पूरा किया है और आज जो पैसा सरकार से निकलता है, वो लाभार्थी तक सीधे पहुंच रहा है। मेरठ एनडीए को ताकत देने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आरएलडी वाले जानते हैं कि चौधरी साहब चंदा लेते थे और ओडिशा तक चुनाव लड़ते थे। आज भी हमें एनडीए को सफल बनाना है। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी कहा कि आज किसानों के मसीहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की याद में आयोजन हो रहा है। उनको भारत रत्न देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मैं प्रणाम करता हूं। हरियाणा से पीएम मोदी को जीत दिलाएंगे और यूपी से भी हम सभी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, निशाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, संजीव बालियान, ओपी राजभर, बागपत प्रत्याशी राजकुमार सांगवान ने भी सभा को संबोधित किया। मंच पर सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, कांता कर्दम, पउप्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, एमएलसी सरोजनी अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गुलाम मौहम्मद, हरिकांत अहलूवालिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### प्रदेश के विकास में बाधक तत्वों को किया दूर : योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि क्रांति धरा को प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार अभियान के लिए चुना है। पहले भी दो बार लोकसभा चुनाव की तैयारी यही से की गई थी, जिसने देश की राजनीति में नई क्रांति लाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल चुनाव नहीं है ये दंगावादी, कर्फ्यूवादी को फिर से सही जगह भेजने का चुनाव है। हम सब जानते हैं कि पिछले 10 वर्ष में देश के अंदर उन्होंने भारत का दर्शन कराया है। उत्तर प्रदेश के विकास में जो तत्व बाधक थे भाजपा सरकार ने उसे दूर करने का कार्य किया है।

## महंत हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के थाना मिश्रिख क्षेत्र अंतर्गत होली परिक्रमा में शामिल होने आए हरदोई जिले के महंत की हत्या के मामले में पुलिस ने आज आरोपी महिला एवं उसके पुत्र को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीन रंजन ने इस संबंध मे रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि मिश्रिख होली परिक्रमा मेले में गिरधरपुर उमरारी जिला हरदोई के मनीराम महंत परिक्रमा करने आए थे। यह तंत्र मंत्र एवं झाड़ फूंक का भी काम करते थे । महंत, गंगा देवी पत्नी स्वर्गीय छंगालाल निवासी ग्राम फूलपुर के वहां होली पंचकोशी परिक्रमा करने के बाद विश्राम के लिए गए थे जहां पर उनकी बांका एवं हसिया से गंगा देवी ने हत्या कर दी और उसके लड़के सोनू ने बैट्री रिक्शा पर शव को लादकर रूपपुर पुलिया के पास फेंक दिया था। स्वाट टीम प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ छानबीन में जुटे थे उन्होंने गंगा देवी एवं उसके पुत्र सोनू को मय आला कत्ल के आज गिरफ्तार किया।

# जरूरतमंद की सेवा करना ही सनातन धर्म है

**मेरठ,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर में स्थित श्री अखंड वेदांत सत्संग भवन में रविवार को विधि विधान के साथ सदगुरुदेव भगवान स्वामी अखंडानंद महाराज की संत समागम एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ समापन किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस कर्यक्रम में रोहतक से आये महामंडलेश्वर डॉक्टर स्वामी परमानंद महाराज, आशानंद, लुधियाना पंजाब से ज्ञानेश्वर महाराज कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने प्रवचन देकर श्रद्धालुओं को लाभांवित किया।

इस दौरान महामंडलेश्वर डॉक्टर स्वामी परमानंद महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि सनातन धर्म का मतलब रोगी को दवाई दे प्यासे को पानी दे भूखे को खाना दे, जो ऐसा एहसास हो कि उनकी सहायता करने से ही सनातन धर्म है। कैलाश स्वरूप आनंद ने धार्मिक भजन सुना श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए जमकर नृत्य किया। सभी



श्रद्धालुओं ने भंडारे में बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया। इसके बाद विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अंबाला से आए स्वामी कैलाश स्वरूपानंद महाराज, वृंदावन से आयुर्वेद प्रकाश महाराज, लालजी महाराज, अंबाला से महेश आनंद मुरारी महाराज, साध्वी मुक्ति महाराज आदि ने अपने प्रवचन दिए। इस दौरान कार्यक्रम में पूनम मारवाह, रश्मि रस्तोगी, सीमा गुप्ता, कमलेश राजवंशी, विमला शर्मा, सुषमा रस्तोगी, राजबाला, सुनील गौतम आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में महिला सहित तीन गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार को महिला सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में खुटहन थाना क्षेत्र के कम्मरपुर गांव निवासी विनय उर्फ मोनू गौतम, पत्नी रेनू तथा बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव निवासी रेनू का भाई अनिल गौतम उक्त बस्ती में अपने आवास पर हर रविवार को इसाई धर्म के प्रचार प्रसार के लिए प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं। यहां लोगों को सनातन धर्म विरुद्ध भड़काकर इसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसकी सूचना भी ग्रामीणों ने गोपनीय तरीके से कई बार थाने पर दी लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से गेंहू की फसल जलकर खाक

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के शीतला धाम कड़ा थानाक्षेत्र के औरेनी गांव में रविवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से एक बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज दोपहर में औरेनी गांव के किसान जितेंद्र यादव के गेहूं के खेत में विद्युत शार्टसर्किट से निकली चिंगारी से आग लग गई, जब तक लोग मौके पर पहुंचते एक बीघा गेहूं के फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंच गई व अग्नि बुझाने में लग गई जिससे आसपास के खेतों की खड़ी फसल को सुरक्षित बचा लिया गया।

### पुरानी रंजिश के चलते पान दुकानदार की हत्या

**हरदोई।** हरदोई में आठ वर्ष पुरानी रंजिश में रविवार को घर के सामने घेरकर एक पान दुकानदार की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया बेनीगंज के ग्राम शाहबाजपुर के रामफेर पान विक्रेता था। वह गांव से कुछ दूरी पर पान की गुमटी चलाता था। परिजनों के अनुसार रविवार दोपहर वह गुमटी खोलने जा रहे थे। इसी समय गांव के राहुल उर्फ गुंडे व उसकी पत्नी विनीता और पिता विक्रम, बबली ने अपने दरवाजे के सामने से निकलते समय रामफेर को घेर लिया। धारदार हथियार व लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। शोर सुनकर बचाव करने पहुंचे रामफेर के बेटे कल्लू की भी हमलावरों ने पिटाई कर दी। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने कल्लू को सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि आठ वर्ष पहले राहुल और रामफेर का बेटा कल्लू लखनऊ में साथ-साथ रहते थे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवती की मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र में रविवार को ट्रैक्टर की चपेट मे आकर एक युवती की मौत हो गई। गांव दारापुर मितवली पर ट्रैक्टर की चपेट में आकर आरती पुत्री मुन्नालाल की मौत हो गई है। बताया गया है मृतका आरती अपने भाई के साथ आगरा से लौटी थी और ऑटो से उतरकर घर की ओर जा रही थी तभी तेज गति से आते ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। दुर्घटना में युवती की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है।

# मंदिर के तोड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश

**थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर का मामला**

**मवाना/हस्तिनापुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर में मीवा रोड पर खेत में बने बाबा मोहन राम के मंदिर को तोड़ने से गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर मामला शांत किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी धर्मवीर ने आस्था के चलते अपने खेत में करीब 15 वर्ष पूर्व बाबा मोहन राम मंदिर का निर्माण कराया था। करीब 5 वर्ष पूर्व धर्मवीर ने जमीन अन्य व्यक्ति को बेच दी परंतु मंदिर की देखभाल वह स्वयं कर रहा था। रविवार सुबह धर्मवीर पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचा तो बाबा मोहन राम का मंदिर उसे टूटा मिला। मामले की जानकारी धर्मवीर ने सपरिजनों को दी जिसके बाद गांव में आक्रोश फैल गया वही मंदिर टूटने की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन एक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सीओ सौरव सिंह, थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले में पूछताछ की। उधर मंदिर के पुजारी धर्मवीर ने बताया कि मंदिर टूटने से वह पूरी तरह आहत है उधर गांव में भी लोग आक्रोशित हैं हालांकि मंदिर निजी जमीन में था जिसकी जांच की जा रही है।

# रामलीला मैदान में पहुंचे आप के कार्यकर्ता व पदाधिकारी



- केजरीवाल की रिहाई की आवाज को किया बुलंद

**मेरठ,** 31 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जश की फर्जी गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होने पहुंचे आम आदमी पार्टी मेरठ के कार्यकर्ता पदाधिकारी। दिल्ली रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की फर्जी गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने एकजुट होकर अरविंद केजरीवाल की रिहाई की आवाज को बुलंद किया।

इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली में सभी दलों के नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के बेटे अरविंद केजरीवाल से आज यह सरकार डर रही है जिसका परिणाम यह है कि अरविंद केजरीवाल के बेकसूर होते हुए भी उनको जबरन गिरफ्तार कराया जा रहा है।

### केजरीवाल की लोकप्रियता से डरी भाजपा

अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता देश के अंदर लगातार बढ़ रही जिससे यह लोग डरे हुए हैं। रैली में जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी, जिला महासचिव जीएस राजवंशी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, सोशल मीडिया प्रभारी हेम कुमार, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष भूप सिंह, माइनारिटी विंग प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमिंदर सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फुरकान त्यागी, जिला कार्यकारिणी सदस्य तरिकत पवार, कैंट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, किठौर विधानसभा अध्यक्ष राहुल चौधरी, महानगर सचिव राहुल खटीक, पदम् वीके मालिक आदि सम्मिलित हुए।

## कुट्टू का आटा खाने से आधा दर्जन की हालत बिगड़ी

**मेरठ,** 31 मार्च (देशबन्धु)। रविवार को मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित गांव भगवानपुर में कुट्टू का आटा खाने से करीब आधा दर्जन लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद गांव लोगो में कोहराम मच गया और बीमार लोगों को मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया वही मामले की जानकारी मिलने पर खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। गांव भगवानपुर चट्टावन के रहने वाले जतिन तोमर ने बताया कि वह शनिवार की शाम सिसौली स्थित अड्डे से कुट्टू का आटा लेकर आए थे। रविवार को परिवार के लोगों ने कुट्टू खाया तो काजल और सुखबीर सहित केशव की हालत खराब हो गई।

# क्षमा करने से वातावरण होता है सकारात्मक भाव भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की



सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के आज 43वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। रविवार को भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक गुरूचरणदास जैन शान्तिधारा अनिल जैन, उत्सव जैन, शशांक जैन, देवेन्द्र जैन, अनिल जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन लक्ष्मी जैन के द्वारा किया गया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि सजा देने वाले से क्षमा करने वाला व्यक्ति बड़ा होता है। द्वेष भावना छोड़कर यदि हम क्षमा करना सीख लेंगे तो ऐसे में हमारे विरोधी भी हमारे करीबी बन सकते हैं, जिससे एक सकारात्मक वातावरण का जन्म होगा और जीवन सुखमय बनेगा। तदोपरान्त देव-शास्त्र-गुरू की पूजन आदिनाथ भगवान की पूजन के उपरांत विभिन्न प्रांतो से आये 90 परिवरो ने तीर्थंकरों को 48 अर्घ्य चढ़ा धर्मलाभ अर्जित किया। विधान के मध्य संगीत की मधुर लहरी पर सुशील जैन ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का भाव विभो कर दिया। 43वें दिन विधान का विसर्जन संदीप जैन पंच परमेष्ठी की आरती का दीप प्रज्जवलन निर्मल जैन, मधु जैन आदिनाथ भगवान की आरती का दीप प्रज्जवलन सारिका जैन मोनिका जैन, संजय जैन चौबीसों भगवान की आरती का दीप प्रज्जवलन संगीता जैन मुकेश जैन द्वारा किया गया।

## मुस्लिम समाज के लोगों से स्मृति ईरानी ने की मुलाकात

**अमेठी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की हाईप्रोफाइल अमेठी सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का परचम लहराने के लिए केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने मोर्चा खोलते हुए मतदाताओं को साधने के क्रम में आज मुस्लिम समाज के हजारों लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मेदन मवई स्थित अपने आवास पर संसदीय क्षेत्र के मुस्लिम समाज के आए हुए हजारों लोगों से मुलाकात की। स्मृति ईरानी से मिल जहां मुस्लिम समाज के लोग गदगद दिखें, वहीं सभी ने एक स्वर से मोदी व योगी सरकार की नीतियों के साथ ही अमेठी में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए हुए कार्यों के लिए स्मृति ईरानी की सराहना की। इस दौरान ईरानी ने आए हुए लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि श्रीमती ईरानी पिछले चार दिनों से अपने संसदीय क्षेत्र में हैं।अपने निजी आवास पर बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक करने के साथ सभी वर्गों के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आगे बताया कि आगंतुकों ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में स्मृति के प्रयास से हो रहे विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा

# अंकुश हत्याकांड में आधा दर्जन साथियों को जेल

- मजदूरी करने वाले आधा दर्जन युवकों का चालान

**फर्रुखाबाद,** 31मार्च (देशबन्धु)। मेरापुर थाना पुलिस ने अंकुश शाक्य हत्याकांड में आधा दर्जन साथियों को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने संकिसा टाउन एरिया के निर्माणधीन कार्यालय में मजदूरी करने वाले आधा दर्जन युवकों का चालान किया। जिनमें जनपद कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम नगला सबसुख निवासी कमलेश शाक्य पुत्र सोबरन सिंह, थाना नवाबगंज के ग्राम नगला वीरपुर नादी निवासी टिन्कू उर्फ धीरज कुमार पुत्र लाखन सिंह शाक्य, सुधीश उर्फ सुरजीत पुत्र बाबूराम शाक्य, कमलेश शाक्य उर्फ भूरे पुत्र मुखलाल, आशीष शाक्य पुत्र खुशीराम शाक्य एवं श्याम सिंह उर्फ नन्हेलाल पुत्र राम नरेश शामिल थे। जिन्होंने पुलिस को बताया कि हम लोगों ने मिलकर अंकुश की हत्या की थी और उसके शव को की जीने के निकट कमरे को खोदकर दफनाया था। पुलिस ने टाउन एरिया के कर्मचारियों से गड्ढा खुदवा कर शव को निकलवाया। छोटे भाई आनंद शाक्य ने अंकुश के शव की शिकायत की। पुलिस ने आज सभी आधा दर्जन आरोपियों का हत्या के मुकदमे में चालान कर दिया। संकिसा टाउन एरिया के निर्माणाधीन कार्यालय भवन से युवक का शव निकले जाने से सनसनी फैल गई। थाना मेरापुर के ग्राम अर्जुनपुर क्षेत्र में संकिसा टाउन एरिया भवन का निर्माण चल रहा है। ठेकेदार नरेंद्र सिंह यादव ने भवन के प्लास्टर कार्य के लिए कई मजदूर लगाए थे। कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम नगला सब सुखपुर निवासी कमलेश गांव

**पहल** | अंतरराष्ट्रीय पारलिंगी दृश्यता दिवस पर गोण्डा में हुई पहल

# उत्तर प्रदेश में ट्रांसजेंडर भी अब मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**लखनऊ/गोण्डा, 31 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के ट्रांसजेंडर भी अब मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इसके लिए वो निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस पहल की शुरुआत जनपद गोण्डा से होने जा रही है। रविवार को इंटरनेशनल ट्रांसजेंडर डे ऑफ विजिबिलिटी के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर सवांद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर्स ने अपने विचार भी रखे और मतदाता जागरूकता।**

अभियान में सक्रिय योगदान देने हेतु आश्वासन भी दिया। अमृता सोनी एवं पूजा मिश्रा ने अपने सभी ग्रुप समेत लगभग 22 ट्रांसजेंडर्स के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर ग्रुप की मुखिया अमृता सोनी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न प्रकार के सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी लोग गांव में शहरों में तथा अन्य सभी स्थानों पर कार्यक्रम के लिए जाते हैं और हम लोग जनपद में अब मतदान प्रतिशत बढ़ाने



के संबंध में विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सभागार में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित सभी ट्रांसजेंडरों ने अपने-अपने विभिन्न प्रकार के सुझाव रखे तथा उन्होंने प्रशासन से अपने सुविधाओं के संबंध में कई अन्य मांग को भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर पूजा मिश्रा ने

- समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेंडर संवाद का किया आयोजन

कहा कि हम प्रशासन को आश्वस्त करते हैं कि जिलाधिकारी की इस अनूठी पहल के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करेंगे।

साथ ही हम सभी लोग भी बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अवनीश त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत मतदान पर दिया जोर

ट्रांसजेंडर संवाद में डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि ट्रांसजेंडर कम्युनिटी का आम जनता से जुड़ाव बहुत ही अच्छा है। अन्य वालंटियर के मुकाबले ट्रांसजेंडर आमजन से ज्यादा जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में 25 लाख से अधिक मतदाता है। उसमें से 97 ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि भारत में होने वाला लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है। इसमें ट्रांसजेंडर कम्युनिटी का भी अहम रोल है। उन्होंने सभी ट्रांसजेंडर वोटरों को 20 मई का मतदान करने के अपील की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग सभी लोगों को चुनाव में शामिल करने पर जोर दे रहा है।

## तीन महिलाओं को एंबुलेंस ने कुचला, दो की मौत

**कुशीनगर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कुशीनगर के पड़रौना कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौली में 108 एंबुलेंस ने रविवार सुबह टहलने निकली तीन महिलाओं को कुचल दिया। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बहोराछपरा गांव निवासी शबीना खातून पत्नी जहीरूद्दीन, मैरून निशा पत्नी निजामुद्दीन अपने रिश्तेदार के घर रामकोला थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में आई हुई थी। रविवार की सुबह शबीना और मैरून मिश्रोली गांव निवासी अपने रिश्तेदार शनीमा खातून के साथ सड़क के किनारे सुबह टहल रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही 108 एंबुलेंस अचानक अनियंत्रित होकर तीनों को कुचल दिया। इस हादसे में शबीना और मैरून की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल शमीमा को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। उसकी गंभीर हालत बताते हुए डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई है, एक घायल है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।



# चार सीटों पर कांग्रेस लंबे अरसे के बाद लोकसभा चुनाव में दिखाएगी 'दम'

**पटना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन)

**■ पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर व महाराजगंज पर दम दिखाने को बेताब**

के घटक कांग्रेस लंबे अरसे के बाद चार सीट पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज पर अपना दम दिखाने के लिए बेताब है।



बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों में तालमेल के तहत कांग्रेस नौ, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, और वाम दल पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस किशनगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज सीट से चुनाव लड़ेगी। वहीं, राजद औरंगाबाद, गया (सु), जमुई (सु), नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, मधुबनी, सीवान, वाल्मिकी नगर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, सुपौल, मधेपुरा, गोपालगंज (सु), वैशाली हाजीपुर (सु) और शिवहर सीट से चुनाव लड़ेगा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) आरा, काराकाट और नालंदा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) बेगूसराय और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) खगड़िया सीट से चुनाव लड़ेगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महागठबंधन के घटक दल के रूप में चुनाव लड़ा था। महागठबंधन में सीटों में तालमेल के तहत कांग्रेस को नौ, राजद को 20, उपेन्द्र कुश्वाहा की पार्टी (राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) को पांच, मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को तीन और जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को तीन सीट मिली थी। राजद ने अपने कोटे से एक सीट आरा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को दी थी। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), मुंगेर, पटना साहिब, वाल्मिकी नगर और सुपौल से चुनाव लड़ा। लोकसभा की 40 में से 39 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी को अभूतपूर्व विजय मिली। वहीं, एक मात्र सीट किशनगंज के कांग्रेस प्रत्याशी डा. मोहम्मद जावेद विजयी बनें। इस बार के चुनाव में सीटों को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच पिछले कई दिनों से तनातनी चल रही थी। कांग्रेस बिहार में पूर्णिया सहित नौ सीटों की मांग कर रही थी। राजद ने सीटों की संख्या के हिसाब से कांग्रेस का सम्मान रखा। कांग्रेस को वर्ष 2019 की तरह इस बार के चुनाव में नौ सीटें मिली है।

इस बार के चुनाव में कांग्रेस को वर्ष 2019 की नौ सीटों में से पूर्णिया के अलावा वाल्मीकिनगर, मुंगेर और सुपौल सीट छोड़नी पड़ी है। इसके बदले कांग्रेस को पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज सीट मिली है। वहीं पांच अन्य सीट किशनगंज,कटिहार, सासाराम (सु), पटना साहिब और समस्तीपुर (सु) पर इस बार भी कांग्रेस चुनाव लड़ेगी।

## पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर राजद व कांग्रेस में नहीं बनी सहमति

पूर्णिया लोकसभा सीट को लेकर राजद और कांग्रेस में सहमति नहीं बन पाई। राजद ने हाल ही में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) छोड़कर राजद में आयी विधायक बीमा भारती को पूर्णिया से उम्मीदवार बनाया है। पूर्णिया सीट की आशा में ही पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का विलय कांग्रेस में कराया था। पप्पू यादव ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात भी की थी। पप्पू यादव अब पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ने पर अड़ गए हैं। पप्पू यादव ने कहा है कि उनका सपना बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट पर कांग्रेस का झंडा बुलंद करना है और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना है। पूर्णिया सीट कांग्रेस की थी, है और रहेगी। उन्हें पूर्णिया की जनता का आशीर्वाद है। पूर्णिया की जनता ने ही उनके हाथों में कांग्रेस का झंडा थमाया है। इसलिए, कोई भी कांग्रेस के झंडा से उन्हें न अलग कर सकता है और न ही वह उससे अलग होंगे।मेरे चुनाव लड़ने का फैसला कांग्रेस नेतृत्व को लेना है। कांग्रेस नेतृत्व के निर्णय के बाद मैं 4 अप्रैल को पूर्णिया से अपना नामांकन दाखिल करूंगा। हर परिस्थिति में पूर्णिया में कांग्रेस की जीत होगी। कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में रहेगा।सीमांचल की जनता कांग्रेस के झंडा से प्यार करती है और सीमांचल में कांग्रेस के झंडा को स्थापित करना मेरा पहला कर्तव्य है।

# सत्ता परिवर्तन और बनाए रखने का दो ऐतिहासिक मैदान से आगाज

■ **देवेंद्र सिंह**

**ग्रेटर नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। देश में सत्ता परिवर्तन और सत्ता बनाए रखने के लिए भारतीय राजनीति के लिए रविवार राजनीति का सुपर संडे के रूप में माना जाएगा। दिल्ली ऐतिहासिक रामलीला मैदान से 28 पार्टियों के इंडिया गठबंधन और प्रथम स्वत्रंतता आंदोलन का गवाह रहा मेरठ से एनडीए गठबंधन ने 2024 में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी आगाज किया। इसका अंजाम क्या होगा इसका फैसला चार जून को होगा। दरअसल देखा जाए तो मेरठ और दिल्ली का रामलीला मैदान का देश की राजनीति में परिवर्तन का गवाह रहा। 2024 में सत्ता में आने से पहले नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2 फरवरी 2014 को मेरठ से सत्ता में आने के लिए चुनाव प्रचार शुरू कर दिया।

इसके बाद मार्च 2019 में भी सबसे पहले मेरठ से ही नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव प्रचार का बिगुल बजाया। लगातार दोनों बार सत्ता में वापस लौट कर आए। सत्ता बनाए रखने के लिए रविवार को मेरठ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। उधर दिल्ली में इंडिया गठबंधन ने सत्ता परिवर्तन के लिए रविवार को रामलीला मैदान से चुनावी शंखनाद के साथ एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया। आए अब जान लेते दोनों ऐतिहासिक मैदान किस तरह भारतीय राजनीति में परिवर्तन का गवाह रहा है।

### मोदी ने मेरठ वालों को सुनाया था कमल व रोटी का किस्सा

दस साल पहले 2 फरवरी 2014 को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और एनडीए के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ वालों को कमल और रोटी का किस्सा सुनाया था. दरअसल, इसके बहाने उन्होंने देश की आजादी की पहली लड़ाई 1857 की कहानी को बताया था। प्रधानमंत्री नेता नरेंद्र मोदी ने रविवार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश के मेरठ से चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद किया।

पीएम मोदी ने साल 1857 में मेरठ में देश की आजादी की पहली लड़ाई की शुरुआत का जिक्र किया। दस साल पहले लोकसभा चुनाव 2014 के चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने मेरठ में इस बात पर पूरा जोर दिया था। लोकसभा चुनाव 2014 में

**■ ऐतिहासिक रामलीला मैदान से इंडिया गंठबंधन और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम स्थली मेरठ से एनडीए गठबंधन का सियासी आगाज**

भाजपा और एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में तूफानी गति से प्रचार अभियान को पूरा किया था।

### कमल ही भाजपा का चुनाव चिन्ह, खूबसूरती से जोड़ा

मेरठ से शुरू हुई आजादी की पहली लड़ाई के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के बीच कमल और रोटी कोड के रूप में प्रचलित था। कमल ही भाजपा का चुनाव निशान है, नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में इसे बेहद बारीकी से जोड़कर मेरठ वालों के सामने रखा था।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कमल और रोटी का संदेश पीएम मोदी ने दस साल पहले मेरठ की रैली में कहा था कि हेलीकॉप्टर से यहां आने पर ऐसा लगा कि नीचे भगवा लहर का समुद्र है। मेरठ अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के विद्रोह की प्रेरणा की भूमि है। इतिहास गवाह है 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कमल और रोटी का संदेश फैलाया गया था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को 150 साल से ज्यादा हो गए हैं. उन्होंने मेरठ वालों से कहा था कि 2014 में इस संदेश के साथ हमें गरीबों के लिए रोटी लाने के लिए फिर से कमल की जरूरत है. हम 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा लेते हैं।

### कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई के बारे में अफवाह फैलाई

नरेंद्र मोदी ने कहा था कि अगर लोगों को पहली बार पता चला तो आजादी की लड़ाई में वे कांग्रेस की हरकतों को देखेंगे और उसे दुत्कार देंगे। कांग्रेस ने पिछले 100 वर्षों से ऐसी अफ्वाह फैला रखी है कि कांग्रेस पार्टी ने ही देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और बलिदान दिया।

### रामलीला मैदान में हुआ था जेपी का आखिरी भाषण

भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने बड़ी रैली का आयोजन किया। इसके बाद दिल्ली का रामलीला मैदान फिर से चर्चा में है। इस मौके पर लोगों ने इंदिरा सरकार के खिलाफजयप्रकाश नारायण की रैली को भी याद किया है।

## एनसीपी उम्मीदवार का दावा

# यह विचारधारा की लड़ाई है, दो परिवार के बीच नहीं

**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बारामती से एनसीपी (सपा) उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को दावा किया कि उनकी अपनी भाभी और एनसीपी अजीत पवार गुट की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के साथ कोई लड़ाई नहीं है। यह दो परिवार के सदस्यों के बीच लड़ाई नहीं, विचारधारा की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि यह भाजपा की दमनकारी और गलत नीतियों, भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई है। चुनावी बॉन्ड एक बड़ा घोटाला है। जहां तक बारामती का सवाल है, पीने और कृषि के लिए पानी की उपलब्धता मुख्य मुद्दा है, जिसे मैं उठाउंगी।

सुप्रिया ने दावा किया कि भाजपा नेता बारामती आते हैं और मतदाताओं से शरद पवार को हराने के लिए कहते हैं, लेकिन वे विकास के मुद्दों पर वोट नहीं मांगते। यह कितनी विडंबना है कि भाजपा ने परिवार (पवार) में विभाजन करा दिया और अब उन्हें मेरे ख़िलाफ़ एक महिला (सुनेत्रा पवार) की जरूरत है।

सुप्रिया ने कहा कि भाभी मेरी मां की तरह हैं क्योंकि मैं ऐसे ही संस्कारों में पली-बढ़ी हूं। जैसा कि मैंने बार-बार कहा है कि यह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि विचारधारा की लड़ाई है। सुले ने कहा कि उन्होंने न तो कोई गाली दी है और न ही किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सुप्रिया ने दावा किया कि वह चुनाव को एक चुनौती के रूप में लेती हैं, न कि परिवार या दोस्तों के बीच लड़ाई के रूप में। सुप्रिया ने कहा कि लोकसभा में लोगों ने मेरा प्रदर्शन देखा है। मैं हमेशा संसद में तय की गई नीतियों पर बहस में सक्रिय भागीदार रही हूं। मैं सांसद के रूप में अपने कर्तव्य के साथ-साथ किसी भी चुनाव को कभी भी हल्के में नहीं लेती।

उन्होंने यह भी कहा कि उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। सुप्रिया ने अपने नामांकन के लिए अपनी पार्टी और तीन कार्यकाल तक सेवा करने का मौका देने के लिए बारामती के मतदाताओं को धन्यवाद दिया।



■ गलत नीतियों, भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई

# दृष्टिहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में मतदाता सूचना पत्रक

**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और इसके तहत दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनकी सुविधा के लिए ब्रेल मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी।

महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं प्रधान सचिव एस. चोक्कालिंगम ने शनिवार शाम को यह जानकारी दी। वह लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर मंत्रालय विधानमंडल संवाददाता संघ में आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। संयुक्त सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. किरण कुलकर्णी, सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशक डॉ. राहुल तिडके, संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी मनोहर पारकर और सहायक सचिव एवं उप चुनाव अधिकारी शरद दलवी भी इस मौके पर उपस्थित थे। चोक्कालिंगम ने बताया कि वर्तमान में राज्य के कुल मतदाताओं में लगभग 1,16,518 दृष्टिहीन मतदाता हैं।



लोकसभा आम चुनाव 2024 में दृष्टिहीन मतदाताओं की सुविधा के लिए उन्हें ब्रेल मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही, चुनाव आयोग ने पात्र मतदाताओं के लिए 12डी होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसमें 40 प्रतिशत विकलांगता वाले दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। राज्य भर से 28 मार्च तक 17,850 मतदाताओं के 12डी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 40 प्रतिशत विकलांगता वाले 5,453 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा, आवश्यक सेवाओं में कार्यरत 53 मतदाताओं से 28 मार्च तक 12 डी आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्री चोक्कालिंगम ने बताया कि चुनाव आयोग ने पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए इस चुनाव में 190 प्रतीक उपलब्ध कराये हैं। आयोग ने राज्य में छह राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा चार राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों को मान्यता दी है। इसी तरह, राज्य भर में विभिन्न राजनीतिक दलों के 241 प्रमुख प्रचारकों को अनुमति दी गई है।

# राजद के सभी प्रत्याशी पहली बार अजमा रहे हैं किस्मत

**पटना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी चार सीटों पर इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किए जाएंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इन सभी सीटों पर राजद के उम्मीदवार पहली बार लोकसभा के रण में ताल ठोक रहे हैं। गया (सु) सीट पर इंडी गठबंधन के घटक राजद प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत चुनावी रणभूमि में उतरे हैं। राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बैनर तले चुनाव लड़ रहे हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और इमामगंज (सु) के विधायक जीतनराम मांझी से है। गया (सु) इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा। जमुई (सु) सीट पर इंडी गठबंधन में शामिल राजद ने जमुई (सु) सीट से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है। अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। अर्चना रविदास पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रही हैं। वहीं, राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। अरुण भारती पहली बार लोकसभा के चुनावी रण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

औरंगाबाद संसदीय सीट पर इंडी गठबधन की ओर से राजद ने टेकारी के पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। अभय कुशवाहा ने हाल ही में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के गया जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर राजद की सदस्यता ग्रहण की है। राजग में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर सांसद सुशील कुमार सिंह चुनावी समर में उतरे हैं।

# गौतमबुद्ध नगर में राजनीतिक दलों पर भारी 'नोटा'

**■ लोकसभा चुनाव में दो गुनी रफ्तार से पड़ा नोटा पर वोट, इस बार भी चला नो वोट का कैंपेन**

**नोएडा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। 2009 में गौतमबुद्ध नगर को लोकसभा सीट बनाया गया। इसे पांच विधानसभा सीट मिलकर बनाया गया। प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा और जीता। पार्टियों का दबदबा भी बढ़ा और इसी के साथ राजनीतिक दलों से नाखुश रहले वालों की संख्या में इजाफा हुआ। विगत दो लोकसभा चुनावों में इनकी संख्या दो गुना हो गई। इसें सबसे ज्यादा नाखुश मतदाता नोएडा का है। 2014 लोकसभा चुनाव में नोएडा विधनसभा क्षेत्र में 1879 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। 2019 में ये संख्या बढ़कर दोगुना के पास 3315 हो गई। आलम ये था कि अधिकांश प्रत्याशी भी नोटा के इस अंक तक नहीं पहुंच सके। हालांकि इस बार प्रशासन स्वीप के जरिए मतदाओं को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन राजनीतिक दलों के जीत के बाद बदलता रवैया गौतमबुद्ध नगर वासियों को रास नहीं आ रहा। यही वजह है कि इस बार भी नोएडा ग्रेटरनोएडा की अधिकांश सोसाइटी जिसमें मतदाताओं की संख्या 60 फीसदी है। रजिस्ट्री नहीं होने पर इन लोगों ने 'नो रजिस्ट्री नो वोट' का कैंपेन चला दिया है।

### सोसाइटी के बाहर पोस्टर व बेनर

नोएडा और ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी के बाहर इन लोगों ने पोस्टर और बेनर तक लगा दिए है। अब देखना ये है कि ये लोग नोटा को चुनते है या मतदान करने घर से बाहर ही नहीं निकलते। यदि ऐसा हुआ तो इस बार भी नोटा की संख्या कम होने की बजाए बढ़ेगी। दरअसल सरकार का वादा था कि इस बार सभी फ्लैट मालिकों को रजिस्ट्री होगी। बतौर अमिताभ कांत की सिफारिश लागू की गई। इसके तहत बिल्डरों को कुल बकाया का 25 प्रतिशत रकम जमा करनी थी। इसके बाद भी नोएडा और ग्रेटरनोएडा में महज 75 बिल्डर परियोजना ने सहमति दी।

लेकिन पैसा सिर्फ 200 करोड़ के आसपास ही आया। इससे अब तक मात्र 2000 रजिस्ट्री ही हो सकी। बता दे गौतमबुद्ध नगर में करीब 1.5 लाख फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है और करीब इतने ही लोगों को आशियाना नहीं मिला है। जिनके लिए चुनाव सिर्फ एक जुमला रह गया है। प्रत्याशी यहां आते है और वादा करने चले जाते है। इसलिए एक बार फिर नो रजिस्ट्री नो वोट या फिर नोटा के जरिए ही ये अपना गुस्सा प्रत्याशियों पर निकालेंगे।




### अब जानते हैं 2014 और 2019 लोकसभा में विधानसभा वार नोटा की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | 2014 | 2019 |
|---|---|---|
| नोएडा | 1879 | 3315 |
| दादरी | 628 | 1724 |
| जेवर | 382 | 1067 |
| खुर्जा और सिकंद्राबाद | 947 | 2211 |

### क्या होता है नोटा, इसे भी समझे

साल 2013 में एक याचिका की सुनवाई बाद सुप्रीम कोर्ट ने नोटा विकल्प मतदाताओं को देने का आदेश दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग ने 2013 में ही इसका पालन करना शुरू किया। दरअसल निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आने की स्थिति में मतदाता ईवीएम में नोटा पर वोट कर सकते है।

### अब देखते हैं लोकसभा वार नोटा के आंकड़े

लोकसभा चुनाव 2014 में 3836 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। यानि इन लोगों को किसी भी दल का प्रत्याशी पसंद नहीं था। यह कुल पड़े वोट का 0.32 प्रतिशत था।

लोकसभा चुनाव 2019 में नोटा का बटन दबाने वाले मतदाताओं की संख्या 8371 थी। इन मतदाताओं ने किसी भी दल के पक्ष में मतदान नहीं किया। यह कुल पड़े वोट का 0.60 प्रतिशत था।

2022 के विधानसभा चुनाव में 2463 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। जो कुल पड़े वोट का 0.71 प्रतिशत था।

2017 में 1787 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था।

2014 के उपचुनाव में नोटा का बटन 1846 ने दबाया। यह 1.13 प्रतिशत था।

# कांग्रेस के बिना खजुराहो का कैसा होगा चुनाव!

**भोपाल,** 31 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों में से एक खजुराहो है। इस बार यहां भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला कांग्रेस से नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी से है। यही कारण है कि एक सवाल उठ रहा है कि इस बार आखिर खजुराहो का चुनाव कैसा होगा।

खजुराहो वह संसदीय सीट है, जिसकी भौगोलिक स्थिति में लगातार बदलाव आया है। अब तक लोकसभा के कुल 14 चुनाव हुए हैं, इनमें पांच बार कांग्रेस को जीत मिली है, जबकि नौ बार भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं। इस संसदीय क्षेत्र का कांग्रेस की ओर से प्रतिनिधित्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम सहाय तिवारी, कांग्रेस की दिग्गज नेता विद्यावती चतुर्वेदी और उनके पुत्र सत्यव्रत चतुर्वेदी कर चुके हैं।

**भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी से**

वहीं वरिष्ठ समाजवादी नेता लक्ष्मी नारायण नायक, भाजपा की ओर से उमा भारती और विष्णु दत्त शर्मा ने भी प्रतिनिधित्व किया है। भाजपा ने आगामी चुनाव के लिए यहां से एक बार फिर शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। बीते चार चुनाव में यह पहला अवसर है, जब भाजपा ने किसी व्यक्ति को दोबारा मैदान में उतारा हो।

शर्मा ने पिछला चुनाव लगभग पांच लाख वोटो के अंतर से जीता था। यह संसदीय क्षेत्र कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच हुए समझौते में सपा के खाते में गया है। सपा ने यहां से डॉ. मनोज यादव को मैदान में उतारा है, तो बहुजन समाज पार्टी ने कमलेश पटेल को।

खजुराहो संसदीय क्षेत्र तीन जिलों छतरपुर, पन्ना और कटनी में फैला हुआ है। यहां



विधानसभा की आठ सीटें आती हैं और इन सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इस लोकसभा क्षेत्र में अब तक कांग्रेस ही भाजपा की प्रतिद्वंद्वी रही है, मगर इस बार समाजवादी पार्टी से भाजपा का मुकाबला है।

राष्ट्रीय स्तर पर भले ही कांग्रेस और सपा के बीच समझौता हुआ हो, मगर इससे कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता खुश नहीं हैं। ये कार्यकर्ता सपा के उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगे, यह अभी भी वे तय नहीं कर पा रहे हैं। इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीन विधानसभा सीटें राजनगर, पवई और बड़वारा ऐसी हैं, जहां कभी समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग निर्वाचित हुए हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच करीब का मुकाबला हुआ था और उससे पहले तो कांग्रेस के उम्मीदवार निर्वाचित भी हुए हैं। अब कांग्रेस ने यह सीट समाजवादी पार्टी को दे दी है, इसका असर आगामी चुनाव में साफ नजर आएगा। क्योंकि कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता सपा का प्रचार करने को दिली तौर पर तैयार नहीं हैं। इसका लाभ भाजपा को मिलना तय है।

देशबन्धु

## सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 3.91 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.26 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.21 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 0.50 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.37 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.26 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.26 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में संशोधित बजट अनुमान का 87 प्रतिशत ही किया खर्च

■ उर्वरक सब्सिडी पर भी सरकार का खर्च पिछले साल की तुलना में कम

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए प्रमुख मदों पर सब्सिडी के कुल संशोधित बजट अनुमान का 87 प्रतिशत या 3.6 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। महालेखा महानियंत्रक (सीजीए) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह राशि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में हुए बजट अनुमान के 88 प्रतिशत खर्च के करीब बराबर है।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि फरवरी 2024 तक सरकार का बाह्य वित्तपोषण, संशोधित अनुमान के 148 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले साल फरवरी तक 118 प्रतिशत था। कुल प्रमुख सब्सिडी में खाद्य सब्सिडी पर कुल खर्च, संशोधित अनुमान का 84 प्रतिशत है, जो पिछले साल फरवरी तक 78 प्रतिशत था। विशेषज्ञों का कहना है कि कम खरीद, कम खाद्य सब्सिडी की एक वजह हो सकती है।




पोषक पर आधारित उर्वरक सब्सिडी पर सरकार का खर्च भी पिछले साल की तुलना में कम रहा है। यह फरवरी 2024 तक संशोधित अनुमान का 100 प्रतिशत खर्च हो चुका है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 102 प्रतिशत खर्च हुआ था। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'ऐसा लगता है कि खाद्य और उर्वरक सब्सिडी दोनों पर होने वाले खर्च में बचत होगी। तेल की कीमत कम रहने के कारण उर्वरक के दाम नियंत्रण में रहे हैं।'

बहरहाल सरकार ने पेट्रोलियम सब्सिडी पर अपना व्यय बढ़ा दिया है और फरवरी 2024 तक संशोधित अनुमान का 66 प्रतिशत इस्तेमाल हो चुका है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में आवंटित राशि का सिर्फ 18 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ था। फरवरी 2024 तक यूरिया सब्सिडी पर व्यय संशोधित अनुमान का 89 प्रतिशत रहा है, यह भी पिछले साल की समान अवधि के 104 प्रतिशत की तुलना में कम है।

घाटे की घरेलू स्रोतों से भरपाई के माले में सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में अनुमानित बाजार उधारी का 108 प्रतिशत इस्तेमाल कर लिया है, जो पिछले साल की समान अवधि में 98 प्रतिशत इस्तेमाल हुआ था।

## बैंक ऑफ इंडिया को 1127 करोड़ रुपए का आयकर नोटिस

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की आकलन इकाई से निर्धारण वर्ष 2016-17 से संबंधित 1,127.72 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस मिला है। बैंक को वर्ष 2016-17 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 156 के तहत एक डिमांड नोटिस मिला है, जिसमें कुछ अस्वीकृतियां की गई हैं।




बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि बैंक निर्धारित समय-सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त (अपील), नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। अपीलीय प्राधिकारियों की प्राथमिकता-आदेशों को देखते हुए बैंक का मानना है कि उसके पास मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं। बैंक को उम्मीद है कि मांग कम हो जाएगी। इस प्रकार, बैंक की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह आदेश में उठाई गई 1,127.72 करोड़ रुपए की मांग के खिलाफ आयकर कानून में दी गई रियायत का फायदा उठाएगा।

## इंफोसिस को मिलेगा 6,329 करोड़ रुपए का विंडफॉल टैक्स रिफंड




■ 2022-23 में कंपनी ने 9,214 करोड़ रुपए का आयकर व्यय किया दर्ज

■ आयकर व्यय में वर्तमान एवं स्थगित आयकर शामिल

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी इंफोसिस को आयकर विभाग से विंडफॉल टैक्स रिफंड के रूप में करीब 6,329 करोड़ रुपए जल्द मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने 30 मार्च 2024 को एक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर बाजारों को इसकी जानकारी दी। हालांकि, असेसमेंट ऑर्डर के मुताबिक, कंपनी को 2,763 करोड़ रुपए की कर देनदारी का भी सामना करना पड़ सकता है।

कंपनी ने कहा कि इंफोसिस 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और वर्ष के वित्तीय विवरणों पर इन आदेशों के निहितार्थ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।

असेसमेंट ऑर्डर आयकर अधिनियम, 1961 की विभिन्न धाराओं के अनुसार हैं। उक्त रिफंड, ब्याज सहित, 2007-08 से 2018-19 तक के मूल्यांकन वर्षों से संबंधित हैं। दूसरी ओर, कर देनदारी ब्याज सहित आकलन वर्ष 2022-23 से संबंधित है। इसके अलावा, आकलन वर्ष 2011-12 के लिए, इंफोसिस ने ब्याज सहित 4 करोड़ रुपए की कर मांग की है। 2022-23 में कंपनी ने 9,214 करोड़ रुपए का समेकित आयकर व्यय दर्ज किया, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 7,964 करोड़ रुपए था। आयकर व्यय में वर्तमान और स्थगित आयकर शामिल हैं। दिसंबर में समाप्त तिमाही में कंपनी ने 2,500 करोड़ रुपए से ज्यादा का आयकर व्यय दर्ज किया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य



तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 20 रिंगिट बढ़कर 4328 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12014 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10476 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## सीबीआईसी ने केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों के लिए जारी किए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने या प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले अपने क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्तों की मंजूरी लेनी होगी।

उन्हें पहली बार वस्तुओं-सेवाओं पर शुल्क लगाने के लिए भी क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्तों की मंजूरी लेनी होगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

इन दिशानिर्देशों के अनुसार जब एक करदाता की जांच राज्य जीएसटी और डीजीजीआई अधिकारी कर रहे हैं, तो प्रधान आयुक्त इस संभावना पर विचार करेंगे कि करदाता के संबंध में




■ जांच शुरू होने के एक साल के भीतर जांच पूरी करने की समय सीमा भी तय

सभी मामलों को एक कार्यालय द्वारा आगे बढ़ाया जाए। दिशानिर्देशों में कर अधिकारियों के लिए जांच शुरू होने के एक साल के भीतर जांच पूरी करने की समय सीमा भी तय की गई है।

सीबीआईसी ने आगे कहा कि किसी सूचीबद्ध कंपनी या पीएसयू के संबंध में जांच शुरू करने या उनसे विवरण मांगने के लिए सीजीएसटी अधिकारियों को इकाई के नामित अधिकारी को समन भेजने के बजाय आधिकारिक पत्र जारी करना चाहिए। बोर्ड ने कहा कि इस पत्र में जांच के कारणों का विवरण देना चाहिए और उचित समय अवधि के भीतर दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की मांग करनी चाहिए। इसमें आगे कहा गया है कि कर अधिकारियों को करदाता से वह जानकारी नहीं मांगनी चाहिए, जो जीएसटी पोर्टल पर पहले से ही ऑनलाइन उपलब्ध है।

दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक जांच प्रधान आयुक्त की मंजूरी के बाद ही शुरू की जानी चाहिए। हालांकि, चार श्रेणियों में जांच शुरू करने और कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्त की पूर्व मंजूरी की जरूरत होगी।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

### गूगल दक्षिण कोरिया में बंद करेगा राजनीतिक विज्ञापन

**सोल।** गूगल ने दक्षिण कोरिया में अगले महीने होने वाले आम चुनाव से पहले अपनी सेवाओं पर राजनीति से संबंधित सभी विज्ञापनों को निलंबित करने का फैसला किया है। सूत्रों के मुताबिक, गूगल ने हाल ही में एक नोटिस पोस्ट कर कहा है कि वह दक्षिण कोरिया के चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापनों का समर्थन नहीं करेगा। यह निर्णय यूट्यूब, गूगल सर्च और गूगल प्ले स्टोर सहित सभी गूगल सेवाओं पर समान रूप से लागू होगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्णय मतदाताओं को राजनीतिक विज्ञापनों में संभावित रूप से पक्षपातपूर्ण सामग्री के संपर्क में आने से रोकने के लिए किया गया है। गूगल अपने होमपेज पर यूजर्स को मतदान के तरीकों और मतदाता पंजीकरण साधनों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने के लिए लिंक प्रदान करने की भी योजना बना रहा है। कंपनी उपयोगकर्ताओं को अधिक जानकारी के लिए विश्वसनीय स्रोतों से जोड़ने के लिए चुनाव से संबंधित यूट्यूब सर्च परिणामों से विभिन्न चुनाव-संबंधित सूचना पैनल प्रदान करने की भी योजना बना रही है। साउथ कोरिया में 10 अप्रैल को संसदीय चुनाव होंगे।

### तिब्बत ने लागू किया सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण परियोजना

**बीजिंग।** चीन के तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के सांस्कृतिक अवशेषों के निदेशकों की बैठक से मिली खबर के अनुसार 2023 में तिब्बत ने प्रमुख सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा दिया, परियोजना ट्रैकिंग और पर्यवेक्षण को मजबूत किया, 100 से अधिक राष्ट्रीय और स्वायत्त प्रदेश की सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण विशेष सब्सिडी निधि परियोजनाओं को पूरा करने को बढ़ावा दिया। इससे तिब्बत में सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण और उपयोग के स्तर में उच्च गुणवत्ता वाला सुधार हुआ है।

## आरबीआई , वाहन व पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

■ बीते सप्ताह सेंसेक्स 1.13 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73651.35 अंक पर

■ निफ्टी 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 22326.90 अंक पर रहा

■ वित्त वर्ष 2023-24 घरेलू बाजार के लिए रहा फायदेमंद साल




**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद के बीच स्थानीय स्तर पर रिजर्व बैंक (आरबीआई) के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति मज़बूत होने की बदौलत बीते सप्ताह एक फीसदी से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत निर्णय, वाहन बिक्री और पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 819.41 अंक अर्थात 1.13 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73651.35 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 230.15 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 22326.90 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 520.89 अंक अर्थात 1.34 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 39322.12 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 395.07 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 43166.34 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 घरेलू बाजार के लिए एक फायदेमंद साल रहा। लार्जकैप ने 33 प्रतिशत का पर्याप्त रिटर्न दिया। मिडकैप में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वर्ष के दौरान देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पूर्वानुमान तिमाही आधार पर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई। इस दौरान प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ एमएफ के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों द्वारा रखे गए ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बढ़ती बाजार भागीदारी को रेखांकित करती है। इसके अलावा मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर आर्थिक प्रदर्शन से उत्साहित विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध खरीददारी गतिविधि में सुधार दिखाया।

वहीं, 20 मार्च तक भारी बिकवाली के में साल का अंत धीमी गति से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है क्योंकि लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीददारी गतिविधि में सुधार हुआ है।

अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी डेटा जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े जारी होने वाले हैं। इसके अलावा आरबीआई की अगले सप्ताह 03-05 अप्रैल को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। बाजार सहभागी नीतिगत दरों के संबंध में विशेष रूप से आरबीआई से मिलने वाले संकेतों की बारीकी से निगरानी करेंगे। इसके अलावा बाजार की नज़र 31 मार्च को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही के कंपनियों के परिणाम पूर्वानुमानों पर रहेगी।

बीते सप्ताह होली और गुड फ्राइडे पर अवकाश के कारण बाजार में तीन दिन कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय सेवाएं समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 361.64 अंक की गिरावट लेकर 72,470.30 अंक पर आ गया। साथ ही निफ्टी 92.05 अंक टूटकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में चालू खाता घाटा कम होने से अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब चार प्रतिशत की तेजी से बुधवार को सेंसेक्स छलांग लगाया।

## वित्त वर्ष 24 में स्मॉल कैप शेयरों में 63 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए फायदेमंद साबित हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लार्ज कैप ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया, मिडकैप में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया।



वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में विकास से बाजार को बल मिला। वर्ष के दौरान तिमाही दर तिमाही आधार पर जीडीपी का पूर्वानुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि निफ्टी 50 इंडेक्स के लिए सालाना 23-24 फीसदी ईपीएस पूर्वानुमान के साथ कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई। प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों के ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बाजार में बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि इसके आलावा, मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित एफआईआई ने शुद्ध खरीदारी गतिविधि में सुधार दिखाया। हालांकि, 20 मार्च तक भारी बिकवाली दबाव के साथ, साल का अंत मंदी से हुआ।

## डेल ने की 6 हजार कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। डेल ने हाल ही में अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती की है। यह कटौती कंपनी की लागत कम करने की योजना का हिस्सा है। छ्द्गद्यद्य नए कर्मचारियों की भर्ती भी कम कर रहा है और कर्मचारियों को अलग-अलग विभागों में ट्रांसफर कर रहा है। कंपनी ने यह निर्णय पर्सनल




कंप्यूटर (पीसी) की कम मांग के कारण लिया है। पिछले वर्ष की अंतिम तिमाही में छ्द्गद्यद्य के राजस्व में 11त्न की गिरावट आई थी।

चुनौतियों के बावजूद, डेल को उम्मीद है कि इस साल उसके क्लाइंट सॉल्यूशंस ग्रुप (सीएसजी) में शुद्ध राजस्व में वृद्धि होगी। सीएसजी में डेस्कटॉप, लैपटॉप और टैबलेट जैसे उत्पाद शामिल हैं। हालांकि, डेल को कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। डेल को कच्चे माल और अन्य घटकों के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। छ्द्गद्यद्य वीएमवेयर से अलग हो रहा है, जिससे डेल के राजस्व में कमी आ सकती है।

इसके अलावा, डेल ने एक नई रिटर्न-टू-ऑफिस पॉलिसी भी पेश की है। इस पॉलिसी के तहत, कर्मचारियों को दो कैटेगरी में बांटा गया है। **हाइब्रिड :** ये कर्मचारी कार्यालय और घर से काम करेंगे। **रिमोट :** ये कर्मचारी पूरी तरह से घर से काम करेंगे।

## आज से छोटे व मंझोले उद्योगों को समय पर भुगतान के लिए इनकम टैक्स नियम लागू

■ उद्योग संगठनों ने सरकार से नए भुगतान नियमों के कार्यान्वयन को स्थगित करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को समय पर भुगतान के लिए आयकर नियम सोमवार से अमल में आएगा। इसके तहत कंपनियां अगर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के लिए छोटे और मंझोले उद्योगों को भुगतान 45 दिनों में नहीं करती हैं, तो भुगतान पर कर कटौती का दावा नहीं कर सकेंगी यानी उन्हें अधिक टैक्स का भुगतान करना होगा। वित्त अधिनियम 2023 के माध्यम से पेश आयकर अधिनियम की धारा 43 बी (एच) के अनुसार यदि कोई बड़ी कंपनी छोटे और मंझोले उद्योगों को समय पर भुगतान नहीं करती है तो लिखित समझौतों के मामले में 45 दिनों के भीतर तो वह उस खर्च को अपने कर योग्य आय से नहीं काट सकती है। इससे उन्हें अधिक कर देना पड़ सकता है।

कुछ उद्योग संगठनों ने सरकार से नए भुगतान



भरोसेमंद आपूर्तिकर्ताओं को सिर्फ इसलिए बदलना क्योंकि एक बड़ी कंपनी उन्हें समय पर भुगतान नहीं करना चाहती है, हास्यास्पद है : उद्योग संगठन

नियमों के कार्यान्वयन को स्थगित करने का आग्रह किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज का कहना कि नए नियम में छोटे और मंझोले उद्योगों के लिए पासा पलटने वाला बनने की क्षमता है। छोटे और मंझोले उद्योगों को डर है कि इस प्रावधान के कारण, बड़े खरीदार स्रूस्थ्न आपूर्तिकर्ताओं के प्रति उदासीन हो सकते हैं। वे या तो उन छोटे और मंझोले उद्योगों से खरीदारी शुरू कर सकते हैं जो उद्यम के साथ पंजीकृत नहीं हैं या फिर गैर-छोटे और मंझोले उद्योगों से जरूरत का सामान ले सकते हैं। एफआईएसएमई ने यह स्वीकार किया कि धारा 43बी(एच) ने छोटे और मंझोले उद्योगों और बड़े व्यवसायों दोनों के बीच कुछ आशंकाएं पैदा की हैं। हालांकि 'ऐसी आशंकाएं निराधार हैं।'

उद्योग संगठन ने कहा कि भरोसेमंद आपूर्तिकर्ताओं को सिर्फ इसलिए बदलना क्योंकि एक बड़ी कंपनी उन्हें समय पर भुगतान नहीं करना चाहती है, हास्यास्पद है। किसी भी स्थिति में इस तरह की देरी पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान की स्थिति में कर अगले वर्ष समायोजित किया जा सकता है। यह वाणिज्यिक गतिविधियो में अनुशासन लाएगा। एफआईएसएमई ने कहा कि दूसरी ओर आशंकाओं के बावजूद, धारा 43बी (एच) में छोटे और मंझोले उद्योगों के लिए पासा पलटने वाला बनने की क्षमता है। इसमें कहा गया है कि छोटे और मंझोले उद्योगों को तेजी से भुगतान मिलेगा।

# खेल जगत

## डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे से बाहर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की क्रिकेटर सोफी डिवाइन सोमवार को सेलो बेसिन रिजर्व में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले वनडे मैच में शामिल नहीं होंगी। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार, डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में हुए क्वाड स्ट्रेन से चयन हेतु उपलब्ध होने के लिए पर्याप्त रूप से उबर नहीं पाई हैं। सेडॉन पार्क में दूसरे वनडे के लिए उपलब्ध रहने के लक्ष्य के साथ वह पुनर्वास कार्यक्रम जारी रखेंगी और अगले दो दिनों तक उनकी निगरानी की जाएगी। इसमें कहा गया, डिवाइन की अनुपस्थिति में मेली केर पहले वनडे के लिए टीम की कप्तानी करेंगी।



# अशोक कुमार को मिला हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

## हार्दिक और सलीमा को हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों में प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान

- हार्दिक और सलीमा को बलबीर सी.अवॉर्ड फॉर प्लयेर ऑफ द ईयर 2023
- डा. विभु नायक को हॉकी इंडिया जमन जाल शर्मा अवॉर्ड फॉर इनवेल्युबल कंट्रीब्यूशन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान सेंटर हाफ हार्दिक सिंह (पुरुष) और महिला हॉकी टीम की आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे (महिला) को छठे हॉकी इंडिया 2023 के सालाना अवॉर्डस में रविवार को यहां एक पांच सितारा में हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 से नवाजे पर 25-25 लाख रुपये की इनामी राशि भी दी गई। हार्दिक सिंह को साथ ही हॉकी इंडिया अजित पाल सिंह अवार्ड फॉर मिडफील्डर ऑफ द ईयर पर चुने जाने पर पांच लाख रुपए की इनामी राशि दी गई। अपनी हॉकी की कलाकारी के लिए कलाकार के नाम से ख्यात अपने पिता ध्यानचंद की हॉकी विरासत के सही वारिस अशोक कुमार को हॉकी में वर्षों में असाधारण योगदान करने के लिए सम्मान के रूप में हॉकी इंडिया के मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाज कर सम्मान के रूप में 30 लाख रुपए दिए। हॉकी इंडिया ने अपने छठे अवॉडर्स में देश का दुनिया में हॉकी में मान बढ़ाने वाले अपने सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों, बीते जमाने के धुरंधरों और हॉकी अधिकारियों को सम्मानित किया।

छठे हॉकी इंडिया सालाना अवॉड्र्स 2023 में कुल सात करोड़ 56 लाख रुपए की इनामी विभिन्न विजेता को दी गई। हॉकी इंडिया के 2023 के सालाना अवाडर्स समारोह का उद्घाटन करते हुए हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने सभी हॉकी सितारों और उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस मौके पर भारत की 1975 के हॉकी विश्व कप की विजेता टीम के कप्तान अजित पाल सिंह, फाइनल में जीत के नायक अशोक कुमार सिंह, गोलरक्षक अशोक दीवान और पूर्व हॉकी ओलंपियन जफर इकबाल, जगबीर सिंह मोहिंदर पाल सिंह व रोमियो जेम्स तथा भारत की सीनियर और जूनियर पुरुष हॉकी टीमे भी मौजूद थे।

भारत के कप्तान व ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह, उपकप्तान हार्दिक सिंह, गोलरक्षक पीआर श्रीजेश, स्ट्राइकर अभिषेक, महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया, कप्तान गोलरक्षक सविता और आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे को हॉकी इंडिया 2023 के सालाना अवॉर्डस में दो-दो वर्गों में नामित किया गया था इनमें अकेले हार्दिक ही दोनों वर्गों में अवार्ड जीत पाए। वहीं हरमनप्रीत सिंह हॉकी इंडिया परगट सिंह अवॉर्ड फॉर डिफेंडर ऑफ द ईयर, पीआर श्रीजेश हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवार्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर, अभिषेक हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवार्ड फार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर, सलीमा टेटे हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला,) एक एक वर्ग में अवॉर्ड हासिल कर पाई।





### पिता के नाम पर शुरू मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड पा गौरवान्वित : अशोक

इस मौके पर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मैं अपने पिता के नाम पर हॉकी इंडिया द्वारा दिए जाने मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड को हासिल कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मेरा हमारी भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए यही संदेश है वे अपने कौशल पर भरोसा कर मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ाए। हमारी भारतीय टीम पिछले ओलंपिक के अपने कांस्य पदक के रंग को एकाग्र होकर सुनहरे तमगे में तब्दील करे। हॉकी इंडिया ने हमारे खिलाड़ियों के लिए हॉकी के लिए बेहतरीन कोच से लेकर तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराए और अब यह उनकी बारी है वे देश के श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उसका गौरव बढ़ाए।



### बलबीर सिंह सी. साहब के नाम से शुरू अवॉर्ड पाना गौरव की बात : हार्दिक

वहीं हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष) सहित दो अवार्ड से नवाजे गए हार्दिक सिंह ने कहा कि मेरे लिए बलबीर सिंह सीनियर साहब जैसे देश के महानतम खिलाड़ियों के नाम पर शुरू अवॉर्ड को हासिल करना गौरव की बात है। अब मेरी ही नहीं हमारी भारतीय टीम की जिम्मेदारी है हम बलबीर जी की परंपरा को आगे बढ़ाए। भारतीय हॉकी खिलाडियों को उनकी चोट को अपने इलाज और मार्गदर्शन से जल्द से फिर मैदान में लौटने में अहम योगदान करने वाले वाले ब्रिगेडियर (डॉ.) विभु कल्याण नायक को हॉकी इंडिया जमन जाल शर्मा अवार्ड फार इनवेल्युबल कंट्रीब्यूशन 2023 से नवाजे जाने के साथ डा. विभु कल्याण नायक को पांच लाख रुपए का चेक और एक ट्रॉफी दी गई।

### हॉकी इंडिया के 2023 के सालाना विजेता

- हॉकी में वर्षों में असाधारण योगदान करने के सम्मान के लिए हॉकी इंडिया मेजर
- ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड : अशोक कुमार सिंह (30 लाख रुपए)।
- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)(इनामी राशि 25 लाख रुपए) : सलीमा टेटे।
- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष)(इनामी राशि 25 लाख रुपए): हार्दिक सिंह।
- हॉकी इंडिया असुंता लाकरा अवॉर्ड अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर , महिला अंडर -21 (इनामी राशि दस लाख रुपए): दीपिका सोरेंग।
- हॉकी इंडिया जुगराज सिंह अवॉर्ड अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर , पुरुष अंडर -21 (इनामी राशि दस लाख रुपए): अरिजित सिंह हुंदल।
- हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवॉर्ड फार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर (इनामी राशि पांच लाख रुपए): अभिषेक।
- हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर (इनामी राशि पांच लाख रुपए): पीआर श्रीजेश।
- हॉकी इंडिया परगट सिंह अवॉर्ड फॉर डिफेंडर ऑफ द ईयर (इनामी राशि पांच लाख): हरमनप्रीत सिंह।
- हॉकी इंडिया अजित पाल सिंह अवार्ड फॉर मिडफील्डर ऑफ द ईयर(इनामी राशि पांच लाख रुपए): हार्दिक सिंह।
- हॉकी इंडिया जमन लाल शर्मा अवॉर्ड फॉर वेल्यूएबल कंट्रीब्यूशन 2023: डा. विभु कल्याण नायक को पांच लाख रुपए का चेक और एक ट्रॉफी दी गई।

भारतीय महिला हॉकी की कप्तान सविता के एफआईएच गोलकीपर ऑफ ईयर स्टार अवाडर्स 2023 पाने पर पांच लाख रुपये और हार्दिक सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ ईयर स्टार अवाडर्स 2023 पाने पनर दस लाख रुपए का इनाम दिया गया। साथ ही भारत की 2016 में लखनउ में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने वाली टीम के हर सदस्य को बतौर इनाम पांच पांच लाख रुपये दिए गए। हॉकी इंडिया सलाना अवॉर्डस 2023 का आगाज माइलस्टोन अवॉर्डस 2023 से शुरू हुआ, इसमें विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह नीलकांत शर्मा।

# गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**अहमदाबाद,** 31 मार्च (एजेंसियां)। मोहित शर्मा के 25 रन देकर तीन विकेट और उसके बाद साई सुदर्शन के 45 रन तथा डेविड मिलर की नाबाद 44 रनों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। गुजरात की ऋद्धिमान साहा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले विकेट लिए 36 रन जोड़े। ऋद्धिमान साहा 13 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रनों की पारी खेली। साहा को पांचवें ओवर में शाबाज ने कमिंस के हाथों कैच आउट कराया। शुभमन गिल 28 गेंदों मे दो चौके और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। गिल को मार्कंडेय ने समद के हाथों कैच आउट कराया। साई सुदर्शन ने टीम के लिये 36 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। सुदर्शन को 17वें ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने अभिषेक के हाथों कैच आउट कराया। डेविड मिलर ने तूफानी अंदाज में 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 44 रन बनाये। विजय शंकर 14 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइट्स की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। हैदराबाद की ओर से शाहबाज अहमद, मयंक मार्कंडेय ओर पैट कमिंस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अब्दुल समद और अभिषेक शर्मा की 29-29 रनों की पारियों सहित टीम प्रयास के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद के लिए मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत के तहत पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। उमरजई ने पांचवें ओवर में मयंक को 16 रन पर आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद सातवें ओवर में नूर अहमद ने ट्रैविस को 19 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद जो भी बल्लेबाज पिच आये उन्होंने तेजी से के साथ रन बटोरे। अभिषेक शर्मा ने 20 गेदों में दो चौके और दो छक्कों के साथ 29 रनों की पारी खेली। एडन मारक्रम ने 17 रन बनाये। हाइनरिक क्लासन 13 गेंदों में 24 रन और शाहबाज अहमद 20 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल समद 14 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 29 रनों की पारी खेली। समद आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कप्तान पैट कमिंस दो रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात जायंट्स की ओर से मोहित शर्मा ने तीन विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव,राशिद खान और नूर अहमद ने एक-एक विकेट लिया।



■ ऋद्धिमान साहा 13 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रनों की पारी खेली

## अहिंसा संदेश के साथ मिलिंद सोमन और मंदिरा बेदी सहित हजारों की संख्या में दौड़े लोग

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता मिलिंद सोमन और अभिनेत्री मंदिरा बेदी सहित हजारों की संख्या में लोगों ने रविवार की सुबह 'अहिंसा संदेश' के साथ दौड़ लगाई। आज सुबह यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित 'अहिंसा दौड़' को बॉलीवुड अभिनेता मिलिंद सोमन और



अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आठ हजार अधिक धावक एकत्र हुए। इस अवसर उन्होंने लोगों फिटनेस के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि कुछ समय स्वयं के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन्दगी का मजा लेने के लिए फिट होना जरूरी है। मंदिर बेदी ने कहा कि इस दौड़ में हिस्सा लेकर आप एक बड़े कॉज को सपोर्ट कर रहे हैं। रविवार के दिन ऐसा जमावड़ा देखकर बहुत अच्छा लगा है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने स्वास्थ्य का ख्याल स्वयं नहीं रखेंगे तो कौन रखेगा।

## सार संक्षेप

### तेजस्विन शंकर ने यूएस एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

**केन्सास।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। शंकर का अब तक की तीन प्रतियोगिताओं में सीज़न का सबसे कम प्रयास था। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है। इसके बाद वह चेक गणराज्य में ह्वेज़्डी बनाम नेहविज़डेक, एक इनडोर सिल्वर लेवल मीट में 2.22 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। डिकैथलॉन में एशियन गेम्स 2023 के रजत पदक विजेता, तेजस्विन शंकर पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष अपने पसंदीदा कार्यक्रम ऊंची कूद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने बर्मिंघम में 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। ऊंची कूद में तेजस्विन शंकर ने वर्ष 2018 में 2.29 मीटर छलांग लगाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। पुरुषों की ऊंची कूद के लिए पेरिस 2024 क्वालीफाइंग मानक 2.33 मीटर निर्धारित है।

### लीग शील्ड की ओर बढ़ रही मुम्बई सिटी एफसी को रोकने उतरेगी हैदराबाद एफसी

**हैदराबाद।** मुम्बई सिटी एफसी 1 अप्रैल, सोमवार को गाचीबावली स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के मैचवीक 20 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी। आइलैंडर्स 19 मैचों से 41 अंक अर्जित करके तालिका में शीर्ष पर हैं। मोहन बागान सुपर जायंट 18 मैचों में 39 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। लिहाजा, मुम्बई सिटी एफसी सीजन के इस चरण में कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं कर सकती है। आइलैंडर्स को हैदराबाद एफसी के खिलाफ सावधान रहना होगा, जिसने हाल ही में जायंट किलर का टैग पाया है। थांगबोई सिंग्टो की देखरेख में हैदराबाद ने अपने पिछले मैच में चेन्नइयन एफसी को 1-0 से हराकर अपने 20 मुकाबलों से चली आ रही जीत से अपनी दूरी को समाप्त कर दिया। उनके अनुभवहीन भारतीय दल ने सीजन के दूसरे हाफ में मिलने वाली चुनौती का अच्छी तरह सामना किया है। चेन्नइयन एफसी पर जीत से पहले, हैदराबाद ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-2 से ड्रा खेला था।

## हमें 10 फीसदी सुधार करने की जरूरत : शिखर धवन

**लखनऊ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जाइंट्स के हाथों हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि उनकी टीम जीत की राह पर लौटने के लिए अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करेगी। शनिवार रात यहां 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज धवन और जॉनी बेयरस्टो की अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद पंजाब की बल्लेबाजी लाइन-अप लक्ष्य से 21 रन पीछे रह गई। मैच के बाद बोलते हुए, धवन ने कहा कि हम बैठेंगे और मैच का विश्लेषण करेंगे। हमें अपनी फील्डिंग में सुधार करना होगा और महत्वपूर्ण कैच लेना शुरू करना होगा। अगर हम मौके छोड़ते हैं, तो इससे गति खत्म हो जाती है और ऊर्जा में कमी आती है। हमें भी ऐसा करने की जरूरत है। बेहतर योजनाएं बनाएं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करें। हम करीब हैं लेकिन हमें दस प्रतिशत अधिक करने की जरूरत है। लियाम लिविंगस्टोन को क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगने के कारण, पंजाब को लखनऊ के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम को फिर से व्यवस्थित करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## पूर्व कोच संजय सेन ने 'तथाकथित विदेशी कोचों' पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इस हफ्ते की शुरुआत में गुवाहाटी में 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ ब्लू टाइगर्स की चौंकाने वाली हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक को हटाने की मांग बढ़ रही है, एक पूर्व शीर्ष कोच ने क्रोएशियाई विश्व कप खिलाड़ी को बर्खास्त करने की आवाज उठाई है। एशियाई खेलों और एएफसी एशिया कप में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद स्टिमैक की आलोचना हो रही है, इसके बाद आभा, सऊदी अरब में 158वीं रैंकिंग वाले अफगानिस्तान के खिलाफ गोल रहित ड्रा और 26 मार्च को रिटर्न लेग में गुवाहाटी में 1-2 से हार मिली। 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के पूर्व तकनीकी निदेशक संजय सेन (63), जो बाद में टीम के सहायक कोच बने, ने स्टिमैक के खिलाफ पूरी तरह से हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय फुटबॉल उनकी मदद से एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया है।



मोहन बागान को 13 साल बाद 2014-15 आई-लीग खिताब दिलाने वाले सेन ने हाल के मैचों में राष्ट्रीय टीम की हार के लिए क्रोएशियाई कोच को जिम्मेदार ठहराया।सेन ने कहा कि अगर स्टिमैक की जगह कोई भारतीय कोच होता, तो वह बहुत पहले ही अपनी नौकरी खो देता। यह सब हमारे द्वारा विदेशी कोचों को खुश करने के कारण है। यह सोचकर कि भारत को एक विदेशी कोच से क्या हासिल हुआ, सेन ने कहा कि मुझे नहीं पता कि हमें मिला या नहीं। क्या फुटबॉल का स्तर सुधर गया है? मुझे नहीं पता। मेरी मामूली समझ में, मुझे लगता है कि भारतीय फुटबॉल इन तथाकथित विदेशी कोचों की मदद से एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पायी है, चाहे वह स्टीफन कॉन्सटेंटाइन हों, या इगोर स्टिमैक। मुझे यह भी लगता है कि बॉब हॉटन के बाद कोई भी सक्षम विदेशी कोच भारत नहीं आया है। यदि हम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को देखें, तो अधिकांश टीमों के पास अपना राष्ट्रीय कोच होता है। जर्मन दिग्गज जुर्गन क्लिंसमैन जैसे कद के कोच के साथ एशिया कप के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जॉर्डन से हार गया।

# राजस्थान का विजय रथ रोक पाएगी मुंबई

## मुंबई को अपने पिछले मैच में एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से हार झेलनी पड़ी थी



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सोमवार को मुंबई इंडियंस अपने घर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। मुंबई को इस सीजन की पहली जीत की तलाश है तो वहीं राजस्थान इस समय विजय रथ पर सवार है। क्या मुंबई की टीम राजस्थान को विजय रथ से नीचे उतार पाएगी? यह सवाल इस समय सबके मन में है। मुंबई को अपने पिछले मैच में एक हाई स्कोरिंग मुक़ाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि उनकी सलामी जोड़ी रोहित शर्मा और इशान किशन ने एक तेज़ शुरुआत दी थी। मुंबई को इस मैच में भी अपनी सलामी जोड़ी से उम्मीद होगी लेकिन, राजस्थान के पास भी ऐसे दो गेंदबाज़ हैं जो मुंबई की सलामी जोड़ी को परेशान कर सकते हैं। आवेश ख़ान ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ डेथ में बढ़िया गेंदबाज़ी थी। हालांकि आवेश के पास इस मैच की शुरुआत में अपनी छाप छोड़ने का मौक़ा होगा। आवेश ने आईपीएल में तीन बार रोहित का सामना किया है और दो बार उन्हें पवेलियन चलता करने में सफल हुए हैं। हालांकि उन्होंने किशन को अब तक आईपीएल में सिर्फ़ एक ही गेंद डाली है। रविचंद्रन अश्विन ने किशन को आईपीएल में एक ही बार आउट ज़रूर किया है लेकिन किशन अश्विन की 63 गेंदों पर 57 रन ही बना पाए हैं। हालांकि रोहित को उन्होंने इस मंच पर तीन बार अपना शिकार बनाया है और अश्विन के ख़िलाफ़ रोहित का स्ट्राइक रेट भी 100 के नीचे है। ऐसे में संभव है कि अगर रोहित तेज़ शुरुआत करें तो राजस्थान अश्विन को पावरप्ले में ही रोहित के सामने आक्रमण पर ले आए। हालांकि रोहित को सबसे ज़्यादा ख़तरा संदीप शर्मा से है। संदीप ने आईपीएल में पांच बार रोहित को अपना शिकार बनाया है और रोहित ने उनकी 44 गेंदों पर 38 रन बनाए हैं। विवादों में चल रहे मुंबई के नए कप्तान हार्दिक पांड्या का फॉर्म इस समय मुंबई के लिए चिंता का विषय है। हार्दिक मुंबई को अश्विन से छुटकारा दिला सकते हैं। हार्दिक भले ही इस समय अपने फ़ॉर्म की तलाश में हों लेकिन उन्होंने आईपीएल में अश्विन की 44 गेंदों पर 70 रन बनाए हैं और अश्विन हार्दिक को एक बार भी आउट नहीं कर पाए हैं। हालांकि ट्रेंट बोल्ट ने हार्दिक को आईपीएल में एक बार आउट ज़रूर किया है लेकिन हार्दिक ने उनकी 23 गेंदों पर 40 रन भी बनाए हैं।

आईपीएल 2024



## मैं कश्मीर और अपने देश का नाम जरूर रौशन करूंगी: इरशाद

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू-कश्मीर के सोपोर के पजलपोरा गांव की 9 साल की एक बच्ची का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया था, जिसमें हुरमत इरशाद भट क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, वह मैदान पर शानदार शॉट और चौके-छक्के भी लगा रही हैं। सचिन तेंदुलकर द्वारा वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद सोपोर की हुरमत इरशाद भट के खेल का हर कोई फैन हो गया है और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर हुरमत इरशाद भट की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। हुरमत ने बताया कि वह कक्षा तीन में पढ़ती है, साथ ही मैदान में लड़कों के साथ क्रिकेट भी खेलती है। उसका वायरल वीडियो सचिन तेंदुलकर ने देखा और शेयर किया। हुरमत ने कहा कि मुझे क्रिकेट खेलने का बहुत शौक है।